kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-41 ❒ बुधवार, 11 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




मैं पश्चिम बंगाल के अपने सभी भाई-बहनों को शुभकामनाएं देता हूं। राज्य में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और हिंसामुक्त होंगे।
ज्ञानेश कुमार


‘मिलिट्री विजन डॉक्यूमेंट’ रोडमैप जारी 11

नीतीश कुमार ने किया 569 करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन 12


## संक्षेप

### आंगनबाड़ी से पैसे मांगने के आरोप में एटा के सीडीओ निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में तैनात मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) नागेंद्र नारायण मिश्रा को कथित भ्रष्टाचार के मामले में शासन स्तर से निलंबित कर दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से पैसे मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। साथ ही शासन ने पूरे मामले की जांच के निर्देश भी दिए हैं। वायरल वीडियो में सीडीओ नागेंद्र नारायण मिश्रा जिला समन्वयक संजीव पचौरी से प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र से 10 हजार रुपये की व्यवस्था कराने की बात कहते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वह कहते सुनाई दे रहे हैं, हर आंगनबाड़ी से 10 हजार रुपये चाहिए। आप अपने आदमी हैं पचौरी, पैसे दिलवाइए। बताया जा रहा है कि जिला समन्वयक संजीव पचौरी ने इस मांग को मानने से इनकार कर दिया और किसी भी प्रकार के पैसे के लेनदेन में शामिल होने से मना कर दिया। इसके बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और मामला शासन तक पहुंच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर सीडीओ नागेंद्र नारायण मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

### मजबूत प्रतिरोधक ढांचे की दिशा में आगे बढ़ रही है सेना : जनरल द्विवेदी

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय सेना ’’एक नए युग की दहलीज पर खड़ी है, जो तकनीकी प्रगति, संगठनात्मक लचीलेपन और आत्मनिर्भरता से परिभाषित है’’ और जिसकी आधारशिला ’’सत्य, विश्वास और पारदर्शिता’’ जैसे मूल्यों पर टिकी है। जनरल द्विवेदी ने सिकंदराबाद स्थित कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट की यात्रा के दौरान 21वें हायर डिफेंस मैनेजमेंट कोर्स के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से मिले अनुभव यह दर्शाते हैं कि भारत ’’प्रतिक्रियात्मक सुरक्षा रुख से सक्रिय प्रतिरोधक ढांचे’’ की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने भविष्य के संघर्षों में ’’बहु-क्षेत्रीय अभियानों, डेटा-केंद्रित युद्ध और मानव रहित प्रणालियों’’ का प्रभावी उपयोग करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस दौरान उन्होंने संस्थान के सिम्युलेटर डेवलपमेंट डिवीजन में भारतीय सेना के लिए उन्नत प्रशिक्षण समाधान विकसित करने के उद्देश्य से तैयार की जा रही स्वदेशी तकनीकी नवाचारों की भी समीक्षा की।
जनरल द्विवेदी ने बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप सेना के परिवर्तन के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने सेना के आधुनिकीकरण को दिशा देने वाले परिवर्तन के पाँच स्तंभ बताए जिनमें प्रौद्योगिकी समावेशन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एकीकरण, संगठनात्मक पुनर्गठन और सेना का आधुनिकीकरण, मानव संसाधन विकास और नेतृत्व, तीनों सेनाओं का एकीकरण और संयुक्तता और स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता शामिल है।

# कर्मचारियों की संपत्ति घोषणा अनिवार्य

## कैबिनेट में 30 प्रस्तावों को मंजूरी, ग्रामीण बस सेवा और रजिस्ट्री व्यवस्था में बदलाव

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- ❒ नए शहरों के विकास को रफ्तार, 8 शहरों को पहले चरण के लिए 25 करोड़
- ❒ यमुना एक्सप्रेसवे मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिए भूमि सब्सिडी
- ❒ टीआई मेडिकल्स 215 करोड़ रुपये का निवेश कर स्थापित करेगी चिकित्सा उपकरण निर्माण इकाई
- ❒ उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन को कैबिनेट की मंजूरी
- ❒ बुंदेलखंड में डेयरी क्षमता बढ़ाने की परियोजनाओं को मिली मंजूरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें सरकारी कर्मचारियों की संपत्ति और निवेश पर सख्ती, प्रॉपर्टी रजिस्ट्री में पारदर्शिता, ग्रामीण परिवहन सेवा का विस्तार तथा आवास योजनाओं से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं।

कैबिनेट बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्रियों ने फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की चल-अचल संपत्ति की वार्षिक घोषणा अनिवार्य कर दी है। अब सभी कर्मचारियों को हर वर्ष अपनी संपत्ति का विवरण देना होगा।

इसके साथ ही यदि कोई कर्मचारी अपने छह महीने के मूल वेतन से अधिक राशि शेयर या स्टॉक मार्केट में निवेश करता है, तो उसे इसकी जानकारी देनी होगी। ऐसे मामलों में जांच अनिवार्य होगी और दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सरकार का कहना है कि इस कदम से पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने बताया कि अब प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से पहले विक्रेता की पहचान और मिल्कियत की पूरी जांच खतौनी के आधार पर की जाएगी। बिना खतौनी सत्यापन के रजिस्ट्री नहीं होगी। विक्रेता के लिए अपनी मिल्कियत खतौनी में दर्ज कराना अनिवार्य होगा। साथ ही स्टाम्प शुल्क सर्किल रेट के आधार पर ही लिया जाएगा और नगर निगम क्षेत्रों में 2 प्रतिशत अतिरिक्त विकास शुल्क भी लगाया जाएगा।

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना 2026 को भी मंजूरी दी है। इस योजना के तहत प्रदेश की सभी 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण इलाकों में परिवहन सुविधा मजबूत करने के लिए 28 सीटों वाली छोटी बसें चलाई जाएंगी।

इसके अलावा ओला-उबर जैसी एग्रीगेटर कंपनियों के संचालन के लिए भी नए नियम लागू किए गए हैं। अब इन कंपनियों को परिवहन विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए 25 हजार रुपये आवेदन शुल्क और 5 लाख रुपये लाइसेंस शुल्क देना होगा, जबकि हर पांच वर्ष में 5 हजार रुपये देकर लाइसेंस का नवीनीकरण कराना होगा। आवास से जुड़े फैसलों में पीएम आवास योजना के तहत लाभार्थियों के लिए घर की अधिकतम लागत सीमा 6.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 9 लाख रुपये कर दी गई है। इसके अलावा कांशी राम योजना के खाली या अवैध कब्जे वाले मकानों से कब्जेदारों को हटाकर उनकी मरम्मत और रंगाई-पुताई कराई जाएगी तथा उन्हें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पात्र परिवारों को आवंटित किया जाएगा। सरकार का कहना है कि इन फैसलों से प्रशासनिक पारदर्शिता, ग्रामीण कनेक्टिविटी और आवास सुविधाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार बरेली, वाराणसी, उरई, चित्रकूट, बांदा, प्रतापगढ़, गाजीपुर और मऊ में नए शहरों के समग्र विकास के लिए सीड कैपिटल के रूप में यह धनराशि जारी की जाएगी। योजना के तहत भूमि अर्जन में आने वाले खर्च का अधिकतम 50 प्रतिशत तक राज्य सरकार सीड कैपिटल के रूप में उपलब्ध कराती है, जिसे अधिकतम 20 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के लिए कुल 3000 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें से पहले चरण में 425 करोड़ जारी किए जाएंगे। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार कंपनी को अनुमन्य सब्सिडी के तहत 14.77 करोड़ रुपये की राशि प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जाएगी। यह राशि केंद्र सरकार की मेडिकल डिवाइस पार्क ● शेष पेज 11 पर

### यूपी में अब ओला, उबर को भी कराना होगा पंजीकरण

**लखनऊ।** योगी सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को देखते हुए परिवहन से जुड़ा बड़ा फैसला लिया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यूपी में अब ओला व उबर को भी पंजीकरण कराना होगा। परिवहन मंत्री ने मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 93 का जिक्र किया और बताया कि भारत सरकार ने 1 जुलाई 2025 को नियमावली में संशोधन किया है। भारत सरकार के नियम को उत्तर प्रदेश भी अपनाएगा। ओला-उबर पर पहले नियंत्रण नहीं था, लेकिन अब इन्हें भी पंजीकरण कराना पड़ेगा। आवेदन, लाइसेंस और रिन्युअल शुल्क भी देना होगा। कौन गाड़ी चला रहा है, यह अभी तक हम नहीं जान पाते थे। इनका ड्राइवर का मेडिकल, पुलिस वेरिफिकेशन तथा फिटनेस टेस्ट आदि भी कराएंगे।

# ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को रोकता है, तो उस पर भयानक हमला होगा : ट्रंप

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को ईरान को चेतावनी दी कि यदि उसकी सेनाएं होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से होने वाले तेल के परिवहन को रोकती हैं, तो उन पर ‘बीस गुना अधिक भयानक‘ हमला किया जाएगा। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, ’’अगर ईरान ऐसा कुछ भी करता है जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य के भीतर तेल का प्रवाह रुकता है, तो अमेरिका उन पर अब तक हुए हमलों की तुलना में बीस गुना अधिक जोर से हमला करेगा।’’ उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, अमेरिका आसानी से नष्ट होने वाले लक्ष्यों को खत्म कर देगा, जिससे ईरान के लिए एक राष्ट्र के रूप में फिर से खड़ा होना लगभग असंभव हो जाएगा।

श्री ट्रंप ने इस चेतावनी को ‘ अमेरिका की ओर से चीन और उन सभी देशों के लिए एक उपहार‘ बताया जो होर्मुज जलडमरूमध्य का काफी उपयोग करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस ‘पहल‘ की काफी सराहना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 10 मार्च तक होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग में वाणिज्यिक यातायात लगभग पूरी तरह से ठप हो गया है। हालांकि औपचारिक रूप से इसे बंद करने की कोई घोषणा नहीं की गई है, लेकिन अत्यधिक जोखिमों के कारण बीमा कंपनियों द्वारा बीमा रद्द करने के कारण इस मार्ग पर यातायात प्रभावी रूप से बंद हो गया है। मार्सक, सीएमए सीजीएम और हैपग-लॉयड जैसी प्रमुख परिवहन कंपनियों ने इस मार्ग से आवाजाही को स्थगित कर दिया है और जहाजों को ‘केप ऑफ गुड ● शेष पेज 11 पर


### अमेरिका से बातचीत का अनुभव ‘कड़वा‘, अब वार्ता संभव नहीं: अराघची

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका के साथ बातचीत का अनुभव ‘कड़वा’ रहा है और अब उसके साथ नए सिरे से कूटनीतिक वार्ता की संभावना नहीं है। श्री अराघची ने पीबीएस को दिए एक साक्षात्कार में अमेरिका पर बार-बार विश्वासघात और सैन्य आक्रामकता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि अमेरिकियों से बातचीत या उनके साथ बातचीत करने का सवाल अब एजेंडे में होगा। हमारे लिए यह अनुभव बहुत कड़वा रहा है। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने पिछले वर्ष जून में अमेरिका के साथ अच्छे इरादे से बातचीत शुरू की थी, लेकिन बातचीत के दौरान ही उस पर हमला कर दिया गया। श्री अराघची के अनुसार इस वर्ष भी अमेरिका ने यह भरोसा दिलाया था कि वह हमला नहीं करेगा और ईरान के परमाणु मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान चाहता है। विदेश मंत्री ने कहा कि तीन दौर की बातचीत ● शेष पेज 11 पर

# जल जीवन मिशन का होगा विस्तार

एजेंसी

❒ दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी, केंद्र और 1.51 लाख करोड़ रुपये देगा



नयी दिल्ली। मंत्रिमंडल ने केंद्र की ओर से 1.51 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन के प्रस्ताव के साथ जल जीवन मिशन (जेजेएम) कार्यक्रम को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है जिसमें जेजेएम 2.0 के तहत ग्रामीण पेयजल आपूर्ति क्षेत्र में बुनियादी सुधार कर इसे पेयजल वितरण सेवा पर केंद्रित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल के इस निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि संरचनात्मक सुधारों के साथ जेजेएम को दिसंबर 2028 तक बढ़ाया गया है। इसके लिए मंत्रिमंडल ने इस कार्यक्रम पर कुल परिव्यय को बढ़ाकर 8.69 लाख करोड़ रुपये करने की मंजूरी दी है, जिसमें कुल केंद्रीय सहायता 3.59 लाख करोड़ रुपये है। वर्ष 2019-20 में इसके लिए केंद्र की ओर से 2.08 लाख करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये थे। इस तरह केंद्र ने अपनी ओर से इसमे अब 1.51 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता मंजूर की है। उन्होंने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय जल जीवन मिशन (जेजेएम) के कार्यान्वयन को अब बुनियादी ढांचे के निर्माण की जगह सेवा वितरण की ओर मोड़ने की बात कही है। इसके तहत ग्रामीण पेयजल व्यवस्था और गावों में पाइपलाइन ● शेष पेज 11 पर

### विवादित अध्याय पर एनसीईआरटी ने मांगी बिना शर्त माफी, सामाजिक विज्ञान की किताब वापस ली

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक और सदस्यों ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक समाज की खोजः भारत और उससे आगे के एक विवादित अध्याय को लेकर मंगलवार को बिना शर्त और बिना किसी योग्यता के सार्वजनिक माफी मांगी है। विवाद पुस्तक के अध्याय-4 हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका को लेकर हुआ, जिसमें न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े संदर्भों का उल्लेख किया गया था। एनसीईआरटी ने कहा है कि यह पूरी पुस्तक अब वापस ले ली गई है और फिलहाल उपलब्ध नहीं है। एनसीईआरटी की ओर से जारी बयान में कहा गया, असुविधा के लिए हमें गहरा खेद है और हम सभी हितधारकों की समझदारी की सराहना करते हैं। एनसीईआरटी शैक्षणिक सामग्री में सटीकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बताया जा रहा है कि अध्याय में न्यायपालिका में लंबित मामलों और न्यायिक ● शेष पेज 11 पर

# सरकार ने प्राकृतिक गैस पर लगाया एस्मा, उद्योगों को आपूर्ति में होगी कटौती

एजेंसी




नयी दिल्ली। सरकार ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आयी बाधाओं को देखते हुए देश में रसोई गैस (एलपीजी) का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पर आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) लगा दिया है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश, 2026 के अनुसार, घरेलू पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की आपूर्ति, परिवहन के लिए सीएनजी की आपूर्ति, एलपीजी उत्पादन, और पाइपलाइन कॉम्प्रेशर फ्यूल तथा अन्य अनिवार्य पाइपलाइन परिचालन जरूरतों को प्राथमिकता सेक्टर-1 में रखा गया है। इन उपभोक्ताओं को पिछले छह महीने की औसत के बराबर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। वहीं अन्य क्षेत्रों के लिए आपूर्ति में कटौती की जायेगी।

इस संबंध में जारी गजट अधिसूचना में कहा गया है कि ’’पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष’’ के मद्देनजर ’’वितरण में समानता और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से’’ यह आदेश जारी किया गया है। उर्वरक संयंत्रों को प्राथमिकता सेक्टर-2 में रखा गया है। उन्हें पिछले छह महीने की औसत के 70 प्रतिशत तक आपूर्ति की जायेगी। साथ ही यह पाबंदी होगी कि वे इसका इस्तेमाल किसी और उद्देश्य के लिए नहीं कर सकेंगे। प्राथमिकता सेक्टर-3 में चाय उद्योग, विनिर्माण संयंत्रों तथा अन्य औद्योगिक उपभोक्ताओं को रखा गया है। वे पिछले छह महीने की औसत के 80 प्रतिशत तक इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सिटी गैस वितरकों को दी गयी है। पेट्रो रसायन संयंत्रों और विद्युत संयंत्रों को भी गैस की आपूर्ति में पूरी तरह या आंशिक तौर पर कटौती की जायेगी। सरकार ने सभी तेल शोधन कंपनियों को एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए कहा है ताकि आम लोगों के लिए इसकी कमी न हो। अन्य उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में कटौती करते इसे एलपीजी उत्पादन में इस्तेमाल किया जायेगा। तेल शोधन कंपनियों से पिछले छह महीने के उपभोग के 65 प्रतिशत तक ही गैस का इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि भारतीय गैस प्राधिकरण (गेल) और पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के समन्वय में दिये गये निर्देशों के अनुरूप प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का प्रबंध करेगी। पीपीएसी गैर-प्राथमिकता वाले ● शेष पेज 11 पर

# गर्मी की आहट के साथ बिजली की पीक डिमांड की आहट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गर्मी के मौसम में बिजली की पीक डिमांड के नए रिकॉर्ड बनने की संभावना जताई जा रही है। उत्तर प्रदेश में मार्च महीने में ही 22 हजार मेगावाट पीक डिमांड एक-दो दिन में दर्ज होने की संभावना है। अधिकृत आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में देश में अधिकतम बिजली मांग 2,15,888 मेगावाट दर्ज की गई थी, जिसमें से 2,07,231 मेगावाट की आपूर्ति की जा सकी और 8,657 मेगावाट (करीब चार प्रतिशत) की कमी रही। वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह मांग बढ़कर 2,43,271 मेगावाट हो गई, जिसमें 2,39,931 मेगावाट की आपूर्ति की गई और 3,340 मेगावाट (1.4 प्रतिशत) की कमी दर्ज हुई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश में अधिकतम बिजली मांग 2,49,856 मेगावाट तक पहुंच गई और लगभग पूरी मांग की पूर्ति हो गई, जबकि मात्र दो मेगावाट की नगण्य कमी रही।

चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी 2026 तक देश में अधिकतम बिजली मांग 2,45,444 मेगावाट दर्ज की गई, जिसमें से 2,45,416 मेगावाट की आपूर्ति की गई और केवल 28 मेगावाट की कमी रही। उत्तर प्रदेश में भी पीक डिमांड तेजी से बढ़ रही है। मार्च 2025 में प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग 26 मार्च को 21,869 मेगावाट दर्ज की गई थी। वहीं मार्च 2026 में अब तक की अधिकतम मांग 9 मार्च को 21,307 मेगावाट रही है और मौजूदा रुझानों को देखते हुए आने वाले एक-दो दिनों में यह 22,000 मेगावाट तक पहुंच सकती है।

# यूसीसी लागू करने का समय आ गया: सुप्रीम कोर्ट


## संसद फैसला करे, शरियत कानून में सुधार की जल्दबाजी न करें, इससे नुकसान की संभावना

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शरियत कानून 1937 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि समान नागरिक संहिता पर विचार का समय आ गया है, लेकिन अदालत ने इसे संसद के अधिकार क्षेत्र का विषय बताया।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूजीसी) पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में अब इस विषय पर लंबित से विचार करने का समय आ गया है। हालांकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शरीयत कानून की धाराओं को रद्द करने जैसे संवेदनशील मुद्दे पर अंतिम फैसला लेना विधायिका का अधिकार क्षेत्र है।

मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने की, जिसमें जॉयमाल्या बागची और आर. महादेवन भी शामिल थे। पीठ 1937 के मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी,



जिसमें इन्हें मुस्लिम महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताया गया है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि न्यायालय शरियत कानून के उत्तराधिकार संबंधी प्रावधानों को रद्द कर देता है, तो इससे एक कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाला कोई अन्य स्पष्ट कानून मौजूद नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा कि सुधार की जल्दबाजी में ऐसा कदम उठाना उचित नहीं होगा जिससे महिलाओं को वर्तमान से भी कम अधिकार मिल जाएं। उन्होंने पूछा कि यदि 1937 का शरियत कानून समाप्त हो जाता है तो उसके स्थान पर क्या व्यवस्था लागू होगी।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने भी कहा कि याचिका में भेदभाव का मुद्दा मजबूत है, लेकिन इस विषय पर निर्णय लेना संसद के लिए अधिक उपयुक्त होगा, क्योंकि संविधान के नीति-निर्देशक सिद्धांतों में समान नागरिक संहिता लागू करने का दायित्व विधायिका को दिया गया है। अदालत ने यह भी कहा कि पहले भी कई बार न्यायालय संसद से समान नागरिक संहिता लागू करने पर विचार करने की सिफारिश कर चुका है। पीठ के अनुसार, सामाजिक और व्यक्तिगत कानूनों में व्यापक सुधार के लिए विधायी प्रक्रिया ही सबसे उपयुक्त रास्ता है। इस दौरान अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि अदालत यह घोषणा कर सकती है कि मुस्लिम महिलाओं को पुरुषों के बराबर उत्तराधिकार अधिकार मिलना चाहिए। उनका तर्क था कि यदि शरियत कानून की विवादित धाराएं हटाई जाती हैं तो ऐसे मामलों में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम लागू किया जा सकता है।

### सरकार कोविड वैक्सीन से नुकसान का मुआवजा दे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को कोविड वैक्सीनेशन से जुड़ी याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार वैक्सीनेशन के साइड इफ़ेक्ट्स का मुआवजा दे। इसके लिए वह नो-फॉल्ट कंपनसेशन पॉलिसी बनाए। नो-फॉल्ट कम्पनसेशन पॉलिसी का मतलब है कि अगर किसी व्यक्ति को दवा या वैक्सीन से नुकसान हो जाए, तो उसे मुआवजा मिल सकता है, भले ही इसमें किसी की गलती साबित न हुई हो। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने यह भी कहा कि वैक्सीनेशन के साइड इफ़ेक्ट्स की मॉनिटरिंग के लिए मौजूदा सिस्टम जारी रहेगा। इसके लिए अलग से एक्सपर्ट पैनल बनाने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने रचना गंगू और वेणुगोपालन गोविंदन की 2021 में दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनकी बेटियों की मौत कोविड वैक्सीन के साइड इफ़ेक्ट्स के कारण हुई थी। वैक्सीन के साइड इफ़ेक्ट्स से जुड़े आंकड़े समय-समय पर पब्लिक डोमेन में रखा जाएगा। इस फैसले का मतलब यह नहीं होगा कि व्यक्ति दूसरे कानूनी उपायों का सहारा नहीं ले सकता। मुआवजा नीति का यह मतलब नहीं होगा कि सरकार या किसी दूसरी अथॉरिटी ने अपनी गलती मान ली है। पिछले साल 13 नवंबर को इन याचिकाओं पर लंबी बहस हुई थी। इसके बाद जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा था कि कोर्ट के साथ-साथ दूसरे मुद्दों पर भी फैसला करेगा। जस्टिस नाथ ने आदेश सुरक्षित रखते हुए कहा था- ’’हम तय करेंगे कि समिति का गठन किया जाना है या नहीं, क्या निर्देश जारी किए जाने हैं। हम हर चीज की बारीकी से जांच करेंगे। इससे पहले

# रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास निर्माण की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ मऊ में आवागमन सुविधा बढ़ाने के लिए ए.के. शर्मा ने रेल मंत्री को लिखा पत्र



लखनऊ/मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने जनपद मऊ में आमजन की सुविधा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर महत्वपूर्ण रेलवे क्रॉसिंगों पर अंडरपास निर्माण कराए जाने का अनुरोध किया है। पत्र में जनहित को प्राथमिकता देते हुए मऊऽशाहगंज रेलखंड के विभिन्न स्थानों पर अंडरपास या रेल फाटक बनाए जाने की आवश्यकता का उल्लेख किया गया है।

पत्र में बताया गया है कि मऊ-शाहगंज रेलखंड पर हैदरनगर और अलीनगर को जोड़ने वाले मार्ग पर अंडरपास न होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन के लिए लगभग 5 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। इससे क्षेत्र के हजारों लोग प्रतिदिन प्रभावित होते हैं और उन्हें अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनहित में इस स्थान पर अंडरपास निर्माण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

इसके साथ ही बरलाई-खानपुर मार्ग स्थित ठकुरमनपुर रेलवे लाइन के (5सी) फाटक पर भी अंडरपास निर्माण की मांग की गई है। अंडरपास न होने के कारण स्थानीय लोगों को लगभग 8 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है और अंडरपास बनने से खानपुर, बरलाई, अछार, हकीकतपुर वार्ड, ठकुरमनपुर और काझाखुर्द सहित आसपास के गांवों की लगभग 15 हजार आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।

इसके अलावा संपर्क संख्या 14सी, 25सी और 27सी पर भी रेल फाटक अथवा अंडरपास बनाए जाने की आवश्यकता बताई गई है। इन मार्गों का उपयोग प्रतिदिन हजारों लोग करते हैं। साथ ही दुर्गा पूजा, लक्ष्मी पूजा और मोहम्मदी जैसे धार्मिक आयोजनों व जुलूसों के दौरान भी इन्हीं रास्तों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है, जिससे सुरक्षित और सुगम आवागमन की व्यवस्था आवश्यक हो जाती है। इस संबंध में रेल मंत्री से दूरभाष पर भी वार्ता की गई, जिसमें प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्रवाई करने और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर कार्य आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया गया। इसके साथ ही इंदारा-अदरी रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का हाल ही में रात्रि में निरीक्षण किया गया। रात्रि में भी चल रहे कार्य को देखकर संतोष व्यक्त किया गया और उम्मीद जताई गई कि यह पुल लगभग एक वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा।

## यूपीएसटीडीसी की पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

# शुरू होगी इको टूरिज्म वैन सेवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ पहले चरण में मथुरा, वाराणसी और लखनऊ में शुरू होगी इको टूरिज्म वैन सेवा, पर्यटकों को मिलेगा अनोखा अनुभव

❒ वन डिस्ट्रिक्ट, वन क्यूज़ीन योजना से जुड़ेगी इको-टूरिज्म वैन सेवा, पर्यटकों को मिलेगा स्थानीय व्यंजनों का स्वाद



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) जल्द ही पर्यटन को नई दिशा देने वाली अनूठी पहल शुरू करने जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए इको टूरिज्म वैन सेवा शुरू की जाएगी। परियोजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इस क्रम में पहले चरण में मथुरा, वाराणसी और लखनऊ में इस सेवा की शुरुआत होगी। इन शहरों के फीडबैक के आधार पर इको टूरिज्म वैन सेवा को राज्य के अन्य जिलों में भी विस्तारित किया जाएगा। यूपीएसटीडीसी की इको टूरिज्म वैन सेवा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सतत पर्यटन की अवधारणा को साकार करेगी। इससे एक ओर पर्यटकों को अनोखा अनुभव मिलेगा, तो वहीं दूसरी ओर यह सेवा कार्बन फुटप्रिंट कम करने की दिशा में भी सार्थक कदम साबित होगी।

यूपीएसटीडीसी पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इको टूरिज्म वैन सेवा की शुरुआत कर रहा है। यह पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के साथ पर्यटन यात्रा का अनोखा अनुभव भी प्रदान करेगी। इको वैन में आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनके माध्यम से पर्यटक यात्रा के दौरान ऐतिहासिक स्थलों, सांस्कृतिक धरोहरों और प्राकृतिक सुंदरता का वर्चुअल अनुभव ले सकेंगे। साथ ही इको टूरिज्म वैन में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाएगा। यह पर्यटकों की सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेगा। वहीं टिकट बुकिंग के लिए डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी दी जाएगी।

यूपीएसटीडीसी इको-टूरिज्म वैन सेवा के साथ मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी वन डिस्ट्रिक्ट, वन क्यूज़ीन योजना को भी जोड़ेगा। इसके माध्यम से पर्यटकों को पर्यटन क्षेत्र के स्थानीय और पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर मिलेगा। साथ ही क्षेत्र के पारंपरिक व्यंजन बनाने वाले रेस्टोरेंट्स और रसोइयों को भी बढ़ावा मिलेगा। यह वैन पर्यटकों को इको फ्रेंडली तरीके से विभिन्न जिलों के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक ले जाएंगी। इससे रास्ते में पड़ने वाले ग्रामीण और कम ज्ञात पर्यटन स्थलों में भी पर्यटन गतिविधियों का विकास होगा। यूपीएसटीडीसी की यह पहल न केवल पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी सहायक सिद्ध होगी। योगी सरकार की इस नई रणनीति से उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

## महिला उत्पीड़न मामलों की होगी सुनवाई

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा बुधवार 11 मार्च को प्रयागराज पहुंचकर महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की जनसुनवाई करेंगी। जनसुनवाई पूर्वाह्न 11 बजे सर्किट हाउस में आयोजित होगी, जहां पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग सदस्य के सामने रख सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित महिलाओं से संबंधित योजनाओं की समीक्षा भी की जाएगी। इसके बाद आयोग सदस्य जिला कारागार स्थित महिला बंदी गृह, जिला चिकित्सालय के वन स्टॉप सेंटर तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण करेंगी और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगी। इसके अलावा 12 मार्च को पूर्वाह्न 10:30 बजे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तर पर आयोजित पिंक रोजगार महाकुंभ कार्यक्रम में भी शामिल होकर महिलाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देंगी।

## 43 केंद्रों पर 53,760 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक (एसआई) नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा 14 और 15 मार्च को जनपद के 43 परीक्षा केंद्रों पर दो-दो सत्रों में आयोजित होगी, जिसमें कुल 53,760 अभ्यर्थी शामिल होंगे। मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारियों की ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और नकलविहीन तरीके से सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता पर प्रभाव डालने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया गया कि गोपनीय सामग्री को स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में सीसीटीवी निगरानी में ही प्राप्त किया जाए और परीक्षा समाप्त होने के बाद निर्धारित रूट से पुलिस अभिरक्षा में डबल लॉक में जमा कराया जाए। परीक्षा का पहला सत्र सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र, डीसीपी पंकज पांडेय, बीएसए अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रयागराज में धारा 144 लागू

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रयागराज पुलिस प्रशासन ने धारा 144 लागू कर दी है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून व्यवस्था) डॉ. अजय पाल शर्मा ने आदेश जारी करते हुए बताया कि जनपद में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। जारी आदेश के अनुसार बिना अनुमति के किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, जुलूस और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ एकत्र करने पर रोक रहेगी। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस निगरानी भी बढ़ा दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल कार्रवाई करें।

## प्रयागराज पुलिस प्रदेश में अव्वल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के मामले में प्रयागराज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रिवेंस रेड्रेसल सिस्टम) के निस्तारण में प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट को पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस विभाग ने यह उपलब्धि हासिल की है। अधिकारियों के अनुसार लगातार दूसरी बार यह सफलता मिली है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली और शिकायतों के त्वरित समाधान को दर्शाती है। कमिश्नर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि भविष्य में भी इसी तरह जनता की समस्याओं का गंभीरता से समाधान किया जाए।

## यमुनानगर जोन में बढ़ता अपराध, मासूम बच्ची लापता

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर जोन में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। ताजा मामले में बारा थाना क्षेत्र से दो साल की मासूम बच्ची के लापता होने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने बच्ची की हत्या की आशंका जताई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों ने गन्ने चौकी इंचार्ज की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र में अपराध रोकने में पुलिस पूरी तरह विफल साबित हो रही है। बताया जा रहा है कि बारा थाना पिछले एक महीने से बिना प्रभारी के चल रहा है, जिसके चलते पुलिस व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अभी तक थाने में नए प्रभारी की तैनाती नहीं हो पाई है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

# राजस्व वृद्धि और टिकट जांच सख्त करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। वाणिज्य विभाग के कार्यों की समीक्षा, राजस्व वृद्धि, नियमों के पालन और यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन की अध्यक्षता में 10 मार्च 2026 को मंडल कार्यालय के भारतेन्दु सभागार में वाणिज्य विभाग के निरीक्षकों और संबंधित अधिकारियों के साथ वाणिज्यिक गतिविधियों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों से कुशल व्यवहार, टिकट जांच, राजस्व संग्रह, अनाधिकृत यात्रा की रोकथाम तथा स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने वाणिज्य निरीक्षकों को निर्देशित किया कि टिकट जांच अभियान को और सघन किया जाए तथा बिना टिकट यात्रा के मामलों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही स्टेशनों पर स्वच्छता, पेयजल, प्रतीक्षालय और अन्य यात्री सुविधाओं की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि यात्रियों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराना और यात्रियों से मृदुल व्यवहार करना रेलवे की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने कार्य क्षेत्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा व्यवहारिक कठिनाइयों और उनके समाधान के संबंध में अपनाए जाने वाले उपायों पर विस्तृत चर्चा की। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में नियमित निरीक्षण करने, राजस्व वृद्धि के लिए प्रभावी कदम उठाने, फ्रंटलाइन स्टाफ को यात्रियों से मृदुल व्यवहार करने तथा यात्रियों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान, मंडल वाणिज्य प्रबंधक रमेश पाण्डेय, सहायक वाणिज्य प्रबंधक पुष्कर सिंह रावत और धनंजय कुमार सिंह सहित मंडल के सभी वाणिज्य निरीक्षक और मंडल कार्यालय में कार्यरत वाणिज्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस रिपोर्ट में रामपुर अव्वल, शाहजहांपुर-बाराबंकी दूसरे स्थान पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शिकायतों के त्वरित निस्तारण और विकास कार्यों की निगरानी के लिए लागू एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की फरवरी माह की रिपोर्ट में रामपुर जिले ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। शाहजहांपुर और बाराबंकी ने बराबर अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है जबकि जालौन तीसरे स्थान पर है।

आईजीआरएस के माध्यम से प्रदेश के जिलों में जन शिकायतों, राजस्व मामलों और विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जाती है। हर माह 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा कर जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। फरवरी की रिपोर्ट में रामपुर ने निर्धारित 140 में से पूरे 140 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि आईजीआरएस रिपोर्ट प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों की गुणवत्ता और राजस्व प्रबंधन के आधार पर जिलों के प्रदर्शन का आकलन करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले में विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप रामपुर को आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड दोनों में पहला स्थान मिला है।

शाहजहांपुर के जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में विकास परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाती है और जन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के संतुष्टिपूर्ण फीडबैक के आधार पर ही आईजीआरएस रिपोर्ट तैयार होती है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहती है। रिपोर्ट के अनुसार शाहजहांपुर और बाराबंकी ने 137-137 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि जालौन ने 136 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। बरेली, श्रावस्ती और हाथरस ने 135-135 अंक हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया।

## एरोड्रम लाइसेंस मिलने से जेवर एयरपोर्ट संचालन की राह साफ

# मुख्यमंत्री योगी से मिला डेलीगेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में मंगलवार को एक अहम कदम पूरा हो गया। एयरपोर्ट के एक डेलीगेशन ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर भारत सरकार द्वारा जारी एरोड्रम लाइसेंस प्रस्तुत किया।

लाइसेंस मिलने के बाद अब एयरपोर्ट के उद्घाटन और कमर्शियल फ्लाइट्स शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। बैठक के दौरान एयरपोर्ट प्रबंधन ने मुख्यमंत्री को प्रोजेक्ट की प्रगति और आगामी चरणों की जानकारी भी दी। अधिकारियों के अनुसार एरोड्रम लाइसेंस जारी होने के बाद अब अंतिम नियामकीय अनुमोदनों की प्रक्रिया चल रही है।

अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट का एरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम फिलहाल सिविल एविएशन के पास समीक्षा के लिए लंबित है। सुरक्षा मंजूरी मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर औपचारिक उद्घाटन और व्यावसायिक उड़ानों की शुरुआत की तारीख तय करेगा। जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट एक महत्वपूर्ण ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को देश-विदेश के प्रमुख शहरों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है, जहां स्विस दक्षता और भारतीय आतिथ्य का समन्वय देखने को मिलेगा। एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ़ स्नेलमैन हैं और इसे चार चरणों में विकसित किया जा रहा है। पहले चरण में एक रनवे और एक यात्री टर्मिनल भवन बनाया गया है, जिसकी वार्षिक क्षमता लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों की होगी। दूसरे चरण में क्षमता बढ़ाकर तीन करोड़ यात्रियों तक की जाएगी, जबकि तीसरे और चौथे चरण में विस्तार के बाद कुल क्षमता लगभग सात करोड़ यात्रियों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण में टर्मिनल बिल्डिंग का क्षेत्रफल लगभग 1.38 लाख वर्ग मीटर होगा, जिसमें 48 चेक-इन काउंटर, नौ सुरक्षा जांच लेन और नौ इमिग्रेशन काउंटर होंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय लाउंज भी विकसित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त एयरपोर्ट पर 10 एयरोब्रिज और 28 एयरक्राफ्ट पार्किंग स्टैंड की व्यवस्था की गई है। रनवे को इस तरह विकसित किया गया है कि वह प्रति घंटे लगभग 30 उड़ानों के संचालन को संभाल सके। एयरपोर्ट परिसर में एक आधुनिक कार्गो और लॉजिस्टिक्स हब भी विकसित किया जा रहा है।

शुरुआती चरण में कार्गो क्षमता लगभग 2.5 लाख टन प्रतिवर्ष होगी, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 1.5 मिलियन टन तक करने की योजना है। तकनीकी दृष्टि से भी एयरपोर्ट को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। यात्रियों को तेज और सहज यात्रा अनुभव देने के लिए डिजीयात्रा आधारित बायोमेट्रिक प्रोसेसिंग, सेल्फ बैगेज ड्रॉप और डिजिटल पैसेंजर प्रोसेसिंग सिस्टम जैसे प्रावधान लागू किए जा रहे हैं। सतत विकास को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट को नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य के साथ विकसित किया जा रहा है। परिसर में सौर ऊर्जा प्रणाली, वर्षा जल संचयन और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना जैसी सुविधाएं भी स्थापित की जा रही हैं।

# ग्रामीणों को दी स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। उत्तर प्रदेश खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से मंगलवार को फूलपुर क्षेत्र के ग्राम सभा ढोकरी में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फूलपुर चेयरमैन अमरनाथ यादव तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल मौर्या मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद ग्रामीणों को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना तथा माटीकला टूल किट वितरण योजना के माध्यम से ग्रामीण युवा स्वयं का रोजगार शुरू कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाकर लोग आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही और लोगों ने योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जवाहर लाल शर्मा, सुनील कुमार, आशीष यादव, दिनेश चंद्र दुबे, रामलाल, अभिषेक त्रिपाठी और हिमांशु यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 'नृत्य' नाटक का प्रदर्शन कल

लखनऊ। यायावर रंगमंडल की ओर से नृत्य नाटक का प्रदर्शन गुरुवार 12 मार्च को पुनीत मित्तल की कुशल परिकल्पना और निर्देशन में शाम सात बजे कैसरबाग स्थित राय उमानाथ बली ऑडिटोरियम में किया जाएगा। यह प्रस्तुति 45 दिवसीय डांस थिएटर वर्कशॉप के तहत तैयार की गई है। यह कार्यशाला मोहम्मद हफीज के निर्देशन में संचालित की गई जबकि आद्या घोषाल क्रिएटिव असिस्टेंट रहीं। संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस प्रस्तुति के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.संदीप कुमार को आमंत्रित किया गया है।

पुनीत मित्तल के अनुसार यह प्रस्तुति हमें प्रकृति के उस संसार में ले जाती है, जहां जीवन निरंतर गति, परिवर्तन और संतुलन के बीच जन्म लेता है। मंच पर मछली, हिरण, चील और पानी जैसे पात्र प्रकृति के विभिन्न रूपों और ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रारंभ में यह सभी अपने-अपने संसार में स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में दिखेंगे वहीं उत्तरोत्तर विभिन्न किरदार परस्पर मिलते और संवाद करते दिखेंगे।

# जलापूर्ति व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में जुटें : नगर आयुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। भीषण गर्मी के दस्तक देने से पहले ही नगर निगम शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में जुट गया है। इस क्रम में मंगलवार कोनगर निगम सभागार में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पेयजल आपूर्ति की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने शहर के सभी 541 कुओं की सफाई और सुंदरीकरण का कार्य हर हाल में 31 मार्च तक पूरा कर लेने का निर्देश दिया, ताकि संकट गहराने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रहे।

अब तक जिन 162 कुओं की सफाई हो चुकी है। वहीं 140 कुओं की सफाई चल रही है । शेष 340 कुओं की सफाई के लिए भी टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है । नगर आयुक्त ने जलकल विभाग को सख्त हिदायत दी कि गर्मी के दौरान पंपों की खराबी या किसी भी तकनीकी खामी की वजह से जनता को परेशान नहीं होना चाहिए। इसके लिए सभी ट्यूबवेल और पंपिंग स्टेशनों की तकनीकी जांच अभी से शुरू करने को कहा गया है ताकि ऐन वक्त पर कोई मोटर या पंप जवाब न दे दे। ?राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से शहर में प्याऊ और वाटर कूलरों की संख्या में भी विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में संचालित 18 वाटर कूलरों की संख्या बढ़ाकर 28 करने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए शहर के प्रमुख और भीड़भाड़ वाले स्थानों का चयन किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने कहा कि बुनियादी सुविधाओं को लेकर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जलकल विभाग के अधिकारियों से कहा कि कि शहर के हर कोने तक पानी का दबाव बना रहे और पुरानी पाइपलाइनों के तकनीकी सुधार का कार्य भी समयबद्ध तरीके से पूरा हो। बैठक में अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता आरके सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे ।

# पिलर खड़े, टंकी गायब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ तीन साल से अधूरी पड़ी जल जीवन मिशन योजना

❒ बीकेटी की कई पंचायतों में पाइपलाइन और टोटियां लगाकर छोड़ दिया काम पानी के बिना सूखी योजना ग्रामीणों का आरोप विभाग और कार्यदायी संस्था की मिलीभगत से लटका निर्माण

बख्शी का तालाब,लखनऊ। सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना बख्शी का तालाब (बीकेटी) क्षेत्र में बड़े खेल और विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद कई गांवों में पानी की टंकियां तीन साल से अधूरी पड़ी हैं। हालत यह है कि टंकी के नाम पर केवल पिलर खड़े कर दिए गए और निर्माण कार्य बीच में ही छोड़ दिया गया।

बीकेटी विकास खंड की रुखारा, उसरना,चंदनापुर, ढिलवांसी,गोधना समेत कई ग्राम पंचायतों में वर्ष 2021 में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य शुरू कराया गया था। शुरुआत में तेजी दिखाते हुए गांवों में पाइपलाइन बिछा दी गई और घर-घर टोटियां भी लगा दी गईं, लेकिन पानी की सप्लाई के लिए जरूरी ओवरहेड टैंक का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि टंकी निर्माण के लिए खड़े किए गए पिलर पिछले तीन वर्षों से ज्यों के त्यों खड़े हैं और निर्माण कार्य पूरी तरह ठप है। लोगों का आरोप है कि विभाग और कार्यदायी संस्था की मिलीभगत के चलते करोड़ों रुपये की योजना अधर में लटक गई है, जबकि गांवों के लोग आज भी पानी के लिए जूझ रहे हैं।

दिगोई ग्राम पंचायत के प्रधान आदर्श सिंह लवकुश ने बताया कि वर्ष 2021 में कई पंचायतों में हर घर नल जल योजना के तहत काम शुरू कराया गया था। पाइपलाइन बिछाने का कार्य तो पूरा कर लिया गया, लेकिन ओवरहेड टैंक का निर्माण बजट के अभाव में अधूरा छोड़ दिया गया।वहीं चंदाकोड़र ग्राम पंचायत के प्रधान शिवकुमार गांधी ने बताया कि उनके गांव में पानी की टंकी का निर्माण करीब तीन साल से बंद पड़ा है। हाल ही में दो महीने पहले पिलर निर्माण का कार्य दोबारा शुरू हुआ, लेकिन अभी भी काम अधूरा है।ग्रामीणों का आरोप है कि अगर समय रहते काम पूरा कराया जाता तो आज गांवों में नलों से पानी पहुंच रहा होता। लेकिन लापरवाही और सुस्त कार्यप्रणाली के चलते सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है।उधर जल जीवन मिशन के अवर अभियंता तबिश ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष से बजट नहीं मिलने के कारण कई जगह निर्माण कार्य प्रभावित हुआ था। अब जहां बजट स्वीकृत हो रहा है, वहां कार्यदायी संस्था एनसीसी लिमिटेड के माध्यम से ओवरहेड टैंक निर्माण का कार्य फिर से शुरू कराया जा रहा है।हालांकि तीन साल से अधूरे पड़े निर्माण कार्य और खड़े पिलर अब विभागीय कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द निर्माण पूरा नहीं हुआ तो वे इसके खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# अब नजदीक होगी एसीपी कोर्ट, तहसील परिसर में कल से बैठेगा न्यायालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ नव निर्मित न्यायालय भवन में शुरू होगा संचालन, चार थानों की दूरी घटेगी, पुलिस व वादकारियों को राहत



बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब तहसील परिसर में बने नव निर्मित न्यायालय भवन में अब सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) बीकेटी का न्यायालय संचालित किया जाएगा। संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार यह व्यवस्था 12 मार्च 2026 से प्रभावी होगी।

वर्तमान में एसीपी बीकेटी का न्यायालय पुलिस ऑफिस डालीगंज परिसर के कमरा नंबर-49 में संचालित हो रहा है। आदेश के तहत इसे स्थानांतरित कर तहसील परिसर बख्शी का तालाब स्थित नव निर्मित न्यायालय भवन में स्थापित किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि न्यायालय से जुड़ी सभी पत्रावलियां और कार्यालय अभिलेखों का स्थानांतरण 11 मार्च 2026 तक सुरक्षित रूप से पूरा कर लिया जाए।न्यायालय के तहसील परिसर में शिफ्ट होने से क्षेत्र के थानों की दूरी भी काफी कम हो जाएगी। पहले एसीपी कोर्ट में पेशी के लिए महिंगवा थाने को करीब 35 किलोमीटर, इटौंजा थाने को 30 किलोमीटर, बीकेटी थाने को 20 किलोमीटर और सैरपुर थाने को लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी।अब न्यायालय तहसील परिसर में होने से महिंगवा थाने को लगभग 15 किलोमीटर, इटौंजा थाने को 10 किलोमीटर, बीकेटी थाने को मात्र 2 किलोमीटर और सैरपुर थाने को करीब 5 किलोमीटर ही दूरी तय करनी पड़ेगी।इस बदलाव से जहां पुलिसकर्मियों का समय बचेगा, वहीं धारा 151 व 107/116 के तहत चालान किए जाने वाले लोगों को भी लंबी दूरी तय करने के कारण होने वाले अतिरिक्त खर्च से राहत मिलेगी। प्रशासन का मानना है कि न्यायालय नजदीक होने से मामलों के निस्तारण में भी तेजी आएगी और आम लोगों को सुविधा मिलेगी।

## पकड़ा गया प्रधान व ब्लॉक कर्मचारियों का झूठ

# नहीं खाली हुआ खेल–कूद का मैदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। गोसाईगंज सहायक विकास अधिकारी की ओर से काजीखेड़ा गांव के खेल कूद मैदान को अतिक्रमण से मुक्त करा देने की बात कही गई थी लेकिन यह सच नहीं है। उनकी कही हुई बात झूठ निकली।खेल कूद के पूरे मैदान में कंडे फैले हुए अभी भी पूर्ववत देखे जा सकते है। यही बात लोगो के बीच में चर्चा का विषय बन गई है।कहा जाने लगा है कि जब केंद्रीय सत्ता में बैठे हुए लोग झूठ बोल सकते हैं तो सरकारी कर्मचारी इसमें पीछे क्यों रहे? वे भी उन्हीं का अनुसरण कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि काजीखेडा गांव के जूनियर हाईस्कूल विद्यालय के सामने बने हुए खेल कूद के मैदान में अभी भी गोबर डालकर महिलाओं द्वारा कंडे बनाने का काम किया जा रहा है। इस स्थान के सामने ही बना हुआ आरबीसी सेंटर भी यूजलेस है। यही पर बने हुए कूड़ा निस्तारण केन्द्र में भी ताला लगा हुआ देखा जा सकता है। अब काजीखेड़ा गांव के बच्चों के खेल -कूद के मैदान से संबंधित सवाल फिर खड़े हो गए।वे कहां बैठ कर मनोरंज करेंगे? कहां खेलेंगे? इन सभी

सभी सवालों पर गांव की महिला प्रधान कंचन के पति विजय शंकर की ओर से 16 फरवरी 2026 को कंडे हटवा देने की बात कही गई थी लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। बाद में एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला द्वारा भी खेल कूद के मैदान को अतिक्रमण होने की कही गई थी वह भी असत्य पाई गई।

# बेहता नाले में नहाते समय कक्षा पांच के छात्र की डूबकर मौत, पाँच साथी बाल–बाल बचे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**छह बहनों के इकलौते भाई की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**



मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कनार में मंगलवार दोपहर एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर दिया। गांव के पास स्थित बेहता नाले में नहाने गए छह बच्चों में से कक्षा पाँच के एक छात्र की गहरे पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके पांच साथी किसी तरह बच निकले।

जानकारी के अनुसार मंगलवार करीब 3 बजे ग्राम कनार निवासी रुद्र प्रताप सिंह (12) पुत्र बृजेश गौतम अपने पांच साथियों के साथ बेहता नाले में नहाने गया था। उसके साथ विनय (10) पुत्र विजय, ऋषि (11) पुत्र नौमीलाल, यश (10) पुत्र शंकर, अभी गौतम (10) पुत्र पिंकू और अभिषेक (10) पुत्र हरिश्चंद्र भी मौजूद थे। बच्चे नाले में नहा रहे थे और खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक रुद्र प्रताप गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूबने लगा। साथी को डूबता देख अन्य बच्चे घबरा गए और मदद के लिए पास के लुधौसी गांव की ओर दौड़ पड़े। रास्ते में मिले एक अज्ञात व्यक्ति को बच्चों ने पूरी घटना बताई। आनन फानन में अज्ञात व्यक्ति तुरंत कनार गांव पहुंचा और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन भागते हुए बेहता नाले पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद रुद्र को पानी से बाहर निकाला गया। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रुद्र प्रताप की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया। वहीं ग्रामीणों नें बताया कि रुद्र अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और उसकी छह बहनें हैं। सबसे छोटा होने के कारण वह परिवार का बेहद लाडला था। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## बाइक चोरी, पल्लू ओढ़कर आए तीन चोर सीसीटीवी में कैद

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के जानकीपुरम इलाके में बाइक चोरी की घटना सामने आई है। तीन चोर पल्लू ओढ़कर आए और घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर फरार हो गए। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।जानकारी के अनुसार जानकीपुरम थाना क्षेत्र के नागेश्वर नाथ कॉलोनी में मंगलवार रात करीब 4 बजे यह घटना हुई। पीड़ित राहुल अवस्थी ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी और कुछ देर के लिए अंदर चले गए। जब वापस बाहर आए तो बाइक मौके से गायब थी।शक होने पर उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जिसमें तीन युवक पल्लू ओढ़कर पहले इधर-उधर निगरानी करते दिखाई देते हैं। इसके बाद मौका पाकर बाइक चोरी कर फरार हो जाते हैं।घटना के बाद पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि तीनों चोर पहले आसपास का जायजा लेते हैं और फिर पल्लू ओढ़कर बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो जाते हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूत बनाने निवेश प्लेटफार्म का शुभारंभ



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए. महिला-केंद्रित निवेश प्लेटफॉर्म StreeDhana का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ में किया गया। इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, निवेश के अवसर और संपत्ति निर्माण की दिशा में सशक्त बनाना है। StreeDhana की स्थापना नीतू रघुवंशी और मंताशा ने की है। उनका उद्देश्य ऐसी व्यवस्था बनाना है जहाँ महिलाएँ आसानी से वित्तीय जानकारी प्राप्त कर सकें, निवेश को समझ सकें और आत्मविश्वास के साथ अपनी आर्थिक यात्रा शुरू कर सकें। कार्यक्रम में डॉ. सी. के. कंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. जबकि डॉ. उर्वशी साहनी विशिष्ट अतिथि रहीं। उन्होंने महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस पहल की सराहना की।

## छतौनी के शीतला माता मंदिर पर आज से दो दिवसीय भव्य मेला

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के छतौनी गांव स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में आज से दो दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर मंदिर परिसर व आसपास तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। मेले के मुख्य आयोजक ग्राम प्रधान व पूर्व प्रधान दिलीप कुमार ने बताया कि पहले दिन मंदिर परिसर में विधि-विधान से हवन-यज्ञ कराया जाएगा, जिसके बाद पारंपरिक होली फाग का आयोजन होगा। वहीं रात्रि में भजन-कीर्तन के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य मेले का समापन किया जाएगा। मेले में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

## लखनऊ में 12–13 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दौरा, ग्रीन कॉरिडोर का करेंगे उद्‍घाटन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ में 12 और 13 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान वह कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे और शहर के महत्वपूर्ण ग्रीन कॉरिडोर का उद्घाटन भी करेंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

जानकारी के अनुसार रक्षा मंत्री 12 मार्च की रात करीब 8 बजे चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से वह एक पारिवारिक वैवाहिक समारोह में शामिल होंगे और इसके बाद रात में 5 कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर विश्राम करेंगे।13 मार्च को रक्षा मंत्री शहर के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। दोपहर में वह सिटी मोंटेसोरी स्कूल की गोल्फ सिटी शाखा के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद राजाजीपुरम में विधायक योगेश शुक्ला के आवास पर भी उनका कार्यक्रम निर्धारित है।शाम 4:30 बजे समतामूलक चौराहे पर ग्रीन कॉरिडोर के उद्घाटन का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद रक्षा मंत्री समतामूलक चौराहे से डालीगंज पुल तक बने ग्रीन कॉरिडोर का अवलोकन करेंगे और इस परियोजना से जुड़े कर्मचारियों को सम्मानित भी करेंगे।इसके अतिरिक्त शाम 5 बजे झूलेलाल वाटिका में आयोजित जनसभा को भी रक्षा मंत्री संबोधित करेंगे। सभी कार्यक्रमों के बाद वह शाम करीब 6:20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

# व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कमी को लेकर डीएम से मिले व्यापारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने जिलाधिकारी विशाख जी से मिलकर मिठाई ,कैटरिंग ,रेस्टोरेंट, होटल व्यापारियों को व्यवसायिक गैस सिलेंडर मिलने में आ रही परेशानियों से अवगत कराया।

अपर जिलाधिकारी खाद्य एवं आपूर्ति से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में मिला तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा। वैश्विक कारणो से उत्पन्न इस स्थिति के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी व्यापारियों से सरकार एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की तथा अफवाहों से बचने की अपील की तथा साथ ही साथ जिला प्रशासन से फूड सेक्टर के व्यापारियों के लिए शीघ्र उचित समाधान निकालने की मांग की 10 मार्च ,मंगलवार ,उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने आज सुबह कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी से मुलाकात की तथा उन्हें मिलकर मिठाई ,कैटरिंग ,रेस्टोरेंट, होटल व्यापारियों को व्यवसायिक गैस सिलेंडर मिलने में आ रही परेशानियों से अवगत कराया। उसके बाद उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल अपर जिलाधिकारी खाद्य एवं आपूर्ति ज्योति गौतम से मिला। तथा उनसे विषय की जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें व्यापारियों की समस्याओं का ज्ञापन सौपा । जिलाधिकारी खाद्य एवं आपूर्ति ज्योति गौतम ने व्यापारियों से इस विषय पर सहयोग की अपील की उन्होंने व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया इंडियन ऑयल , हिंदुस्तान पेट्रोलियम एवं भारत पैट्रोलियम कंपनियों से बात करके शीघ्र ही उचित समाधान निकाला जाएगा उन्होंने कहा घरेलू गैस सिलेंडर में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है व्यावसायिक में थोड़ा सा सबको संयम बरतना होगा फूड सेक्टर को सप्लाई में प्राथमिकता देने का प्रयास है। अपर जिला अधिकारी ने आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियो के प्रतिनिधि मंडल को बताया भारत सरकार की पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के दिशा निर्देश के अनुसार व्यावसायिक से संबंधित कुछ गाइडलाइन है जिसके अंतर्गत प्रशासन कार्य कर रहा है। वैश्विक कारणो से उत्पन्न इस स्थिति के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी व्यापारियों से सरकार एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की तथा अफवाहों से बचने की अपील की तथा साथ ही साथ जिला प्रशासन से फूड सेक्टर के व्यापारियों के लिए शीघ्र उचित समाधान निकालने की मांग की। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ,मिठाई एवं रेस्टोरेंट व्यापारी राजेश गुप्ता, फूड व्यवसाय से संबंधित मो.आदिल शामिल थे।

# पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर फरार पति गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ ग्रामीणों की घेराबंदी में आया आरोपी, पुलिस ने न्यायालय में पेश कर भेजा जेल

निगोहा, लखनऊ। निगोहा थाना क्षेत्र के सेखन खेड़ा गांव में घरेलू विवाद के दौरान पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर फरार हुए आरोपी पति को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को उसके पैतृक गांव नगराम के अकरहदू से ग्रामीणों की मदद से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। बताया गया कि रविवार रात मजदूर राजेश रावत ने अपनी पत्नी राजेश्वरी (46) की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। घटना के समय उनके पांचों बच्चे गांव में एक कार्यक्रम में गए हुए थे। बड़ा बेटा गुलशन जब घर लौटा तो मां का खून से लथपथ शव देखकर उसके होश उड़ गए और परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार को आरोपी के पैतृक गांव अकरहदू में देखे जाने की सूचना पर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची निगोहा व नगराम पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि शराब पीने और जमीन बेचने को लेकर अक्सर पत्नी से उसका विवाद होता था। घटना वाले दिन भी वह नशे में घर पहुंचा था, जिसके बाद दोनों के बीच झगड़ा हुआ और गुस्से में उसने कुल्हाड़ी से पत्नी पर हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार हत्या के बाद आरोपी मुंबई भागने की फिराक में था, लेकिन उससे पहले ही ग्रामीणों की सतर्कता से उसे पकड़ लिया गया। थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## डॉ राजेश्वर सिंह के जनसेवा के चार वर्ष पूर्ण, आज सरोजनीनगर में मनाया जाएगा आभार दिवस

# डिजिटल शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और युवा विकास की नई पहलें शुरू होंगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और साइकिल, युवाओं के लिए नए युवा क्लब और खेल सामग्री

❒ सुरक्षित सरोजनीनगर और शून्य-कार्बन सरोजनीनगर की दिशा में बड़े कदम



लखनऊ। सरोजनीनगर के लोकप्रिय विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के जनसेवा के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 मार्च को आभार दिवस मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम जनता के विश्वास, सहयोग और सहभागिता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से डॉ सिंह के विधायक आवास पर आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास, सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का शुभारंभ एवं विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान डॉ राजेश्वर सिंह 3 नए रन बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केन्द्रों का उद्घाटन करेंगे। इन केन्द्रों में युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल कौशल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शिक्षण और रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे पहले सरोजनीनगर में 14 डिजिटल केन्द्र स्थापित किए जा चुके हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए 10 नए तारा शक्ति सिलाई केन्द्र खोले जाएंगे। पहले से ही 162 केन्द्रों के माध्यम से 1700 से अधिक सिलाई मशीनें वितरित की जा चुकी हैं, जिससे अनेक महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं। डिजिटल शिक्षा को और मजबूत करने के लिए सरोजनीनगर के विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस का विस्तार किया जाएगा। अब तक 43 स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस स्थापित हो चुकी हैं, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण संसाधनों का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में मेधावी सम्मान समारोह भी होगा। 25 विद्यार्थियों को लैपटॉप और 50 विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की जाएगी। अब तक 1700 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा चुका है। सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए 5 आर.डब्ल्यू.ए में नई पुस्तकालयें स्थापित की जाएंगी। अब तक 42 टडइ में पुस्तकालय स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे बच्चों और युवाओं को पढ़ाई और ज्ञान संसाधनों तक आसान पहुँच मिल रही है। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु सुरक्षित सरोजनीनगर अभियान शुरू किया जाएगा। इस अंतर्गत 1000 हेलमेट वितरित किए जाएंगे, जिससे नागरिकों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ेगी। पर्यावरण संरक्षण के लिए डॉ सिंह वृहद वृक्षारोपण अभियान में 100 पौधे लगाएंगे। यह शून्य-कार्बन सरोजनीनगर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। युवाओं को खेलों में प्रोत्साहित करने के लिए 10 नए युवा क्लब स्थापित किए जाएंगे और उन्हें खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। अब तक 282 स्पोर्ट्स क्लब स्थापित हो चुके हैं। डॉ सिंह इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं और नागरिकों के साथ संवाद करेंगे, जिसमें सरोजनीनगर के आगामी विकास की रूपरेखा पर चर्चा होगी। डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा, ‟चार वर्षों की यह यात्रा जनता के विश्वास और सहयोग की शक्ति का प्रतीक है। सरोजनीनगर को शिक्षित, सशक्त, सुरक्षित और हरित क्षेत्र बनाने का हमारा संकल्प लगातार जारी रहेगा।

## मेरठ सेंट्रल मार्केट मुद्दे पर व्यापारियों ने की अखिलेश से मुलाकात

लखनऊ। मेरठ के शास्त्री नगर स्थित सेंट्रल मार्केट प्रकरण को लेकर व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्या बताते हुए ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को विधायक अतुल प्रधान के नेतृत्व में सेंट्रल मार्केट से जुड़े व्यापारियों सपा प्रमुख से पार्टी कार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सेंट्रल मार्केट प्रकरण में हजारों व्यापारी, मजदूर और उनसे जुड़े परिवार पिछले कई दिनों से अपनी रोजी-रोटी और वर्षों की मेहनत से खड़ी की गई आजीविका को बचाने के लिए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि यह सिर्फ दुकानों का मामला नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों के भविष्य और लाखों लोगों की आजीविका से जुड़ा संवेदनशील विषय है। व्यापारियों ने प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई पर भी नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि पुलिस लगातार टकराव का माहौल बनाने की कोशिश कर रही है।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 06.04.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। **इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें** यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| निविदा सूचना संख्या | 00242026 दिनांक 10.03.2026 | निविदा संख्या | 39-SrDEN-I-LKO-2025-26 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल इंजीनियर–मुख्यालय लखनऊ के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता चारबाग/ लखनऊ स्थित ऑफिसर्स रेस्ट हाउस में पुराने दरवाजों और खिड़कियों को यूपीवीसी से बदलकर दरवाजों और खिड़कियों की भारी मरम्मत, मॉड्यूलर किचन का निर्माण और अन्य संबंधित कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 16281187.98 | धरोहर राशि | ₹ 231400.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। | | |
| निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 23.03.2026 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 06.04.2026 15:00 बजे | | |
| बेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

799/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दधीचि कुंड पहुंचे महामंडलेश्वर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, किया पूजन-अर्चन

❒ महामंडलेश्वर के आगमन को देखते हुए तीर्थ परिसर में पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मिश्रिख, सीतापुर। पवित्र तीर्थ नगरी मिश्रिख में चल रही धार्मिक यात्रा के दौरान आज महामंडलेश्वर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का आगमन पौराणिक दधीचि कुंड तीर्थ पर हुआ। तीर्थ पुरोहित राहुल शर्मा के अनुरोध पर वे दधीचि कुंड पहुंचे, जहां उनके आगमन की सूचना मिलते ही श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की बड़ी संख्या एकत्र हो गई।

महामंडलेश्वर के आगमन को देखते हुए तीर्थ परिसर में पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जगह-जगह पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई और पूरे क्षेत्र में व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखा गया ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार



की असुविधा न हो।तीर्थ परिसर में पहुंचने पर तीर्थ पुरोहित राहुल शर्मा ने महामंडलेश्वर का विधिवत स्वागत किया और उन्हें आसन ग्रहण कराया। इसके पश्चात उन्होंने मिश्रिख तीर्थ तथा दधीचि कुंड की पौराणिक और धार्मिक महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह स्थान महर्षि दधीचि की तपोभूमि के रूप में विश्व प्रसिद्ध है और यहां देश-विदेश से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।इसके बाद महामंडलेश्वर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मिश्रिख तीर्थ और दधीचि कुंड की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह भूमि सनातन संस्कृति और ऋषि-मुनियों की तपस्थली रही है, इसलिए इस पवित्र धरा की महिमा पूरे देश में विशेष रूप से मानी जाती है।

अपने संबोधन में उन्होंने गौ माता के संरक्षण और संवर्धन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गौ सेवा सनातन धर्म की मूल परंपरा है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गौ माता की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने लोगों से धर्म, संस्कृति और परंपराओं को सुरक्षित रखने का भी आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में महामंडलेश्वर ने दधीचि कुंड में आचमन किया और मंदिर में पहुंचकर विधिवत दर्शन-पूजन किया। उन्होंने देश, प्रदेश और समाज की सुख-समृद्धि व शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर तीर्थ पुरोहितों, साधु-संतों, श्रद्धालुओं और स्थानीय गणमान्य लोगों की बड़ी संख्या उपस्थित रही।

# सीडीपीओ सकरन की लापरवाही से मासूमों का छिना पोषण

❒ भर्ती से लेकर पोषण वितरण तक घोटाले के आरोप, महीनों से बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर । बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) सकरन के कार्यकाल पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र के कई गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति बदहाल है और आरोप है कि अधिकारियों की लापरवाही व भ्रष्ट रवैये के कारण मासूम बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों तक सरकार द्वारा दिया जाने वाला पोषण नहीं पहुंच पा रहा है।

ग्रामीणों ने खुलकर आरोप लगाया है कि आंगनबाड़ी भर्ती से लेकर पोषण सामग्री के उठान और वितरण तक बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हो रही हैं। इतना ही नहीं, सहायिकाओं की पदोन्नति में भी पक्षपात और धर्म विशेष को लाभ देने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।ग्राम पंचायत मोहारी के करीब दर्जन भर ग्रामीणों ने लिखित शिकायत देकर बताया कि पिछले अगस्त माह से आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पोषण तक नहीं दिया गया। कई केंद्र तो नियमित रूप से खुलते ही नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब कोई शिकायतकर्ता सामने आता है तो उसे बुलाकर औपचारिक रूप से पोषण दे दिया जाता है, जिससे कागजों में सब कुछ ठीक दिखाया जा सके।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत कम्हरिया महरिया में पात्रता की अनदेखी कर अपात्र महिला को आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर चयनित कर दिया गया। इसी तरह एक विशेष संप्रदाय की महिला को बिना दस्तावेजों के सही तरीके से सत्यापन कराए पदोन्नति दे दी गई, जबकि उसकी शैक्षिक योग्यता भी संदेह के घेरे में बताई जा रही है।क्षेत्र के कई



आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति बेहद चिंताजनक बताई जा रही है। ताजपुर सलौली, सेमराकला और पटना जैसे केंद्र लंबे समय से बंद पड़े हैं, जबकि मोहलिया, मोहारी, अदवारी, देवरिया खुर्द, मदनापुर, नसीरपुर और रसूलपुर में पोषण वितरण न होने के आरोप लगे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि हॉट कुक योजना, पोषण सामग्री के वितरण और नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की खबरें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे विभागीय संलिप्तता भी उजागर हो रही है।अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब इन बंद पड़े केंद्रों और पोषण वितरण में हो रही अनियमितताओं की जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी? या फिर यूं ही मासूम बच्चों, किशोरियों और महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ होता रहेगा और जिम्मेदार अधिकारी मलाई काटते रहेंगे।क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंच सके।

# वाराणसी शहर के सभी 541 कुओं की सफाई और सुंदरीकरण का कार्य 31 मार्च तक हर हाल में हो पूरा : नगर आयुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी । भीषण गर्मी के दस्तक देने से पहले ही वाराणसी नगर निगम शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में जुट गया है। मंगलवार को नगर निगम सभागार में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने पेयजल आपूर्ति की गहन समीक्षा की।

समीक्षा बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने शहर के सभी 541 कुओं की सफाई और सुंदरीकरण का कार्य हर हाल में 31 मार्च तक पूरा कर लेने का निर्देश दिया, ताकि संकट गहराने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रहे। बैठक में बताया गया कि अब तक 162 कुओं की सफाई हो चुकी है। वहीं, 140 कुओं की सफाई चल रही है । शेष 340 कुओं की सफाई के लिए भी टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।नगर आयुक्त ने जलकल विभाग को सख्त हिदायत दी कि गर्मी के दौरान पंपों की खराबी या किसी भी तकनीकी खामी की वजह से



जनता को परेशान नहीं होना चाहिए। इसके लिए सभी ट्यूबवेल और पंपिंग स्टेशनों की तकनीकी जांच अभी से शुरू करने को कहा। बताया गया कि शहर में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से शहर में प्याऊ और वाटर कूलरों की संख्या में भी विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में संचालित 18 वाटर कूलरों की संख्या बढ़ाकर 28 करने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए शहर के प्रमुख और भीड़भाड़ वाले स्थानों का चयन किया जा रहा है।नगर आयुक्त ने कहा कि बुनियादी सुविधाओं को लेकर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जलकल विभाग के अधिकारियों से कहा कि शहर के हर कोने तक पानी का दबाव बना रहे और पुरानी पाइप लाइनों के तकनीकी सुधार का कार्य भी समयबद्ध तरीके से पूरा हो। बैठक में अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता आर.के. सिंह सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।

## पार्षद ने खराब पड़े बिजली के पोलों को कराया ठीक, लगवाए नए पोल



शाहजहांपुर। महानगर के वार्ड संख्या 53 रामनगर कॉलोनी में लंबे समय से खराब पड़े बिजली के पोलों को ठीक कराने का कार्य पार्षद पति गोपाल कृष्ण 'बिन्नू' के प्रयासों से कराया गया। रामनगर कॉलोनी में कई स्थानों पर बिजली के पोल जर्जर, कटे-फटे और टूटे हुए थे, साथ ही कई जगहों पर बिजली के तार नीचे लटक रहे थे। जिससे कालोनी के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर पार्षद पति गोपाल कृष्ण ने बिजली विभाग से समन्वय कर इन पोलों को ठीक करवाया तथा जहां आवश्यकता थी वहां नए पोल भी लगवाए। इसके साथ ही कई जगहों पर नीचे लटक रही बिजली की तारों को भी ऊंचा कराया गया, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कम हो गई है। पार्षद पति गोपाल कृष्ण बिन्नू ने बताया कि जिन स्थानों पर नई स्ट्रीट लाइटों की जरूरत है, वहां भी जल्द ही लाइटें लगवाने की व्यवस्था की जाएगी, ताकि क्षेत्र में बेहतर रोशनी की सुविधा मिल सके।

# शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को मिलता है व्यावहारिक ज्ञान : डॉ. अनिल कुमार सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इससे उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होता है। विभिन्न संस्थानों में चल रहे शोध और तकनीकों को देखकर छात्र कृषि के आधुनिक पहलुओं को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। यह बातें मंगलवार को कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहीं। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा संचालित कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद, गोला (लखीमपुर खीरी) के बीएससी कृषि पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए छह दिवसीय अंतरराज्यीय शैक्षणिक भ्रमण यात्रा का आयोजन किया गया। अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारम्भ किया और विद्यार्थियों को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि इस प्रकार की यात्राओं से विद्यार्थियों को देश के



विभिन्न कृषि एवं वैज्ञानिक संस्थानों में चल रहे अनुसंधान कार्यों को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलता है। इससे उनके ज्ञान में वृद्धि होती है और भविष्य में कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है।भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर (उत्तराखंड), भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून, भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून तथा वन अनुसंधान संस्थान देहरादून का शैक्षणिक अवलोकन करेंगे। यहां छात्र विभिन्न शोध परियोजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करेंगे।इस छह दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में कुल 39 विद्यार्थी शामिल हैं। उनके साथ मार्गदर्शक एवं प्रबंधन दल के रूप में डॉ. अरुण कुमार, डॉ. रणधीर यादव और श्री सर्वेश पांडेय भी मौजूद रहेंगे, जो यात्रा के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।


# बरेली में धोपेश्वरनाथ मंदिर के सेवादार ने की आत्महत्या

❒ वीडियो में युवती के परिजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बरेली । उत्तर प्रदेश के बरेली के कैंट क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध धोपेश्वरनाथ मंदिर में सेवादार के रूप में काम करने वाले युवक विजय राठौर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने 32 मिनट 34 सेकंड का वीडियो बनाकर यूट्यूब पर अपलोड किया। इसमें युवक ने प्रेमिका के परिवार, अपने परिजनों और पुलिस पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।पुलिस के मुताबिक मंदिर में सेवादार के रूप में कार्यरत विजय राठौर का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवक द्वारा अपलोड



किए गए वीडियो को भी जांच में शामिल किया गया है। वीडियो में विजय ने बताया कि करीब दो साल पहले उसकी मुलाकात धोपेश्वरनाथ मंदिर में एक युवती से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच इंस्टाग्राम पर बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे दोनों करीब आ गए। विजय के अनुसार उसने युवती को प्रपोज किया था और दोनों के बीच सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन महाशिवरात्रि से पहले किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद युवती ने उससे दूरी बना ली और संबंध खत्म करने की बात कह दी। इसके बाद युवती के परिजनों ने युवक को परेशान किया। इसमें पुलिस भी शामिल रही। युवक ने वीडियो में एसएसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि युवक की आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। युवक द्वारा बनाए गए वीडियो को भी संज्ञान में लिया गया है। मामले की सभी पहलुओं से जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और नगर निगम का सहयोग करें: महापौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर । नगर निगम द्वारा विश्व महिला दिवस सप्ताह 08 मार्च से 14 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है। जिसके तहत निर्धारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज वार्ड संख्या 10 एवं 38 में विशेष स्वच्छता अभियान एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम महापौर अर्चना वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

महापौर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना तथा आम नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करना है। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम की टीम द्वारा चिन्हित स्थलों पर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया। महापौर अर्चना वर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर के निर्माण में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और नगर निगम के प्रयासों में सहयोग प्रदान करें। इस दौरान नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा, संबंधित जोनल अधिकारी, सफाई निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक तथा क्षेत्रीय पार्षद आदि मौजूद रहे।

## 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का कराएं निस्तारण

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखीमपुर खीरी शिवा कुमार सिंह के निर्देशानुसार दिनांक 14.0 3.2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आज नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, अभिषेक कुमार श्रीवास्तव अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में जनपद के समस्त तहसीलदारों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि दिनांक 14.03.2026 को आयोजित की जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर निस्तारित करें, जिससे कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।


## जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अंकित अवस्थी सुखनीपुरवा ने ठोकी ताल

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम सुखनीपुरवा के निवासी अंकित अवस्थी इस बार जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव में प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने जा रहे हैं। अंकित अवस्थी एक शिक्षित एवं जागरूक युवा हैं और एक प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते हैं।क्षेत्र में उनकी पहचान एक सरल स्वभाव और समाजसेवा से जुड़े व्यक्ति के रूप में मानी जाती है। स्थानीय लोगों के बीच उनकी अच्छी पकड़ बताई जा रही है। उनके चुनाव मैदान में उतरने की खबर से क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।अंकित अवस्थी का कहना है कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला तो वह क्षेत्र के विकास, शिक्षा, सड़क, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे।क्षेत्र के कई लोगों ने भी उनकी उम्मीदवारी का स्वागत करते हुए उन्हें समर्थन देने की बात कही है।

## जब तक अहंकार नहीं टूटता भक्ति माला नहीं पहनाती

**जहांगीराबाद, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डेहरा गांव में हो रही 22वीं श्री महालक्ष्मी ज्ञान यज्ञ एवं संगीतमयी राम कथा व मानस सत्संग के छठवें दिन कथा व्यास प्रभा वेदांती द्वारा केवट प्रसंग, पुष्प वाटिका मिलन और धनुष भंग प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा वाचिका ने भगवान श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण के लिए वन की प्रतिकूल परिस्थितियों का भावनात्मक चित्रण किया। केवट ने प्रभु श्री राम के चरणों को धोने के बाद, उन्हें नाव में बिठाकर गंगा पार कराई और उनकी भक्ति को सम्मान दिया। कथावाचिका ने भगवान श्री राम के जनकपुर आगमन, पुष्पवाटिका मिलन और धनुष भंग प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि अहंकार रूपी धनुष को तोड़कर भगवान ने यह संकेत दिया कि जब तक अहंकार नहीं टूटता, तब तक भक्ति माला नहीं पहनाती। इस मौके पर यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार वर्मा मुखिया आगमन रामरेश वर्मा सहित गांव तथा क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालु श्रोतागण उपस्थित रहे। यज्ञ की पूर्णाहुति बुधवार 11 मार्च को होगी जिसमें हवन पूजन के अलावा विशाल भण्डारा भी होगा।

## मदरसा शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अरबी-फारसी मदारिस एसोसिएशन के अध्यक्ष इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रदेश के अनुदानित मदरसा शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं अन्य विभागों के शिक्षकों तथा कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जा रहा है, जिससे उन्हें गंभीर बीमारी या आपात स्थिति में आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता, लेकिन अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षक-कर्मचारी इस महत्वपूर्ण सुविधा से अब भी वंचित हैं। कहा कि प्रदेश के अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षक भी सरकार के अधीन शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में उन्हें समान अधिकार नहीं मिल पा रहा है। यदि किसी शिक्षक या उनके परिवार के सदस्य को गंभीर बीमारी हो जाती है तो उपचार के लिए उन्हें काफी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मांग की गई कि जिस तरह अन्य विभागों के शिक्षकों और कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जा रहा है, उसी तरह अनुदानित मदरसा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी इस योजना के दायरे में शामिल किया जाए, ताकि उन्हें भी बेहतर और समय पर इलाज मिल सके।

# एनआरएमयू ने किया महिला सशक्तीकरण व होली मिलन कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने महिला सशक्तीकरण एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कैरिजवैगन, आरपीएफ, चेकिंग स्टाफ, वाणिज्य स्टाफ, यातायात स्टाफ, इंजीनियरिंग विभाग, सिंग्नल स्टाफ आदि विभागों की लगभग 40 महिलाओ ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में सहायक मण्डल मंत्री नरेंद्र त्यागी ने यूनियन द्वारा महिलाओं के अधिकारों के लिए किए गए कार्यों को विस्तार से बताया। साथ ही महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहकर संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। मंडल उपाध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि यूनियन द्वारा महिलाओ को सीसीएल दिलाना, दिन की ड्यूटी, कार्य स्थलों पर सुरक्षा आदि कई कार्य किये गए हैं। शाखा सचिव शिवकुमार सक्सेना ने बताया कि प्रत्येक वर्ष एनआरएमयू महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करती है। इस दौरान नीरा त्यागी, कनक त्यागी द्वारा महिला कर्मचारियों के लिए कुछ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें निशा, सरस्वती, दीपा, मोनिका, कुसुम आदि ने प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। वहीं, रेलवे से सम्बंधित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें प्रतिभाग करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निशा कश्यप, स्वाति, सरस्वती, दीपा, मोनिका, रुपाली, मोनिका सागर, हिना कौशर, टीना राज, रोशनी यादव, प्रियंका त्यागी, वर्षा, सुमन आदि उपस्थित रहीं।

# एआरटीओ दफ्तर में सीडीओ अभिषेक कुमार का छापा, गिरी गाज

❒ ऑपरेटर की सेवा समाप्त, कर्मचारी पर विभागीय कार्रवाई, दलाल पर एफआईआर

❒ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर सीडीओ अभिषेक कुमार की औचक कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। प्रदेश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन की मंशा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिले में भ्रष्टाचार और दलाली के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने एआरटीओ कार्यालय में औचक छापा मारा। अचानक हुई कार्रवाई से कार्यालय में हड़कंप मच गया।

सीडीओ ने कार्यालय पहुंचते ही मुख्य गेट बंद कराए। जांच के दौरान बेहजम क्षेत्र के कैमाखादर निवासी इश्तियाक अपने साथ रवि पुत्र प्रेमशंकर के साथ वाहन ट्रांसफर कराने के लिए मौजूद मिले। पूछताछ में रवि ने खुद को रिश्तेदार बताया। सख्ती के बाद उसने स्वीकार



किया कि वह काम कराने के लिए दफ्तर आया है। इश्तियाक ने बताया कि काम कराने के लिए उससे दो हजार रुपये लिए थे। इस पर सीडीओ ने एआरटीओ को रवि के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अर्जुनपुरवा निवासी शुभम गुप्ता ने शिकायत की कि ड्राइविंग लाइसेंस को लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) कराने के लिए काउंटर पर 400 रुपये की जगह 1500 रुपये लिए गए हैं। शिकायत मिलते ही सीडीओ सीधे इंस्टेंट सॉल्यूशन सेंटर काउंटर पर पहुंचे। पूछताछ और तलाशी में कंप्यूटर ऑपरेटर कमर अली ने 1500 रुपये लेने की बात स्वीकार कर ली। जाँच-तलाशी में पैसे भी मिले। इस पर सीडीओ ने कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल उसकी सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दे दिए।

**महीनों से चक्कर काट रहे व्यक्ति को मिला इंसाफ**

निरीक्षण के दौरान राधेश्याम नामक व्यक्ति ने सीडीओ से अपनी पीड़ा बताई कि वह नवंबर महीने से अपनी गाड़ी का बंधक कटवाने के लिए कार्यालय के चक्कर लगा रहा है, लेकिन बाबू टालमटोल कर रहे हैं। इस पर सीडीओ राधेश्याम को साथ लेकर संबंधित काउंटर पर पहुंचे। पूछने पर कनिष्ठ सहायक आशीष श्रीवास्तव संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए।

**पारदर्शिता और जवाबदेही ही प्रशासन की प्राथमिकता : सीडीओ अभिषेक कुमार**

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य हमेशा पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित सुनिश्चित करना है। डीएम के निर्देशानुसार आज एआरटीओ कार्यालय में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में लापरवाही की शिकायतें सामने आईं। प्रत्येक मामले में तुरंत कार्रवाई की गई। कंप्यूटर ऑपरेटर की सेवा समाप्त की गई और दलाली करने वाले व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अन्य कर्मचारियों की लापरवाही पर विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा : 14-15 मार्च को जिले के 28 केंद्रों पर 9120 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**❒ सुचितापूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने को प्रशासन ने कसी कमर**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



झांसी । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा 14 व 15 मार्च को जनपद के 28 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

दोनों दिनों में कुल 9120 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं नोडल अधिकारी शिव प्रताप शुक्ला ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा नकलविहीन, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए।उन्होंने बताया कि 14 मार्च को प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 से 5 बजे तक होगी। इसी प्रकार 15 मार्च को भी दोनों पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को प्रथम पाली के लिए सुबह 8 से 9:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1 से 2:30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा, इसके बाद किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, पेन ड्राइव, कैमरा, काला चश्मा, बैग, घड़ी, खाने-पीने का सामान समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा कक्ष में केवल पेन, प्रवेश पत्र और मूल पहचान पत्र ही ले जाने की अनुमति होगी। नियमों का उल्लंघन करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा से डिबार करते हुए अभ्यर्थन निरस्त कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।एडीएम ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, वॉइस रिकॉर्डर, बिजली, पेयजल, शौचालय और रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों के सामान अलग कक्ष में जमा कराने और परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने को कहा। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला शिक्षिकाओं द्वारा कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर प्रीति सिंह, लखनऊ बोर्ड से पुलिस अधीक्षक राम अर्ज, सहायक आयुक्त उद्योग प्रज्ञा वर्मा तथा जिला विद्यालय निरीक्षक रति वर्मा सहित पुलिस अधिकारी, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा सभी केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया आत्मरक्षा व योग प्रशिक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**❒ सुरेश कुमार ने बताया कि कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाएं बहुत ही मेहनत के साथ मार्शल आर्ट सीख रही है**

सम्भल। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 10-3-2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सम्भल कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय गुन्नौर, की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, साथ जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला भी कर सकें।

ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेश कुमार, तंजीम हादी, व महिला खिलाड़ी ब्लैक बैल्ट होल्डर रेखा, पूर्वी ने सभी बालिकाओं को फ्रंट जंप किक, साइड किक, बैक किक एल्बो अटैक, फिंगर अटैक का अभ्यास कराया। इसके साथ साथ बालिकाओं को शीर्षासन, वकासन, वृक्षासन का भी अभ्यास कराया गया। सुरेश कुमार ने बताया कि कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाएं बहुत ही मेहनत के साथ मार्शल आर्ट सीख रही हैं। साथ ही विद्यालय के पीटीआई शिक्षकों को भी अभ्यास कराया जा रहा है ताकि कैंप के बाद भी बालिकाओं को निरंतर अभ्यास कराया जा सके। ताइक्वांडो कोच ब्लैक बैल्ट धारक रेखा ने बताया कि हर माता पिता को अपनी बालिकाओं को मार्शल आर्ट सीखना चाहिए जिससे आत्मरक्षा के गुर के साथ साथ बालिकाओं के आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। ग्रामवासियों ने भी सरकार की इस योजना की तारीफ की। छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजना यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, गुड़ टच एवं बैड टच, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बसल श्रम के दुष्प्रभावों आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य ब्यक्ति उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन में गूंजा नारी शक्ति का संदेश, खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




मीरजापुर । बरौधा कचार स्थित भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आभा सिंह पटेल की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही और नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

सम्मेलन की मुख्य अतिथि मझवा विधायक सुचीस्मिता मौर्य ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निधि पटेल सहित अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से समाज, शिक्षा, राजनीति और सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़कर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है।जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और देश के विकास में उनका योगदान लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने महिलाओं की जागरूकता और आत्मनिर्भरता को समय की आवश्यकता बताया। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आयुषी श्रीमाली ने महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर और जागरूक महिला ही सशक्त समाज की आधारशिला होती है।कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सुनीता शर्मा ने किया। सम्मेलन की संयोजक गीता यादव (जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा) रहीं, जबकि सहसंयोजक के रूप में जिला मंत्री संध्या पटेल, जिला महामंत्री बीना सिंह, जिला उपाध्यक्ष शिव कुमारी राय, प्रेमलता दुबे, जिला मंत्री प्रेमवती बिंद, कार्यकारिणी सदस्य अनीता, मदीना बेगम, मंडल अध्यक्ष अनीता प्रजापति, दीपा उमर, रंजना मौर्य और सविता सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

## पुलिस कर्मियों पर पथराव करने वाले 11 लोगों पर एफआईआर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उझानी। होली पर गांव संजरपुर में डीजे पर डांस को लेकर कहासुनी के बाद दो पक्ष के लोगों में मारपीट और पथराव के मामले में पुलिस की ओर से दोनों पक्ष के 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। कोतवाली में तैनात दरोगा अनुज कुमार की ओर से हुई एफआईआर में पूरे घटनाक्रम का जिक्र किया गया है।

पुलिस के मुताबिक- होली पर मौर्य और ठाकुर पक्ष के लोगों में विवाद के बाद दोनों पक्ष की ओर से पथराव किया गया था। पुलिस कर्मी हालात पर काबू पाने के लिए मौके पर पहुंचे तो उन्हें भी नहीं बख्शा गया। दोनों और से ईंटें-पत्थर फेंके जाने की वजह से सड़क पर आवाजाही प्रभावित हुई। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। लोक व्यवस्था भी भंग कर दी गई। आसपास इलाके के लोग दरवाजे बंदकर घर में दुबक गए थे। बता दें कि घटना की पुलिस कर्मियों ने वीडियोग्राफी भी की थी। ईंट-पत्थरों के नमूने लेकर उन्हें बोरे में सील कर दिया गया था। दरोगा की ओर इस मामले में विनोद कुमार पुत्र सोरन सिंह, यादराम पुत्र राधे, लक्ष्मी, उसके भाई नन्हे पुत्र कोमिल, हेम सिंह पुत्र रामचंद्र समेत मौर्य पक्ष के आठ-दस अज्ञात व्यक्ति, दूसरी तरफ के हरीओम पुत्र रामपाल, विपिन सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, कुलदीप पुत्र हरीओम, अनिल पुत्र बसंत सिंह, वीरेंद्र पुत्र रामपाल, सिंटू पुत्र उदयवीर समेत ठाकुर पक्ष के 10-12 अज्ञात लोगों पर एफआईआर हुई है। विवेचना एसएसआई शिव कुमार मलिक को सौंपी गई है। संजरपुर में मारपीट और पथराव के मामले में पुलिस ने आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की (बीएनएस) की जिन धाराओं में एफआईआर हुई है, उनमें 191 (2), 191 (3), 121 (1), 132, 352, 351 (3) और आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1932 की धारा-7 भी शामिल हैं। इससे पहले पुलिस दोनों पक्ष के छह लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव संजरपुर में डीजे को लेकर झगड़ा होली वाले दिन हुआ था। उस दिन पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों को डंडे फटकार कर खदेड़ दिया था। अगले दिन सुबह में दोनों पक्ष के जब फिर से सामने पड़े तो कहासुनी के बाद जमकर पथराव हुआ था। किशोर समेत दो लोग लहूलुहान हो गए थे। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को पीएसी का भी सहयोग लेना पड़ा था।

### 13 मार्च को महिला आयोग की सदस्य सम्भल में महिला उत्पीड़न मामले की करेगी समीक्षा

**सम्भल, बहजोई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** 13 मार्च को को सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग अवनी सिंह का जनपद सम्भल भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह की अध्यक्षता में जनपद सम्भल में महिला उत्पीड़न की रोकथाम,एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा एवं जनसुनवाई 13 मार्च 2026 को पूर्वाहन 11 पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस सम्भल में प्रस्तावित है ।

### पुलिस ने होटल में मारा छापा, दो छात्राओं को पकड़ा, पीछे से दरवाजे से युवक भागे

**बदायूं,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दातागंज में हनुमान दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर पुलिस ने एक होटल में मंगलवार को छापा मारा। पुलिस को देखकर दो युवक पीछे के रास्ते से भाग गए। जबकि दो छात्राओं को पुलिस ने संदिग्ध हालत में पकड़ लिया। दोनों को थाने ले जाया गया, जहां परिजनों को बुलाकर उनके सुपर्द कर दिया गया। एक किशोरी स्कूल की ड्रेस पहने थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 16 मार्च से सेंसर युक्त ट्रैक पर होगा डीएल के लिए टेस्ट

**बदायूं,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) जारी करने की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में परिवहन विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। अब 16 मार्च से स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदकों को सेंसर युक्त आधुनिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर परीक्षा देनी होगी। नई व्यवस्था के लागू होने से लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। केवल योग्य आवेदकों को ही लाइसेंस मिल सकेगा। एआरटीओ हरिओम कुमार के अनुसार, बिल्सी रोड स्थित ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर 16 मार्च से स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ड्राइविंग टेस्ट की शुरुआत की जाएगी। इस ट्रैक को आधुनिक सेंसर तकनीक से लैस किया गया है। इसके माध्यम से आवेदक की ड्राइविंग क्षमता का निष्पक्ष और सटीक मूल्यांकन किया जाएगा। यदि वाहन निर्धारित ट्रैक से बाहर जाता है या नियमों का उल्लंघन होता है, जो सेंसर दर्ज कर लेगा।

### पीएम मोदी व ट्रंप के खिलाफ सोशल मीडिया पर की आपत्तिजनक पोस्ट

**बदायूं,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अमेरिका-ईरान-इस्राइल युद्ध के बीच पीएम मोदी व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने का मामला सामने आया है। इस मामले में आरोपी युवक द्वारा बुलंदशहर से पोस्ट डालने की बात सामने आई है। आरोपी युवक उसहैत थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी की तलाश के साथ मामले की जांच शुरू कर दी है। अमेरिका-ईरान-इस्राइल युद्ध के बीच सोशल मीडिया पर कई दिना से एक युवक फ़ेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करता आ रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक बुलंदशहर जिले में बैठकर यह काम कर रहा है। आरोप है कि युवक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रंप को निशाना बनाकर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा है। आरोपी उसहैत थाना क्षेत्र का निवासी है। आरोप है कि युवक भारत का समर्थन करने वालों को गालियां लिख रहा है। उसहैत इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वाला यहां का मूल निवासी है, लेकिन इस समय वह बुलंदशहर में रह रहा है। वहीं से उसने पोस्ट किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच क रही है। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### पति ने लगाई पुलिस से गुहार, पत्नी को बंधक बनाने का है, आरोप

**बदायूं,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पांच माह से पत्नी को पाने के लिए युवक परेशान है। आरोप है कि अक्तूबर में एक युवक अपने साथियों के साथ उसकी पत्नी का अपहरण कर ले गया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक ने बताया कि उसकी पत्नी की फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम के जरिये लखनऊ निवासी रंजीत पाल से दोस्ती हो गई। आरोप है कि 20 अक्टूबर 2025 को अपने एक साथी के साथ मिलकर उसने उसकी पत्नी का अपहरण कर लिया। आरोप है कि आरोपी घर में रखे 60 हजार रुपये, दो तोला वजन की सोने की जंजीर और चांदी के जेवर भी ले गए। घटना की जानकारी उसकी छह साल की बेटी ने दी, जिसने अपनी मां को दो लोगों के साथ जाते देखा था। दावा है कि रंजीत ने उसकी पत्नी को बंधक बना रखा है और उसे ब्लैकमेल कर रहा है। बार-बार संपर्क करने के बावजूद आरोपी उसे छोड़ने को तैयार नहीं है। जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर होगा विराट कवि सम्मेलन

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय नववर्ष की पूर्व संया 18 मार्च 2026 बुावार को सायं 8:00 बजे शहर के रामनरेश त्रिपाठी सभागार में 14 वां विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भारतीय नव वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। इस मौके पर देश के सुप्रसिद्ध कवि, गजलकार और कवियत्री ओजपूर्ण कविता, गजल व गीत प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एक बैठक भारतीय नववर्ष आयोजन समिति के अयक्ष चेयरमैन न.पा.प. प्रवीन कुमार अग्रवाल के नमक मंडी स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित हुई। भाजपा जिलायक्ष सुशील त्रिपाठी, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रामचन्द्र मिश्र, आरएसएस के नगर प्रचारक सुशील कुमार की मौजूद्गी में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हुई और व्यवस्थाओं एवं आयोजन को अभूतपूर्व बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम ऐतिहासिक ढंग से मनाया जाएगा। जिसमें जिले भर के राजनीतिक,सामाजिक संगठनों तथा प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। बैठक का समापन पूर्व जिलायक्ष करुणा शंकर द्विवेदी ने किया। बैठक में आयोजन समिति के सदस्यव व पूर्व जिलायक्ष करुणा शंकर द्विवेदी, विजय सिंह रघुवंशी, एमपी त्रिपाठी, .पा शंकर मिश्रा, संजय सोमवंशी, विनोद कुमार पांडेय, कौशलेंद्र मिश्रा एड.,रजनीश मिश्रा, दिनेश चौरसिया, मनीष जायसवाल, सुजीत सिंह, अनिल द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### संयुक्त किसान मोर्चा का प्रदर्शन, ट्रंप और नेतन्याहू का पुतला फूंका

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान अमेरिका और इजरायल की नीतियों के विरोा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्राानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। यह प्रदर्शन संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर आयोजित किया गया था। संगठन के कार्यकर्ताओं ने इसे प्रतिरोा दिवस के रूप में मनाते हुए अमेरिका और इजरायल की युद्ध नीतियों और व्यापारिक समझौतों के खिलाफ आवाज उठाई। संयुक्त किसान मोर्चा के जिलायक्ष शारदा प्रसाद पांडेय ने कहा कि अमेरिका और इजरायल की नीतियों के कारण कई क्षेत्रों में युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो रही है, जिसका किसान संगठन विरोा करता है।

## सीसी सड़क, नाली निर्माण का पालिकाध्यक्ष ने किया शिलान्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**❒ पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनीं और भरोसा दिलाया कि शहर में विकास की रफ्तार आगे भी इसी तरह जारी रहेगी**

बदायूं। नगरपालिका परिषद द्वारा शहर में विकास कार्यों को गति देने का काम अब तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से स्वीकृत निर्माण कार्यों को जनता को समर्पित करने का सिलसिला पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने शुरू कर दिया है।

सोमवार को वार्ड संख्या 9 जालन्धरी सराय की नाइयों वाली गली में करीब 8 लाख 8 हजार रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने शिलान्यास किया। यह निर्माण कार्य इकबाल के मकान से उल्ला होते हुए मुस्तफा के मकान तक कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान वार्ड में पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों और महिलाओं ने पालिकाध्यक्ष का फूल-मालाओं से अभिनंदन कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनीं और भरोसा दिलाया कि शहर में विकास की रफ्तार आगे भी इसी तरह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग से प्राप्त निधि के अंतर्गत शहर के कई वार्डों में सड़क, नाली व अन्य निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से अधिकांश अब पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर नूर मोहम्मद, दिलशाद, रईस, अनवर, दानिश इकबाल, तसलीम, नदीम, अकील, अय्यूब, इसरार, इस्तेयाक, साजिद, चन्दा, रोशन, फिरासत, कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, लवी कुमार, लिपिक नवैद इकबाल गनी, गजेन्द्र शाक्य सहित कई लोग मौजूद रहे।

## शेखूपुर रोड एसटीपी प्लांट के निर्माण पर विवाद कोर्ट के स्टे के बावजूद हो रहा निर्माण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट मीरा सराय शेखूपुर रोड स्थित के निर्माण को लेकर स्थानीय स्तर पर काफी विवाद की स्थिति बनी हुई है। कोर्ट का स्थगन आदेश स्थानीय रिपोर्ट्स और चर्चाओं के अनुसार, इस प्लांट के निर्माण पर न्यायालय द्वारा रोक लगाई गई है। उसके बावजूद भी निर्माण हो रहा है विवाद का मुख्य कारण यह है कि कोर्ट के आदेश के बावजूद, प्लांट की चारदीवारी के भीतर निर्माण कार्य चोरी-छिपे या लगातार जारी रहने की खबरें आ रही हैं। विवादों में घिरी कार्यदाई संस्था ग्रामीणों ने किया विरोध मीरा सराय और आसपास के निवासी इस प्लांट का विरोध कर रहे हैं। उनका तर्क है कि घनी आबादी और रिहायशी इलाके के पास एसटीपी प्लांट बनने से भविष्य में प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

प्रशासनिक रुख इस मामले में अक्सर स्थानीय प्रशासन और जल निगम पर कोर्ट के आदेशों की अनदेखी करने के आरोप लगते रहे हैं, जिसके कारण क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रहती है। सूत्रों ने बताया कि शेखूपुर रोड स्थित मीरा सराय में बन रहे एसटीपी के निर्माण पर विवाद है जो की कोर्ट के अधीन है। लेकिन कोर्ट के स्टे के बाबजूद चार दीवारी में मजदूरों को लगाकर निर्माण कार्य तेज़ी से कराया जा रहा है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) शेखूपुर रोड स्थित मीरा सराय में बना रहा है। शेखूपुर रोड स्थित शहर के मीरा सराय के पास सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। अभी यहां पर 350 मीटर की दीवार बनाई जा चुकी है, जबकि आगे का काम अभी जारी है। चहारदीवारी बन जाने के बाद अंदर का काम शुरू किया गया है।

## ग्रामीण दिव्यांग बालिका को स्वावलंबी बनाने की पहल, संस्था ने प्रदान की सिलाई मशीन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने की दिशा में मंगलवार को एक सराहनीय पहल की गई। जनपद के ग्रामीण क्षेत्र की एक दिव्यांग बालिका को उसके कौशल के अनुरूप सिलाई मशीन प्रदान की गई, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके।

यह कार्यक्रम भारतीय महिला शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य गांवों में आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को अपने कौशल के आधार पर रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सत्य प्रकाश मालवीय और संस्था की उपाध्यक्ष रजनी सिंह ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्था हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को अपने हुनर को पहचानकर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्वदेशी जागरण मंच काशी महानगर की संयोजिका कविता मालवीय ने 'गांव में स्वरोजगार' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि गांवों को शहरों से जोड़ते हुए प्रत्येक व्यक्ति के हाथ में रोजगार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पहल भले ही छोटी दिखाई दे, लेकिन इसी तरह के छोटे-छोटे प्रयास आगे चलकर बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। यदि गैर सरकारी संस्थाएं भी इसी प्रकार आगे आएं तो गांवों में महिलाओं को स्वावलंबी बनने का बेहतर अवसर मिलेगा।कार्यक्रम का संयोजन संस्था की संस्थापिका उर्मिला मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विभा दुबे, किरण पांडेय, सुषमा शुक्ला, संगीता झा, रंजना, शीला, अभिषेक, ईश्वर चंद और अंजू सहित कई लोगों की सहभागिता रही।

## विकास खण्ड गुन्नौर में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी कमलकान्त सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड गुन्नौर सभागार में संपन्न हुई।

समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी जीनम द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी श्री तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सहायक विकास अधिकारी श्री प्रमोद कुमार ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग से अनु शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, पुलिस विभाग से गुरजिन्दर कौर एस.आई, मोहित भाटी, कमल सिंह, विवेक कुमार, मनोज कुमार, सोमपाल सिंह, विकेश कुमार एवं हृदेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# जोखिम भी कम नहीं करिश्माई तकनीक के

एशिया की नजर से देखें, तो इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 को भारत इसलिए उपलब्धि मान सकता है कि एक उभरती हुई तकनीक में वैश्विक सम्मेलन का आयोजन करते हुए देश ने समय के साथ तेज कदमताल करने का साहस दिखाया। एक ऐसे समय में, जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों पर यह तोहमत है कि वे दुनिया भर की नौकरियों के लिए काल बन रही हैं और नैतिकता के प्रश्न इस तकनीक से संबंधित सवालों के शीर्ष पर हैं। इस सम्मेलन के आयोजन को तकनीक से बाहर के कई सवालों पर विचार-मंथन का मंच कहा जा सकता है। यह बात दीगर है कि कई सवालों के जवाब अभी नहीं मिले। ऐसा हो भी नहीं सकता, क्योंकि यह तकनीक और इससे जुड़ी सुविधाएं-दुविधाएं नयी हैं। धीरे-धीरे ही इससे जुड़े कई मसलों का हल सामने आएगा। जहां तक इस सम्मेलन की सफलता का सवाल है, तो इसके दो स्पष्ट छोर दिखे। एक छोर पर उत्साह और जिज्ञासा थी। दावा है कि अमेरिका के बाद भारत का एआई उपभोक्ता वर्ग सबसे बड़ा है। इसकी झलक सम्मेलन के पंडाल के अंदर-बाहर मौजूद भीड़ के रूप में मिली। जो संकेत थी कि भारत में कितने अधिक लोग एआई के बारे में जानने-समझने और इसे आजमाने के लिए उत्सुक हैं। दूसरे छोर पर गड़बड़ियां दिखीं। पहली गड़बड़ी वीआईपी हस्तियों के आवागमन के दौरान सम्मेलन में हिस्सा लेने आए लोगों, जानकारों और तकनीक के प्रदर्शकों को ही हॉल से बाहर करने से संबंधित थी। इस समस्या से पार पाया गया, तो एक निजी विश्वविद्यालय के चीन-निर्मित एआई रोबोट को अपना आविष्कार बताने के दावे ने जगहंसाई करा दी। हालांकि एक वैश्विक आयोजन में ऐसी समस्याएं पैदा होना स्वाभाविक है। इन घटनाओं से सबक लेकर दूसरे ऐसे आयोजनों में सावधानियां बरती जा सकती हैं। लेकिन प्रमुख सवाल है कि क्या इसके बावजूद सम्मेलन को सफल माना जा सकता है? एआई में देश के रूप में भारत कई उम्मीदें जगाता है। विशाल युवा आबादी वाले वर्ग की इसमें बड़ी भूमिका है। क्योंकि इस आबादी में बहुत बड़ा हिस्सा उनका है, जो तकनीक के मामले में शिक्षित हैं और सूचना-प्रौद्योगिकी क्षेत्र के वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय दखल रखते हैं। सत्या नडेला से लेकर सुंदर पिचाई तक भारतीय युवा पेशेवरों की लंबी लिस्ट है जो साबित करती है कि कंप्यूटर-आईटी के मामले में हमारी प्रतिभाओं का कोई सानी नहीं। आईटी के बाद इंटरनेट की दुनिया में जब से एआई की चर्चा चली है, यह दावा भी किया जाने लगा था कि इसमें भी भारतीय पेशेवर आगे रहेंगे। हालांकि एआई का यह नया दौर अभी शैशवावस्था में है, अभी यह कहना प्रासंगिक नहीं होगा। वजह यह कि अपने नए रूप-रंग में आते ही एआई को तकरीबन हर दूसरे क्षेत्र (सेक्टर) की नौकरियों का काल माना जाने लगा है। दूसरी समस्या है कि अभी एनवीडिया और ओपनएआई समेत जो एआई कंपनियां धाक जमा पाई हैं, उनमें से ज्यादातर अमेरिकी हैं। या फिर डीपसीक जैसी पहलकदमियों के बल पर चीन बड़ा मैदान मारने की कोशिश में है। मामला असल में इनोवेशन का है, जिसमें भारत को दांव आजमाना चाहिए। लेकिन इस मोर्चे पर अभी हमारा देश कुछ ठोस खोजने में कामयाब नहीं रहा। शायद यही वजह कि इस शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र में भारत ने एआई के प्रति अमेरिका की उदासीन नीतियों का आसानी से समर्थन कर दिया। इसकी वजह यही समझ में आती है कि जिन लोगों, संस्थाओं और संगठनों के कंधों पर देश में एआई से संबंधित नवाचार करने की जिम्मेदारी है, उनके पास कुछ नया कहने-सुनने व करने को नहीं है। अभी कोई स्वदेशी कंपनी चौटजीपीटी से आगे की एआई तकनीक का कोई मॉडल नहीं सुझा पाई।

# विपक्ष की भूमिका पर उठते सवाल

**विदेश मंत्री ने राज्यसभा और लोकसभा दोनों में पश्चिम एशिया की स्थिति पर विस्तार से सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौजूदा संघर्ष भारत के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। इसके अलावा भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी काफी हद तक इसी क्षेत्र पर निर्भर है। भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है और अब तक हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया जा चुका है। संबंधित मंत्रालयों और विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा जा रहा है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि संघर्ष के कारण वैश्विक सप्लाई चेन और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती है इसलिए भारत स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि ईरान की मौजूदा परिस्थितियों में नेतृत्व स्तर पर संपर्क करना कठिन हो गया है, किंतु भारत हमेशा शांति, संवाद और कूटनीतिक समाधान का पक्षधर रहा है। जब सरकार इस विषय पर संसद को जानकारी दे चुकी थी, तब भी विपक्ष का लगातार वी वांट डिस्कशन के नारे लगाना और सदन की कार्यवाही बाधित करना कई प्रश्नों को जन्म देता है। क्या विपक्ष को यह ज्ञात नहीं कि भारत एक विशाल और जटिल देश है, जहाँ 140 करोड़ से अधिक लोगों की आकांक्षाएँ और समस्याएँ हैं? रोजगार, कृषि संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य की गुणवत्ता, बुनियादी ढाँचे का विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और जल संकट जैसे अनेक विषय हैं, जिन पर संसद में गहन और गंभीर चर्चा की आवश्यकता है। यह एक गहन तथ्य है कि भारत की अर्थव्यवस्था आज लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर के आकार तक पहुँच चुकी है और सरकार इसे आने वाले वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है।**

भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्था संसद है। यही वह मंच है जहाँ जनता के प्रतिनिधि देश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते हैं, सरकार से जवाबदेही मांगते हैं और राष्ट्रीय हित में नीतियों का निर्माण करते हैं। लोकतंत्र में संसद देश की सामूहिक चेतना का प्रतीक भी होती है, यहाँ होने वाली बहसें सरकार की नीतियों को दिशा देती हैं और जनता की आकांक्षाओं और समस्याओं को भी राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाती हैं। यही कारण है कि संसद से यह अपेक्षा की जाती है कि यहाँ होने वाली हर बहस का केंद्र भारत और उसके नागरिकों की समस्याएँ हों। वस्तुतः हाल ही में संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन जो दृश्य सामने आया, उसने अवश्य आज लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस ने अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष तथा पश्चिम एशिया की स्थिति पर संसद में चर्चा की मांग को लेकर इतना हंगामा कर दिया कि लोकसभा की कार्यवाही चल ही नहीं सकी। यह स्थिति तब पैदा हुई जब सरकार की ओर से विदेश मंत्री पहले ही इस विषय पर संसद में विस्तृत जानकारी दे चुके थे। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या यह वास्तव में जनहित का मुद्दा था या फिर राजनीतिक विरोध के लिए संसद को बाधित करने की रणनीति? विदेश मंत्री ने राज्यसभा और लोकसभा दोनों में पश्चिम एशिया की स्थिति पर विस्तार से सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौजूदा संघर्ष भारत के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। इसके अलावा भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी काफी हद तक इसी क्षेत्र पर निर्भर है। भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है और अब तक हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया जा चुका है। संबंधित मंत्रालयों और विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा जा रहा है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि संघर्ष के कारण वैश्विक सप्लाई चेन और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती है इसलिए भारत स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि ईरान की मौजूदा परिस्थितियों में नेतृत्व स्तर पर संपर्क करना कठिन हो गया है, किंतु भारत हमेशा शांति, संवाद और कूटनीतिक समाधान का पक्षधर रहा है। जब सरकार इस विषय पर संसद को जानकारी दे चुकी थी, तब भी विपक्ष का लगातार वी वांट डिस्कशन के नारे लगाना और सदन की कार्यवाही बाधित करना कई प्रश्नों को जन्म देता है। क्या विपक्ष को यह ज्ञात नहीं कि भारत एक विशाल और जटिल देश है, जहाँ 140 करोड़ से अधिक लोगों की आकांक्षाएँ और समस्याएँ हैं? रोजगार, कृषि संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य की गुणवत्ता, बुनियादी ढाँचे का विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और जल संकट जैसे अनेक विषय हैं, जिन पर संसद में गहन और गंभीर चर्चा की आवश्यकता है। यह एक गहन तथ्य है कि भारत की अर्थव्यवस्था आज लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर के आकार तक पहुँच चुकी है और सरकार इसे आने वाले वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है जब उद्योगों में निवेश बढ़े, रोजगार सृजन की गति तेज हो और युवाओं को व्यापक अवसर मिलें। हर वर्ष लगभग एक से सवा करोड़ युवा श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। यदि इतने बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध नहीं हुए तो बेरोजगारी और सामाजिक असंतोष दोनों बढ़ सकते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि वर्तमान में देश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह स्थिति भारत को एक बड़ा जनसांख्यिकीय लाभ प्रदान करती है, जिसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहा जाता है, किंतु इसका लाभ तभी लिया जा सकता है जब युवाओं को पर्याप्त शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। यदि ऐसा नहीं हुआ तो यही जनसांख्यिकीय लाभ भविष्य में चुनौती भी बन सकता है। इसी तरह किसानों की आय, ग्रामीण विकास, शिक्षा व्यवस्था का सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और बुनियादी ढाँचे का विकास जैसे विषय सीधे भारत के भविष्य से जुड़े हुए हैं। संसद में इन मुद्दों पर व्यापक और गंभीर चर्चा की आवश्यकता है। यदि संसद का बहुमूल्य समय विदेशी संघर्षों पर राजनीतिक हंगामे में खर्च हो जाए, तो यह लोकतंत्र की भावना के अनुरूप कैसे माना जा सकता है? यह स्पष्ट है कि विदेश नीति और वैश्विक घटनाएँ भी महत्वपूर्ण होती हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति का भारत की ऊर्जा सुरक्षा और प्रवासी भारतीयों से गहरा संबंध है। इसलिए इस विषय पर सरकार का सतर्क रहना और संसद को जानकारी देना आवश्यक है। लेकिन इसका यह अर्थ बिल्कुल नहीं हो सकता कि इन मुद्दों को संसद की कार्यवाही बाधित करने का साधन बना दिया जाए। हालांकि इसमें दो मत नहीं कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वह सरकार की नीतियों की आलोचना करता है, उसकी गलतियों की ओर ध्यान दिलाता है और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। परन्तु यह भूमिका तभी सार्थक होती है जब वह जिम्मेदार और रचनात्मक हो। संसद को बार-बार बाधित करना, नारेबाजी करना और बहस के बजाय हंगामा करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता है। विडंबना यह भी रही कि जब विदेश मंत्री राज्यसभा में इस विषय पर बोल रहे थे, तब विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। यदि वास्तव में चर्चा की इच्छा होती तो विपक्ष उस समय सदन में रहकर सवाल पूछ सकता था, अपनी चिंताएँ व्यक्त कर सकता था और सरकार को जवाब देने के लिए बाध्य कर सकता था। लेकिन वॉकआउट और हंगामा यह संकेत देते हैं कि उद्देश्य शायद चर्चा से अधिक राजनीतिक संदेश देना था। वस्तुतः आज भारत विश्व मंच पर तेजी से उभरती हुई शक्ति है। आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक दृष्टि से भारत की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो चुकी है। ऐसे समय में संसद का हर निर्णय और हर बहस वैश्विक स्तर पर भी एक संदेश देती है। यदि संसद में बार-बार अव्यवस्था और हंगामा होता है, तो यह लोकतांत्रिक परिपक्वता की छवि को भी प्रभावित करता है। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि सभी राजनीतिक दल संसद की गरिमा और उसकी जिम्मेदारी को समझें। भले असहमति लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, किंतु उसका तरीका रचनात्मक और तथ्य आधारित होना चाहिए। लोकतंत्र में संसद राष्ट्रीय जिम्मेदारी का प्रतीक है। यहाँ होने वाली बहसें देश की दिशा और भविष्य तय करती हैं। रोजगार, कृषि, शिक्षा-स्वास्थ्य, राष्ट्रीय सुरक्षा और पर्यावरण जैसे मुद्दे करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े प्रश्न हैं। इन पर गंभीर, तथ्य आधारित और दूरदर्शी चर्चा ही भारत को समावेशी और टिकाऊ विकास की राह पर आगे बढ़ा सकती है। सभी सांसदों से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वे संसद में राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दें। यदि सभी दल इस भावना के साथ काम करें तो संसद वास्तव में उस उद्देश्य को पूरा करती दिखती है जिसके लिए उसे लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था कहा जाता है। **–डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# कनाडा के साथ यूरेनियम डील भारत के लिए कैसे मददगार होगी

**वासुदेवन मुकुंथ**

अब तक की कहानी ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में प्रयासरत भारत ने 2 मार्च को कनाडा की कंपनी कैमेको के साथ 2.6 अरब कनाडियन डॉलर का समझौता किया। इस समझौते के तहत भारत को 2027 से 2035 के बीच लगभग 10,000 टन यूरेनियम की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। भारत के पास यूरेनियम का कितना भंडार रू भारत में यूरेनियम के घरेलू और आयातित भंडार दोनों मौजूद हैं। घरेलू भंडार में 4.2-4.3 लाख टन अयस्क है, जो झारखंड के जादुगुडा और तुरमडीह तथा आंध्र प्रदेश के तुम्मलपल्ले की प्रमुख खानों में फैला हुआ है। इस अयस्क से निकाले जा सकने वाले यूरेनियम की मात्रा 76,000-92,000 टन होने का अनुमान है। अयस्क और धातु के बीच परिमाण का अंतर इसलिए है क्योंकि भारतीय अयस्क 'निम्न श्रेणी' का है (0.02-0.45 प्रतिशत सांद्रता), जबकि कनाडा में उच्च श्रेणी का अयस्क पाया जाता है (भारतीय अयस्क से 10-100 गुना अधिक समृद्ध)। मात्रा के हिसाब से कैमेको विश्व के 3 सबसे बड़े यूरेनियम उत्पादकों में से एक है। यूरेनियम अयस्क का आयात करना इसे निकालने की तुलना में सस्ता है लेकिन इसका उपयोग कानूनी तौर पर परमाणु हथियारों में नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि भारत घरेलू स्तर पर भी अयस्क का खनन करता है। कैमेको के साथ यह समझौता भारत-कनाडा नागरिक परमाणु सहयोग समझौते (एन.सी.ए.) के अंतर्गत आता है। इस पर 2010 में हस्ताक्षर किए गए थे, परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह द्वारा भारत को 'क्लीन' छूट जारी करने के 2 साल बाद, जो बदले में भारत और अमरीका के बीच 123वें परमाणु समझौते के कारण संभव हुई थी। दूसरी ओर, एन.सी.ए. की इस बात के लिए भी आलोचना की गई है कि वह भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम को परोक्ष रूप से समर्थन दे रहा है, भारत नागरिक उपयोग के लिए जितना अधिक यूरेनियम आयात करता है, उतना ही अधिक घरेलू यूरेनियम वह सैन्य उपयोग के लिए सुनिश्चित कर सकता है। भारत में वर्तमान में लगभग 9 गीगावाट की उत्पादन क्षमता वाले 24 परमाणु रिएक्टर कार्यरत हैं। 700 मैगावाट क्षमता वाले प्रैशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर (पी.एच.डब्ल्यू.आर.) वर्तमान में भारत की कुल बिजली का 6.7 गीगावाट, यानी लगभग 3 प्रतिशत उत्पादन करते हैं और इनमें ईंधन के रूप में यूरेनियम का उपयोग होता है। सरकार 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को 100 गीगावाट तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि, भूमि अधिग्रहण और स्थानीय विरोध प्रदर्शनों के कारण इस योगदान को बढ़ाने के पिछले प्रयास बाधित हुए हैं। ट्रॉम्बे में स्थित 'ध्रुवा' जैसे अनुसंधान रिएक्टरों में भी यूरेनियम की महत्वपूर्ण मात्रा का उपयोग टैक्नीशियम-99एम और आयोडीन-131 जैसे चिकित्सा समस्थानिकों के उत्पादन और उन्नत सामग्री विज्ञान अनुसंधान के लिए किया जाता है। 2025-26 के केंद्रीय बजट में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई पीढ़ी के छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के विकास के लिए 20,000 करोड़ रुपए आबंटित किए, जो आमतौर पर 3.5 प्रतिशत समृद्ध यूरेनियम का उपयोग करते हैं। घरेलू यूरेनियम का उपयोग परमाणु युद्धक हथियारों (जिनकी संख्या वर्तमान में लगभग 170 होने का अनुमान है) और परमाणु ऊर्जा से चलने वाली आई.एन.एस. अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बियों के लिए भी किया जाता है। भारत वर्तमान में तीन चरणों वाले कार्यक्रम के पहले चरण से दूसरे चरण में प्रवेश कर रहा है। पहले चरण में, फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पी.एच.आर.) बिजली उत्पादन के लिए प्राकृतिक यूरेनियम-235 का उपयोग करेंगे और प्लूटोनियम-239 उप-उत्पाद के रूप में प्राप्त होगा। दूसरे चरण में, फास्ट ब्रीडर रिएक्टर बिजली उत्पादन, यूरेनियम-233 और अतिरिक्त प्लूटोनियम-239 के मिश्रित ऑक्साइड ईंधन का उपयोग करेंगे। (इन रिएक्टरों को फास्ट ब्रीडर रिएक्टर इसलिए कहा जाता है क्योंकि ये खपत से अधिक ईंधन का उत्पादन करते हैं।) कलपक्कम में स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पी.एफ.बी.आर.) वर्तमान में चालू होने के उन्नत चरण में है। अंततः, उन्नत भारी जल रिएक्टर ईंधन के रूप में प्लूटोनियम-239 और थोरियम-232 का उपयोग करेंगे, जिससे बिजली और यूरेनियम-233 का उत्पादन होगा। होमी जे. भाभा ने इस तीन-चरणीय कार्यक्रम की परिकल्पना इस तथ्य का लाभ उठाने के लिए की थी कि भारत में विश्व के थोरियम भंडार का 20-25 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। हालांकि, इस कार्यक्रम में कई बार देरी हुई और लागत में भी भारी वृद्धि हुई है। डी.ए.ई. के पूर्व अध्यक्ष अनिल काकोडकर ने बताया है कि एक फास्ट ब्रीडर रिएक्टर द्वारा दूसरे रिएक्टर को शुरू करने के लिए पर्याप्त ईंधन उत्पादन करने में लगने वाला समय (डबलिंग टाइम) वर्तमान में 15-20 वर्ष है।

## सेहत मंत्र

# आनुवांशिक कारणों से होता है सिकल सेल रोग

सिकल सेल रोग खून से जुड़ी एक बीमारी है, जो बच्चे में अपने माता या पिता या दोनों से आनुवंशिक रूप से आती है। इस बीमारी में खून में पर्याप्त संख्या में लाल रक्त कोशिकाएं (आरबीसी/ रेड ब्लड सैल्स) नहीं होतीं, जो शरीर में ऑक्सीजन ले जाने के लिए जरूरी हैं। आमतौर पर यह बीमारी अफ्रीका, अरब और भारतीय प्रायद्वीप में पाई जाती है। इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स में पीडिएट्रिक ओंकोलोजी एवं हीमेटोलोजी की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अमिता महाजन ने कहा, अगर माता-पिता में से एक में भी सिकल सैल का जीन है तो बच्चे में यह बीमारी होने की संभावना होती है। यानी इन बच्चों में हीमोग्लोबिन का एक जीन सामान्य होता है, लेकिन दूसरा जीन दोषयुक्त होता है। ऐसे बच्चों के शरीर में दोनों तरह का हीमोग्लोबिन बनता है-सामान्य हीमोग्लोबिन और सिकल सैल हीमोग्लोबिन। इनमें कुछ सिकल सैल्स हो सकती हैं, लेकिन आमतौर पर बीमारी के लक्षण नहीं होते। उन्होंने कहा, यह बच्चे रोग के वाहक होते हैं, यानी इनका दोषयुक्त जीन अगली पीढ़ी में इनके बच्चों में जा सकता है। अगर माता-पिता दोनों में रोग का जीन है तो बच्चा निश्चित रूप से बीमारी से पीड़ित होता है। उन्होंने बताया कि सिकल सैल जीन सबसे पहले 1952 में उत्तरी तमिलनाडु की नीलगिरी की पहाड़ियों में सामने आया, आज केन्द्रीय भारत के डेक्कन पठार में बड़ी संख्या में लोगों में यह जीन मौजूद है। तमिलनाडु और केरल के उत्तरी इलाकों में भी इसकी कुछ हद तक मौजूदगी है। उत्तरी केरल एवं तमिलनाडु इलाकों में बड़ी संख्या में आदिवासी लोगों में यह जीन मौजूद हैं, ऐसे में माना जाता है कि आदिवासी आबादी में एचबीएस जीन की संभावना अधिक होती है। हालांकि यह आदिवासी एवं गैर-आदिवासी दोनों तरह की आबादी में पाया जाता है। डॉ. अमिता महाजन ने इसके लक्षण के बारे में बताया, सिकल सैल रोग के मरीज में हीमोग्लोबिन पर्याप्त मात्रा में नहीं बनता, ऐसे में इन मरीजों को खून चढ़ाने की जरूरत होती है। जीवन के पहले साल से ही मरीज में बीमारी के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। बीमारी के लक्षण हैं-दर्द, बार-बार न्यूमोनिया, हाथों और पैरों में दर्द के साथ सूजन, प्लीहा/ स्प्लीन (अंग जो संक्रमण से लड़ने में मदद करता है) में अचानक सूजन, स्ट्रोक, देखने में परेशानी, शरीर का विकास ठीक से न होना या हड्डियों में अन्य जटिलताएं।

## धर्म मंत्र

# शिव पार्वती से छीन कर विष्णु जी ने बद्रीनाथ को बनाया था अपना धाम

उत्तराखंड राज्य में स्थित अलकनंदा नदी के किनारे बद्रीनाथ धाम है। इसे बदरीनारायण मंदिर भी कहते हैं। हिंदू शास्त्रों के मुताबिक एक बार भगवान विष्णु काफी लंबे समय से शेषनाग की शैया पर विश्राम कर रहे थे। ऐसे में उधर से गुजरते हुए नारद जी ने उन्हें जगा दिया। इसके बाद नारद जी उन्हें प्रणाम करते हुए बोले कि प्रभु आप लंबे समय से विश्राम कर रहे हैं। इससे लोगों के बीच आपका उदाहरण आलस के लिए दिया जाने लगा है। यह बात ठीक नहीं है। नारद जी की बातें सुनकर भगवान विष्णु ने शेषनाग की शैया को छोड़ दिया और तपस्या के लिए एक शांत स्थान ढूंढने निकल पड़े। इस प्रयास में वे हिमालय की ओर चल पड़े,तब उनकी दृष्टि पहाड़ों पर बने बद्रीनाथ पर पड़ी। विष्णु जी को लगा कि यह तपस्या के लिए अच्छा स्थान साबित हो सकता है। जब विष्णु जी वहां पहुंचे तो देखा कि वहां एक कुटिया में भगवान शिव और माता पार्वती विराजमान थे। अब विष्णु जी सोच में पड़ गए कि अगर वह इस स्थान को तपस्या के लिए चुनते हैं तो भगवान शिव क्रोधित हो जाएंगे। इसलिए उन्होंने उस स्थान को ग्रहण करने का एक उपाय सोचा, और एक शिशु का अवतार लिया और बद्रीनाथ के दरवाजे पर रोने लगे। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर माता पार्वती का हृदय द्रवित हो गया और वह उस बालक को गोद में उठाने के लिए बढ़ने लगीं। शिव जी ने उन्हें मना भी किया कि वह इस शिशु को गोद न लें लेकिन वह नहीं मानी। वह शिव जी से कहने लगी कि आप कितने निर्दयी हैं और एक बच्चे को कैसे रोता हुए देख सकते हैं। इसके बाद पार्वती जी ने उस बच्चे को गोद में उठा लिया और उसे लेकर घर के अंदर आ गईं। उन्होंने शिशु को दूध पिलाया और उसे चुप कराया। बच्चे को नींद आने लगी तो पार्वती जी ने उसे घर में सुला दिया। इसके बाद वे दोनों पास के एक कुंड में स्नान करने के लिए चले गए।

## पर्यटन



# छुट्टियां बिताने के लिए एकदम परफ़ेक्ट जगह है लक्षद्वीप

नीला आसमान, चारों तरफ नीला पानी, सरसराती तेज हवाएं, सुनहरे समुद्री तट, नारियल के घने जंगल, जादुई लैगूनों, बहुत कम आबादी, पर्यटकों से प्राय अछूता। टूना मछली के लिए दुनिया में मशहूर ये द्वीप समूह पर्यटकों की आवाजाही पर काफी नियंत्रण होने की वजह से दूसरी सैरगाहों से काफी अलग है। ये स्थान केरल से 250 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जो छुट्टी बिताने के लिए एक परफ़ेक्ट जगह है। लक्षद्वीप जो पहले लक्कादीवस के नाम से जाना जाता था, 39 द्वीपों और छोटे द्वीपों का एक समूह है, जो तेजी से एक पर्यटक आकर्षण बन गया है, विशेष रूप से ये जगह उन लोगों के लिए जो प्रकृति को पसंद करते हैं और एकांतमय सूरज और रेत के आसपास छुट्टी मनाने का विचार कर रहे हैं। इस द्वीप को लक्षद्वीप के प्रवेश द्वार के नाम से भी जाना जाता है साथ ही ये यहाँ आने वालों के लिए एक बहुत ही लोकप्रिय स्थल है, ये द्वीप इतना खूबसूरत है कि अगर आप लक्षद्वीप आएं और यहाँ न घूमें तो आपकी यात्रा अधूरी होगी। यहाँ आने के लिए आपको लक्षद्वीप के किसी भी हिस्से से बोट हमेशा तैयार मिलेंगी। मुख्यतः नौकाएँ ही यहाँ यातायात का मुख्य माध्यम है। इसके अलावा, अगाती ही पूरे लक्षद्वीप द्वीप समूह में घरेलू हवाई अड्डा प्रदान करता है जहाँ से आसानी से कोचीन और बंगलौर के लिए प्रस्थान किया जा सकता है। ये एयरपोर्ट अगाती द्वीप के दक्ष?ण में बना हुआ है और लक्षद्वीप की ये अकेली हवाई पट्टी है। 4000 फीट लंबाई वाली ये छोटी सी हवाई पट्टी देखने में जितनी सुंदर लगे लेकिन यहां जहाज उतारना काफी ख़तरनाक है। मलिकु द्वीप जिसे मिनिकॉय या मलिकु एटोल के नाम से भी जाना जाता है, लक्षद्वीप द्वीप समूह का दक्षिणी द्वीप है। ऐतिहासिक दृष्टि से आज एक अलग राष्ट्र के रूप में जाने जाना वाला मालदीव का एक हिस्सा है, मिनिकॉय दोनों तरह से जैसे सांस्कृतिक और भाषायी समानताएं मालदीव के साथ रखता है। यह एक अपेक्षाकृत छोटा द्वीप है जो लंबाई में 10 किलोमीटर के आसपास है और इसके विस्तृत क्षेत्र 1 किलोमीटर के आसपास है। इस द्वीप को 1976 में भारत और मालदीव के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद भारत को सौंपा गया था। 1982 में मालदीव के उच्च नेताओं द्वारा कुछ टिप्पणी करने के कारण कुछ समय के लिए ये स्थान विवाद केंद्र था, लेकिन यह मामला जल्दी ही सुलझा दिया गया था।

## सप्ताह भर बाद मिला लापता किशोर का शव

**फतेहपुर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** होली के दिन नहर में नहाते समय लापता हुए 17 वर्षीय किशोर अर्जुन कुमार गौतम का शव सात दिन बाद बदोसराय थाना क्षेत्र के कसरैला गांव के पास शारदा सहायक नहर झाल में बरामद हुआ।शव मिलने के बाद परिवार और क्षेत्र में शोक का माहौल है। जानकारी अनुसार, फतेहपुर थाना क्षेत्र निवासी अर्जुन कुमार गौतम (17) पुत्र श्यामलाल 4 मार्च को होली खेलने के बाद अपने दोस्तों के साथ गांव के उत्तर दिशा में स्थित शारदा सहायक नहर में नहाने गया था। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गया। साथियों और परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी,पुलिस ने लगातार कई दिनों तक नहर मेंखोज की, लेकिन सफलता नहीं मिली।इसी बीच बदोसराय थाना क्षेत्र के कसरैला गांव के पास नहर में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पुलिसको मिली। पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद शव को पोएम हेतु भेज दिया। कोतवाल अमित सिंह से परिजनों ने संपर्क किया और उन्हें पी एम हाउस बुलाया। वहां पहुंचने पर परिजनों ने शव की पहचान अर्जुन गौतम के रूप में की।पहचान होते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अध्यापकों का दायित्व : दिनेश

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड सिद्धौर सभागार में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने उक्त विषय पर विस्तार से चर्चा की।कहा कि विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना शिक्षकों की जिम्मेदारी है?, जिससे सभी शिक्षक अपने कर्तव्यों को पूरी तरह से निभाएं , जिससे बच्चों का भविष्य बेहतर हो।कार्यक्रम में शिक्षक आदर्श पांडे , विवेक शुक्ला, चंद्र शेखर सिंह,शिक्षामित्र ,ग्राम प्रधान, चंद्रशेखर यादव ,सहित सिद्धौर चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, पवन मिश्रा,सत्य नाम वर्मा ,डा.राजेंद्र प्रसाद वर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

## पत्नी से विवाद, आत्महत्या की

**फतेहपुर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक युवक का शव अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र से खांसी फंदे से लटकता बरामद हुआ। पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजा। मृतक की पहचान फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डमौरा, टांडा मजरे निजाम अली निवासी बबलू यादव(30) पुत्र राजकरण के रूप में हुई। बताया जाता है कि सोमवार दोपहर करीब 3 बजे बबलू यादव का अपनी पत्नी सुशीला से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था इसके बाद वह नाराज होकर मायके चली गई थी। और उसी दिन बबलू भी घर से चला गया। आज उसका शव ग्राम इसरौली स्थितअपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में गमछे से लटकता हुआ देखा गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र यश(10) हर्ष(8)और एक पुत्री आरूही( 7) छोड़ गया। इसरौली चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया घटना की जांच और पीएम रिपोर्ट बाद कार्यवाही की जायेगी।

## उन्मुखीकरण कार्यशाला का भव्य आयोजन

**फतेहपुर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित प्रधानो की संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यशाला में बताया कि प्रधान व विद्यालय प्रशासन मिलकर कार्य करें तभी शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी जिसको मद्दे नजर रखते हुए विचार विमर्श किया। उन्होंने बताया कि ब्लाक क्षेत्र के 15 छात्रों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत का नाम रोशन किया। उ0प्र0 जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा विधालय की पहचान प्रधान और विधालय प्रशासन के समन्वय से होती है।उ0प्र0 प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि विद्यालयों के कायाकल्प और स्वामी कारण में प्रधानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है प्रधानों के सहयोग से विद्यालयों का विकास तेजी से हो रहा है और सऊदी कारण का कार्य पूरा किया जा रहा है इस मौके पर मंडलीय संयुक्त मंत्री अयोध्या मंडल अर्जुन प्रसाद महिला शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष लीलावती ब्लॉक मंत्री डॉ अशोक कुमार यादव, सल्पूराम, डॉ विकास चंद्र वर्मा समय तमाम प्रबुद्ध नागरिक मौजूद है।

## रसोई गैस के लिए मची अपरा तफरी

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ईरान व अमेरिका-इजरायल के बीच तनाव का असर रसोई गैस की आपूर्ति पर पड़ रहा है,जिसका फायदा गैस एजेंसी मालिक मंहगे दामों पर सिलेंडर बेचकर उठा रहे हैं। रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र अहमदपुर में राधेश्याम इण्डियन ग्रामीण वितर गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को कैश एंड कैरी योजना का लाभ नहीं मिल रहा,उन्हें गोदाम पर भी 950 रुपये में सिलेंडर लेना पड़ रहा है।उपभोक्ता कलावती,राम नारायण और संपता देवी ने बताया कि गोदाम और होम डिलीवरी दोनों एक ही रेट पर मिलते है।

## पिता की हत्या के आरोप में किशोर बेटा गिरफ्तार, लाठी से वार कर उतारा था मौत के घाट

**मोहनलालगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ,मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजेहटा गांव में पिता की लाठी से पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी किशोर बेटे को आलाकत्ल समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद से इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है।इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार खुजेहटा गांव निवासी रामकरन रावत (47) की सोमवार सुबह उसके 17 वर्षीय बेटे ने लाठी से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी किशोर मौके से फरार हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।मृतक के पिता नौमीलाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी किशोर के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया था। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए घटना के करीब छह घंटे के भीतर आरोपी किशोर को पकड़ लिया और उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लाठी भी बरामद कर ली। पुलिस पूछताछ में आरोपी किशोर ने बताया कि उसका पिता अत्यधिक शराब पीने का आदी था। वह अक्सर शराब के नशे में घर आता और मां समेत बच्चों के साथ मारपीट करता था। कई बार शराब के लिए वह घर का सामान तक बेच देता था। पिता की इन हरकतों से पूरा परिवार लंबे समय से परेशान था।किशोर ने बताया कि घटना वाले दिन भी पिता शराब के नशे में घर आए और विवाद करने लगे। इसी दौरान झगड़ा बढ़ गया, जिसके बाद गुस्से में आकर उसने पिता की लाठी से उनके सिर पर कई वार कर दिए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर दिया है। वहीं गांव में हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं।

### समाजिक समृद्धि व परिवर्तन में अहम भूमिका निभा रहे हैं होली मिलन समारोह

# सामाजिक समरसता के महत्व को दर्शाते मिलन समारोह : रमा मिश्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। सामाजिक समरसता और विकसित मजबूत समाज की आवश्यकतानुसार होली मिलन समारोह का आयोजनों में पुरुष व महिलाएं बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।

नगर की पाश कॉलोनी आवास विकास के महिला मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह वास्तव में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता का एक अद्भुत उदाहरण बना है। महिला मंडल द्वारा कॉलोनी निवासी ममता गुप्ता के आवास पर आयोजित इस समारोह में महिला मंडल द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समारोह में विभिन्न कार्यक्रम होली के गीत, नृत्य, और खेल आयोजित हुए, जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष ने कहा, ''हमारा उद्देश्य महिलाओं को एक मंच पर लाना और उन्हें अपने विचारों को साझा करने का अवसर देना है। हमारा मानना है कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनके बिना समाज का विकास असंभव है। समारोह में उपस्थित महिलाओं ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि इस तरह के आयोजनों से उन्हें प्रेरणा मिलती है और वे अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होती है।इस अवसर पर महिला मंडल की मुखिया श्रीमती रमा मिश्रा ने कहा, ऐसे आयोजन से ''हमारा उद्देश्य महिलाओं को एक मंच पर लाना और उन्हें अपने विचारों को साझा करने का अवसर देना है। हमारा मानना है कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनके बिना समाज का विकास असंभव है।''श्रीमती प्रीति पांडेय के अनुसार, महिला समूह समाज के हर वर्ग को एकीकरण और आपसी भेदभाव भुलाकर उल्लास और सौहार्द का प्रभावी प्रतीक है। उनका यह बयान महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता के महत्व को दर्शाता है। श्रीमती रेखा बीपी दास ने कहा कि ऐसे आयोजन से एकता और समरसता बढ़ती है और- महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सामाजिक भेदभाव कम होता है।समारोह में उपस्थित अन्य महिलाओं ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि इस तरह के आयोजनों से उन्हें प्रेरणा मिलती है और वे अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होती हैं।आयोजन में अनुपम दीदी की उपस्थिति से कार्यक्रम प्रेरणादाई बना। इस अवसर पर श्रीमती आशा मिश्रा,रमा मिश्रा श्रीमती पुष्पा, श्रीमती सुनीता,श्रीमती प्रीति पांडे,

श्रीमती स्नेहा, श्रीमती बसंत रीता, श्रीमती धारा श्रीमती सरिता श्रीमती सरला गुप्ता श्रीमती दीप्ति गुप्ता व श्रीमती नीतू आदि विशेष रूप उपस्थित रहीं।

इसी क्रम में नगर पंचायत बंकी में

उद्योग व्यापार संगठन द्वारा आयोजित किया होली मिलन समारोह सामाजिक समरसता और एकता का संदेश बना। बंकी नगर पंचायत में संचालित गंगाराम फार्मेसी कॉलेज परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में संगठन के अध्यक्ष किशन जयसवाल ने कहा कि होली का पर्व आपसी कटुता को भुलाकर प्रेम बांटने का त्यौहार है। महामंत्री मोहित जायसवाल ने कहा कि हमारा संगठन व्यापारियों के हितों के साथ-साथ सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह सिद्धू, महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, जिला संगठन मंत्री जन्मजय गुप्ता , उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल, बड़ेल अध्यक्ष अनुपम शुक्ला , देवा अध्यक्ष इमरान अहमद आदि उपस्थित रहे। आए मेहमानों का अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया।

# शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए टीकाकरण लक्ष्य : राजीव सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौली गौसपुर बाराबंकी ।अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्रतिरक्षण राजीव सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डाक्टर सन्तोष कुमार सिंह के संयोजन में स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिलाओं के साथ समीक्षा बैठक की।मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरौलीगौसपुर के अधीक्षक कार्यालय में डाक्टर सन्तोष कुमार सिंह के संयोजन में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्रतिरक्षण राजीव सिंह ने स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिलाओं के साथ समीक्षा बैठक करते हुए टीकाकरण कार्यक्रम की गहन समीक्षा करते हुए सभी को निर्देशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्र की सभी आशाओं से शत-प्रतिशत हेड कांउट सर्वे पूर्ण कराकर टीकाकरण लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा किया जाय साथ ही साथ सभी की आभा आई डी व प्राप्त सूची शत-प्रतिशत लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए जांय।इस मौके पर पूर्णेन्द्र शुक्ला यूनीसेफ,डॉ उपेन्द्र राव डोंगरे एस एम ओ डब्लू एच ओ ,शैलेश रावत,चन्द्रेश वर्मा आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# अकीकत एतराम के साथ मनाया मीरा शाह का उर्स



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत के मोहल्ला अहिरन स्थित सैयद बड़े मीरा शाह का सालाना उर्स बहुत ही एतराम अकीदत के साथ मनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चैत्र माह के प्रथम सोमवार को प्रत्येक वर्ष मनाए जाने वाला उर्स बहुत ही धूमधाम से संपन्न हुआ। मेला के दौरान शाम को तरावी नमाज के बाद दर्जनों हाफिज की उपस्थिति में कुल शरीफ का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक हाफिज द्वारा कुरान शरीफ की तिलावत की गई। इसके पश्चात सैकड़ो की संख्या में लोगों ने खड़े होकर वह हाथ बुलंद करके देश व दुनिया के लिए अमन चैन की दुआ की गई। फूल शरीफ के पश्चात अकीदत मंदो में प्रसाद रोटी दाल लड्डू इत्यादि का वितरण किया गया। इस अवसर पर मेला टीम चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अंसारी. मोहम्मद कलीम अंसारी हाफिज अजीजुद्दीन अनस अंसारी हाजी हबीब अंसारी मोअजिन बाबा अंसारी वसीम खान सभासन मोहम्मद नसीम सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। कुल शरीफ के पश्चात चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अंसारी कलीम अंसारी द्वारा आए हुए लोगों का आभार जताया गया।

# ईरान में नरसंहार, भाकपा का भाजपा पर जुबानी हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। एप्टीन फाइल्स में भारतीय राजनैताओ के नाम होने के कारण ब्लेकमेलिंग हो रहे नेता ईरान में जनता के नरसंहार का विरोध नहीं कर पा रहे हैं तथा अमरीका उन्हें कठपुतली की तरह नचा रहा है। यह बात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आयोजित प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए राज्य परिषद रणधीर सिंह सुमन ने कहा। ईरानी जनता के नरसंहार के खिलाफ पार्टी दारा आयोजित प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए पार्टी सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि अंग्रेजों की गुलामी से आजादी के बाद नेता में संविधान की व्यवस्था द्वारा जनता द्वारा चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकारें बनी और देश के विकास एवं जनता की खुशहाली के प्रयास हुए और साथ में भारत की सरकारों की विदेश नीति एवं कूट-नीति के द्वारा विश्व में भारत को मान-सम्मान और शांति एवं अहिंसा का दूत माना जाता रहा है।

राज्य परिषद सदस्य परवीन कुमार ने कहा कि देश को मजबूरन कई युद्ध भी लड़ने पड़े, और सोवियत संघ जैसे मित्र देशों ने भारत का खुलकर साथ दिया, जिसके चलते पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गाँधी के नेतृत्व में देश ने पकिस्तान के दो टुकड़े किये, ज्ञात हो तब अमेरिका पाकिस्तान की मदद कर रहा था। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री ने अमेरिका को कड़ा जवाब दिया था।

पार्टी के कोषाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा ने कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई हैं, तब से प्रधानमंत्री ने लगभग हर मित्र और शत्रु देशों का दौरा किया और देश में प्रचार किया गया की मोदी जी का डंका विश्व में बज रहा है, वास्तविकता ठीक इसके विपरीत है, चीन हमारे देश की जमीन कब्ज़ा कर रहा है, और सरकार मौन है, हाल ही में भारतीय सेना द्वारा पकिस्तान के विरुद्ध आपरेशन सिन्दूर किया गया, सीजफायर हुआ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पचासों बार दावा किया।

किसान सभा अध्यक्ष- विनय कुमार सिंह ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध मैंने रोकवाया, विपक्ष ?द्वारा बार-बार यह पूछा गया कि ट्रम्प ऐसा क्यों कह रहे हैं, उसे यह अधिकार किसने दिया, परन्तु सरकार के जिम्मेदार मंत्री चुप्पी सधि पह, इसके बाद ट्रम्प द्वारा भारत पर रूस से सस्ता कच्चा तेल आयात नहीं करने को लेकर दबाव बनाया गया और भारत द्वारा अमेरिका को सामान निर्यात करने पर टैरिफ बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर देने की धमकी दी जाती रही, और भारत ने रूस से सस्ता कच्चा तेल का आयात कम कर दिया, हाल ही में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमला किया गया, वहां के राष्ट्राध्यक्ष की हत्या की गयी, भारत सरकार ने इस पर भी रहस्यमयी चुप्पी साध रखी है, जबकि कई मौकों पर ईरान ने भारत का साथ दिया है, अभी अमेरिका ने कहा है की ईरान युद्ध के चलते भारत रूस से कच्चा तेल आयात कर सकता है यह अनुमति केवल तीस दिन के लिए दी गयी है, सवाल यह है क्या भारत की संप्रभुता, नीतियों, स्वतंत्रता को अमेरिका के हाथों गिरवी रख दिया गया है।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व मो कदीर ने किया। प्रदर्शन कारिंदे में रामनरेश वर्मा श्याम सिंह एडवोकेट संतोष कुमार राजेन्द्र बहादुर सिंह आलोक कुमार आदित्य वर्मा रीना मोर्य आफरीन अंकुल वर्मा , प्रेम चंद वर्मा,करन राजपूत, धर्मेन्द्र शर्मा, सर्वेश यादव,राम नरेश वर्मा, दीपक वर्मा, सच्चिदानंद श्रीवास्तव,जितेन्द्र श्रीवास्तव, मो. कासिफ, पवन वर्मा, राजकुमार वर्मा,लवकुश वर्मा, दीपक शर्मा,सुन्दर लाल सोनी, संदीप तिवारी,संदीप वर्मा आदि लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे। एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया है।

# सपा मुख्यालय पर रोजा इफ्तार का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय कैसरबाग, लखनऊ पर रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोजा इफ्तार का आयोजन जिला समाजवादी पार्टी, लखनऊ द्वारा किया गया, जोकि जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की देखरेख में सम्पन्न हुआ। रोज इफ्तार में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल मौजूद रहे। रोजा इफ्तार में सैकड़ों की तादात में रोजेदारों ने शिरकत की। अजान होते ही सभी रोजेदारों ने खजूर खाकर एवं पानी पीकर रोजा खोला तथा अल्लाह ताला का शुक्र अदा किया। रोजा इफ्तार में मौलाना लतीफ साहब ने नमाज अदा कराई तथा मुल्क में अमन खुशहाली और तरक्की की दुआ की गयी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा शकील नदवी, प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष फिदा हुसैन अंसारी, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी, राष्ट्रीय प्रवक्ता फखरूल हसन चांद, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया, राजबाला रावत, पूर्व मंत्री मुनीर, अनीस मंसूरी, साहब, प्रदेश सचिव रंजीत यादव, एस0यू0 खान 'भईया जी', विजय सिंह यादव, रामसागर यादव, ई0 संदीप यादव, महेश सिंह लोधी, अकरम उर्फ बब्लू, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित के साथ हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अयोध्या पहुंचा 11 सदस्यीय दक्षिण कोरियाई दल, मातामही रानी हो को किया नमन

# रानी हो के कारण अयोध्या को मिली वैश्विक पहचान: त्रिपाठी




एजेंसी

अयोध्या। दक्षिण कोरिया का 11 सदस्यीय दल मंगलवार को अयोध्या पहुंचा और राजकुमारी सूरीरत्ना (दक्षिण कोरिया के गया राज्य की महारानी हेलो ह्वांग-ओक) के स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस दौरान महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने अपनी पत्नी श्रीमती राजलक्ष्मी त्रिपाठी के साथ कोरियाई प्रतिनिधि मंडल का अंग वस्त्र एवं प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान महापौर ने रानी हो मेमोरियल पार्क के विकास में हर संभव सहयोग का वादा किया। हाल ही में स्मारक नगर निगम ने पर्यटन विभाग से हस्तगत किया है। दक्षिण कोरिया गणराज्य का 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल इंचियोन ली क्वान एसोसिएशन के अध्यक्ष ली जिन ओके के नेतृत्व में अपनी मातामही रानी हो से जुड़ी स्मृतियों को ताजा करने मंगलवार को अयोध्या पहुंचा। दुभाषिया के माध्यम से हुई बातचीत में प्रतिनिधिमंडल ने रानी हो मेमोरियल पार्क में पूजा स्थल के विकास की आवश्यकता जताई। महापौर ने स्मारक के विकास में हरसंभव सहयोग का वादा किया। उन्होंने इसके लिए भारतीय दूतावास के माध्यम से पत्राचार करने का सुझाव दिया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आगामी 6 अक्टूबर को सौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रानी हो को नमन करने अयोध्या आएगा। उन्होंने अप्रैल में दक्षिण कोरिया में हो रहे कार्यक्रम में आने का निमंत्रण महापौर को दिया।





# टी20 विश्व कप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपये का पुरस्कार देगा बीसीसीआई

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को तीसरी बार पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए 131 करोड रुपए के पुरस्कार की घोषणा की। यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली चैंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपये से छह करोड़ रुपये अधिक है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा, ''बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है । भारत ने रविवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की थी। वह टी20 विश्व कप में खिताब का सफल बचाव करने वाली पहली टीम है। भारतीय टीम ने तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता। यह कारनामा करने वाली वह पहली टीम बन गई जिससे खेल के इस छोटे प्रारूप में उसके दबदबे का भी पता चलता है।

# कोवासेविक को हराकर इंडियन वेल्स के चौथे राउंड में पहुंचे जोकोविच

एजेंसी




इंडियन वेल्स। सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सोमवार को इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में अमेरिका के एलेक्जेंडर कोवासेविक को तीन सेट के मुकाबले में हराकर बीएनपी परिबास ओपन के चौथे राउंड में प्रवेश कर लिया। जोकोविच ने सोमवार को एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में कोवासेविक को 6-4, 1-6, 6-4 से मात दी। यह 2017 के बाद इंडियन वेल्स में चौथे राउंड में उनकी पहली मौजूदगी होगी। इस आयोजन में पांच बार के चैंपियन जोकोविच इस हफ्ते की शुरुआत में कामिल माजक्रजाक के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में भी तीन सेट तक खेलना पड़ा था। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, एलेक्स का प्रदर्शन बहुत अच्छा था। हम एक-दूसरे को जानते हैं। हम एक ही भाषा बोलते हैं। उनका पूरा परिवार सर्बियाई है। मुझे मैच में आते ही पता था कि अगर वह अच्छी सर्विस करते हैं और अपनी जगह चुनते हैं, तो उनकी सर्विस को तोड़ना मुश्किल होगा। रोजर फ़ेडरर के साथ सबसे ज़्यादा इंडियन वेल्स टाइटल जीतने का रिकॉर्ड साझा करने वाले जोकोविच हाल के सालों में टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं दे सके हैं। उन्हें 2025 में बोटिक वैन डे ज़ैंड्सचुल्प से पहले ही राउंड में चौंकाने वाली हार का स्वाद चखना पड़ा था। चुनौतियों के बावजूद, जोकोविच ने टूर्नामेंट में अपनी 17वीं बार मौजूदगी के दौरान एक और मुश्किल मुकाबला किया और अब उनका सामना गत चैंपियन जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 7-5 से हराकर चौथे चरण में जगह बनायी है।

जोकोविच ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, मैं हर समय सच में खेल का आनंद नहीं ले पा रहा हूं। आप इन हालात में अच्छा खेलने की कोशिश कर रहे होते हैं जब विरोधी ज़बरदस्त टेनिस खेल रहा हो लेकिन किसी भी तरह जीतना ही मायने रखता है और मुझे खुशी है कि मैं आज इस चुनौती को पार करने में सफल रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व कप फुटबॉल बहुत बड़ा टूर्नामेंट, स्थगित करना आसान नहीं: मुख्य संचालन अधिकारी

**डलास।** फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य संचालन अधिकारी हेइमो शिर्गी ने कहा कि यह बहुत बड़ा टूर्नामेंट है तथा अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल के चलते इसे स्थगित करना आसान नहीं होगा। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा जिसमें पहली बार 48 देश भाग लेंगे। इनमें ईरान भी शामिल है। शिर्गी ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय प्रसारण केंद्र में कहा कि फीफा ईरान युद्ध और उसके नतीजों पर करीबी नजर रखे हुआ है। शिर्गी ने कहा, ''अगर मैं भविष्यवक्ता होता मैं अभी बता सकता था कि क्या होने वाला है, लेकिन जाहिर है कि स्थिति बदल रही है। उन्होंने कहा, '''हालात दिन-प्रतिदिन बदल रहे हैं और हम उन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम अपने सभी संघीय और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं। हम हर दिन के हिसाब से चल रहे हैं और किसी न किसी स्तर पर हमें इसका समाधान मिल जाएगा। विश्व कप तो होगा ही, है ना? विश्व कप बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और हम उम्मीद करते हैं कि क्वालीफाई कर चुके सभी देश इसमें भाग लेंगे। विश्व कप फुटबॉल में इससे पहले 32 देश भाग लेते थे लेकिन पहली बार इस टूर्नामेंट में 48 देश भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन अमेरिका के 11, मैक्सिको के तीन और कनाडा के दो स्थानों पर किया जाएगा। अमेरिका ने पहले ही विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके चार देशों ईरान, आइवरी कोस्ट, हैती और सेनेगल पर यात्रा प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों और उनके करीबी रिश्तेदारों को छूट देने की बात कही है। शिर्गी ने कहा कि फीफा नयी जानकारी हासिल करने के लिए ईरानी फुटबॉल महासंघ के साथ लगातार संपर्क में है। उन्होंने हालांकि इन बातचीत का ब्यौरा नहीं दिया। फीफा के अधिकारी डलास में 'फैन फ़ेस्टिवल' के कार्यक्रमों की घोषणा करने के लिए इस शहर में थे। यह कार्यक्रम विश्व कप के दौरान 34 दिन तक चलेगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच सदस्यों को शरण दी: अधिकारी

**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने मंगलवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच सदस्यों को शरण दी है, जो ईरान में युद्ध शुरू होने से पहले एक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए देश का दौरा कर रही थीं। ऑस्ट्रेलिया में ईरानी समूहों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑस्ट्रेलिया की सरकार से उन महिलाओं की मदद करने का आग्रह किया था, जो सार्वजनिक रूप से शरण नहीं मांग पा रही हैं। टीम की खिलाड़ियों ने अपने शुरुआती मैच से पहले ईरान का राष्ट्रगान नहीं गाया था जिसके बाद कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगी थी और इसे मीडिया में भी काफी कवरेज मिली थी। स्थानीय समयानुसार मंगलवार तड़के ऑस्ट्रेलिया के संघीय पुलिस ने शरण के लिए आवेदन करने वाली पांच महिलाओं को उनके होटल से ''सुरक्षित स्थान'' पर पहुंचाया। बर्क ने ब्रिस्बेन में पत्रकारों को बताया कि उन्होंने इन महिला खिलाड़ियों से मुलाकात की और मानवीय आधार पर उनके वीजा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। बर्क ने कहा, ''मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता कि प्रत्येक महिला के लिए यह फैसला करना कितना मुश्किल रहा होगा लेकिन निश्चित रूप से कल रात खुशी और राहत का माहौल था। बर्क ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते समय महिलाओं के मुस्कुराते और ताली बजाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। उन्होंने कहा, ''वे ऑस्ट्रेलिया में एक नया जीवन शुरू करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। बर्क ने कहा कि शरण लेने वाली महिला खिलाड़ी अपने नाम और तस्वीरें प्रकाशित होने से खुश थीं। खिलाड़ियों ने यह स्पष्ट किया कि वह राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं हैं। टीम की अन्य 21 खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ईरान युद्ध शुरू होने से ठीक पहले पिछले महीने एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेने के लिए ईरानी टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंची थी। उसकी टीम टूर्नामेंट से जल्द बाहर हो गई जिसके बाद टीम को अपने देश लौटना था जहां युद्ध के कारण हालात खराब हैं। ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी 'एएपी' की खबर के अनुसार, ईरान की मुख्य कोच मर्जियेह जाफरी ने रविवार को कहा कि खिलाड़ी ''जितनी जल्दी हो सके ईरान वापस लौटना चाहती हैं''। ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली ईरान की टीम में 26 खिलाड़ी तथा सहयोगी स्टाफ के सदस्य शामिल थे। बर्क ने कहा कि टीम के सभी सदस्यों को शरण का प्रस्ताव दिया गया था। बर्क ने कहा, ''ये महिलाएं ऑस्ट्रेलिया में बेहद लोकप्रिय हैं, लेकिन हम समझते हैं कि वे अपने फैसलों को लेकर बेहद मुश्किल स्थिति में हैं।

### जीपीकेएल सीजन-2 की तैयारियां तेज देशभर में खिलाड़ियों की स्काउटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग (जीपीकेएल) के सीजन 2 की तैयारियां तेज हो गई हैं। दूसरे सीजन के लिए देश के प्रमुख कबड्डी केंद्रों में खिलाड़ियों की स्काउटिंग (प्रतिभा खोज) प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मजबूत खिलाड़ियों का पूल तैयार करने के उद्देश्य से कई प्रतिभाओं की पहचान की जा रही है। लीग आयोजकों ने बताया कि स्काउटिंग प्रक्रिया में खिलाड़ियों का मूल्यांकन तकनीकी कौशल, फिटनेस, रणनीतिक समझ और मैच टेम्परामेंट के आधार पर किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को बाद में केंद्रीय प्लेयर ड्राफ्ट पूल में शामिल किया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों वर्गों की टीमों के लिए प्लेयर ड्राफ्ट संरचना पहले ही तय कर ली गई है। हर फ्रेंचाइजी से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के संतुलित संयोजन के साथ टीम बनाने की उम्मीद है। स्काउटिंग पर बात करते बुए जीपीकेएल सीजन-2 के लिए प्लेयर ड्राफ्ट प्रक्रिया की देखरेख कर रहे कार्तिक दम्मू ने कहा कि लीग के लिए मजबूत और प्रतिस्पर्धी प्रतिभा पूल तैयार करना इसका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा, ल्कई प्रमुख कबड्डी अकादमियों के माध्यम से खिलाड़ियों की स्काउटिंग शुरू हो चुकी है। हम देश के पारंपरिक कबड्डी क्षेत्रों से प्रतिभाओं की पहचान कर रहे हैं। पुरुष और महिला दोनों टीमों के लिए ड्राफ्ट संरचना तय होने के बाद हमारा ध्यान संतुलित टीम बनाने पर है, जिसमें घरेलू ताकत के साथ उभरती अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा भी शामिल हो। लीग का यह ढांचा प्रतिस्पर्धात्मक संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ उभरते कबड्डी देशों को इस खेल के पेशेवर तंत्र से जोड़ने के विजन को आगे बढ़ाता है। जीपीकेएल सीजन-2 में पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी अपने बैनर के तहत दो टीमें उतारेगी। यह लीग की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत वह कबड्डी को दोनों वर्गों में बढ़ावा देने और खेल की वैश्विक पहुंच मजबूत करने पर जोर दे रही है। सीजन-2 में यूरोप, अफ्रीका और एशिया के कई देशों के खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है।

# सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट' बनकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने हाल में समाप्त हुई प्रतियोगिता का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर दिया। सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से चार मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। इन खिलाड़ियों ने हालांकि अपनी टीम की तरफ से केवल एक मैच नहीं खेला था। प्रतियोगिता के शुरू होने पर सैमसन रन बनाने के लिए जूझ रहे थे और इसलिए उन्हें शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था। उन्हें बीच में अभिषेक शर्मा के अस्वस्थ होने के कारण एक मैच खेलने का मौका मिला लेकिन उसके बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था। सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार के बाद भारत ने अपने शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की अधिकता को देखते हुए दाएं हाथ के बल्लेबाज सैमसन को मौका दिया और केरल के इस खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह बने मैच में नाबाद 97 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल नौ मैच खेले जिनमें से सैमसन पांच मैच ही खेल पाए थे। आईसीसी के पुरुष या महिला वर्ग के टूर्नामेंट में इससे पहले 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनने वाले किसी खिलाड़ी ने या तो अपनी टीम के सभी मैच खेले थे या फिर वे केवल एक मैच से बाहर रहे थे। जिन खिलाड़ियों ने आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में एक मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' पुरस्कार हासिल किया था, उनमें ऑस्ट्रेलिया की लिसा कीटली (महिला वनडे विश्व कप 2000, नौ में से आठ मैच खेले), ऑस्ट्रेलिया की ही कारेन रोल्टन (महिला वनडे विश्व कप 2005, आठ में से सात मैच खेले), इंग्लैंड के केविन पीटरसन (पुरुष टी20 विश्व कप 2010, सात में से छह मैच खेले) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र ((चैंपियंस ट्रॉफी 2025, पांच में से चार मैच खेले) शामिल हैं।

## आईजीपीएल 2026 के आकर्षण का केंद्र होंगे गगनजीत भुल्लर

चंडीगढ़। मौजूदा चैंपियन गगनजीत भुल्लर 11 से 13 मार्च तक यहां होने वाले इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) के पहले चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे जिसमें कई अन्य शीर्ष खिलाड़ी भी भाग लेंगे। भुल्लर ने 2025 में आईजीपीएल में खिताब जीता था और इस बार उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। एशियाई टूर में 11 जीत के साथ भारत के सबसे सफल खिलाड़ी रहे भुल्लर के अलावा इस प्रतियोगिता में पुखराज सिंह गिल भी भाग लेंगे, जिन्होंने 2025 में आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट जीता था। इनके अलावा एशियाई टूर के स्टार करणदीप कोचर और अमन राज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता में 2025 में मुकाबला इतना करीबी था कि शीर्ष तीन खिलाड़ियों पुखराज (81,90,652 रुपये), अमन राज (81,81,708 रुपये) और भुल्लर (81,30,000 रुपये) के बीच केवल 60,000 रुपये से कुछ अधिक का अंतर था।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सोना आज 1,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,970 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज पांच हजार रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,61,670 रुपये से लेकर 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,48,190 रुपये से लेकर 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,79,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,61,820 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यातकों को बीमा समर्थन देने पर विचार: गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यातकों को मदद देने के लिए सरकार बीमा समर्थन की नई योजना लाने की संभावना तलाश रही है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस संबंध में निर्यात ऋण गारंटी देने वाली इकाई ईसीजीसी और अन्य विभागों के साथ परामर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम निर्यातकों की मदद के लिए बीमा समर्थन जैसी कुछ नई योजनाएं विकसित करने पर भी विचार कर रहे हैं। इस बारे में ईसीजीसी और अन्य विभागों से चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समूह पश्चिम एशिया संकट से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है और निर्यातकों के साथ लगातार संपर्क में है। गोयल ने कहा कि सरकार उन निर्यातकों की मदद के उपाय तलाश रही है जिनका माल भेजा जा चुका है लेकिन मौजूदा हालात के कारण उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार चौबीसों घंटे हालात पर नजर रखे हुए है। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच लगातार जारी हमलों से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है, जिससे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। यह संकट भारतीय निर्यातकों के लिए इस लिहाज से अहम है कि भारत के लिए पश्चिम एशिया प्रमुख निर्यात बाजारों में से एक है। इससे पहले गोयल ने 'आहार खाद्य एवं आतिथ्य मेला' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष निर्यातकों में शामिल होने का लक्ष्य रखना चाहिए। भारत फिलहाल दुनिया का सातवां सबसे बड़ा निर्यातक है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा अब तक किए गए नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) ने भारतीय उत्पादों के लिए निर्यात के बड़े अवसर खोले हैं। उन्होंने कहा, हम अब कनाडा के साथ एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसके अलावा पश्चिम एशिया के छह देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के साथ भी चर्चा शुरू हुई है।

# कच्चे तेल की कीमत में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट

एजेंसी

## भारत जैसे तेल आयातकों को मिलेगी राहत

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध जल्द खत्म होने की बात कहे जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल (कच्चे तेल) की कीमत में भी जोरदार गिरावट दर्ज की गई। आज क्रूड ऑयल की कीमत में लगभग छह प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण ब्रेंट क्रूड 93 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 88 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया।


इसके पहले सोमवार को कच्चे तेल की कीमत 119 डॉलर के स्तर को भी पार कर गई थी। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्ध खत्म होने की बात कहे जाने के बाद कल ही ब्रेंट क्रूड गिरकर 98.96 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बंद हुआ था। इसके बाद आज ब्रेंट क्रूड ने 91.49 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार की शुरुआत की। कारोबार शुरू होते ही ब्रेंट क्रूड टूट कर 88.22 प्रति बैरल के स्तर तक आ गया। हालांकि इसके बाद एक बार फिर इसकी कीमत में तेजी का रुख बना। दोपहर 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद ब्रेड क्रूड 6.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.91 प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने भी सोमवार को 119 डॉलर प्रति बैरल का स्तर पर करने के बाद 94.77 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार का अंत किया था। आज इसने भी 87.81 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। कारोबार शुरू होने के बाद डब्ल्यूटीआई क्रूड लुढ़क कर 84.43 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आ गया। इसके बाद इसकी चाल में सुधार हुआ। दोपहर 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद डब्ल्यूटीआई क्रूड 6.79 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 88.38 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था।



इसी तरह वायदा बाजार में ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स आज 6.51 डॉलर प्रति बैरल यानी 6.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ फिलहाल 92.45 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड फ्यूचर्स आज 6.12 डॉलर प्रति बैरल यानी 6.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 88.65 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचा हुआ है। आपको बता दे की पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव की वजह से सोमवार को कच्चे तेल की कीमत जबरदस्त उछाल के साथ 119 डॉलर का स्तर पार कर 120 डॉलर प्रति बैरल के काफी करीब पहुंच गई थी। हालांकि बाद में डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध के जल्द खत्म होने की बात कह कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर बनी चिंता को काफी हद तक काम कर दिया। इस वजह से कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का रुख बनने लगा। बताया जा रहा है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी सोमवार को डोनाल्ड ट्रंप से ईरान युद्ध को जल्द खत्म करने के संबंध में बातचीत की। कहा जा रहा है कि इस बातचीत में पुतिन ने अपनी ओर से शांति प्रस्ताव भी पेश किया। इस बातचीत के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी मीडिया को दिए इंटरव्यू में ईरान युद्ध जल्द खत्म होने के संकेत दिए। हालांकि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने ट्रंप की बात को नकारते हुए कहा कि युद्ध का अंत ईरान तय करेगा और अगर अमेरिका और इजरायल के हमले जारी रहे तो पश्चिम एशिया से एक लीटर तेल का भी एक्सपोर्ट नहीं होने दिया जाएगा। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि पिछले 24 घंटे के दौरान ईरान युद्ध को लेकर जिस तरह से अलग-अलग बयान आ रहे हैं, उससे आने वाले कुछ दिन तक कच्चे तेल की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव होते रहने की उम्मीद है। इसके बावजूद कच्चे तेल की कीमत में अभी आई गिरावट भारत जैसे कच्चे तेल के आयात पर निर्भर करने वाले देश के लिए काफी राहत वाली बात है।

# 'मिलिट्री विजन डॉक्यूमेंट' रोडमैप जारी

## भविष्य की युद्ध चुनौतियों के लिए सेना को आधुनिक, इंटीग्रेटेड और तकनीक से लैस करने पर जोर



एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को साउथ ब्लॉक में भारतीय सेना के लिए 'डिफेंस फोर्सेज विजन' रोडमैप जारी किया। यह बड़ा ब्लूप्रिंट हेडक्वार्टर इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ ने रक्षा बलों को आधुनिक, इंटीग्रेटेड और तकनीक से लैस सेना में बदलने के लिए तैयार किया है, जो 2047 तक भारत के विकसित देश बनने के सपने को पूरा करने में मदद कर सके। यह डॉक्यूमेंट भविष्य की युद्ध चुनौतियों के लिए ढलने वाली सेना बनाने के लिए इनोवेशन, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और मॉडर्न ट्रेनिंग फ्रेमवर्क के महत्व पर भी जोर देता है।

इस विजन डॉक्यूमेंट में सशस्त्र बलों में जरूरी सामरिक सुधारों, क्षमता बढ़ाने और संगठनात्मक बदलावों के बारे में बताया गया है, ताकि बदलते भू-रणनीतिक, तकनीकी और सुरक्षा माहौल से अच्छे से निपटा जा सके। इसमें सेना को एक इंटीग्रेटेड, मल्टी-डोमेन और फुर्तीली फोर्स में बदलने की सोची गई है, जो दुश्मनों को रोकने, हर तरह के झगड़े में जवाब देने और तेजी से बदलते ग्लोबल और रीजनल हालात के बीच बढ़ते स्ट्रेटेजिक हितों की रक्षा करने में काबिल हो। इस विजन का एक मुख्य हिस्सा सेनाओं के बीच तालमेल और तालमेल पर जोर देना है, जिससे प्लानिंग, ऑपरेशन और क्षमता विकास में ज़्यादा तालमेल को बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस विजन में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केन्द्रित किया गया है, जो देश की खास सुरक्षा जरूरतों के हिसाब से स्वदेशी तकनीक और समाधान अपनाने को बढ़ावा देता है। घरेलू रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी क्षमताओं को मजबूत करने से ऑपरेशनल तैयारी बढ़ने और देश की ग्रोथ में योगदान देने की उम्मीद है। विजन डॉक्यूमेंट में शॉर्ट-टर्म, मिड-टर्म और लॉन्ग-टर्म टाइमलाइन में साफ तौर पर प्राथमिकता वाले क्षमता लक्ष्यों के साथ एक कैलिब्रेटेड रोडमैप अपनाया गया है। यह विश्व स्तरीय डिफेंस फोर्स बनाने के लिए जरूरी सैन्य क्षमताओं, संस्थागत सुधारों और रणनीतिक साझेदारी के विकास में सहयोग करेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों की जटिलता को पहचानते हुए यह विजन डॉक्यूमेंट पूरे देश के नजरिए की जरूरत पर जोर देता है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा पक्की करने के लिए सैन्य ताकत को कूटनीतिक, तकनीकी और आर्थिक ताकत के साथ जोड़ा जाएगा। लगातार सुधारों, इनोवेशन और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के जरिए इसका मकसद यह पक्का करना है कि भारत की आजादी की सौवीं सालगिरह तक देश की सेना दुनिया भर में सम्मानित, टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड और लड़ाई के लिए तैयार मिलिट्री के तौर पर खड़ी हो, जो मजबूत विकसित भारत में योगदान दे। इस मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह और दूसरे वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# सीमावर्ती देशों से प्रत्यक्ष निवेश बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देशों में बदलाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने सीमावर्ती देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए संबंधित दिशा-निर्देशों में बदलाव किये हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इन बदलावों को मंजूरी प्रदान की गयी। इसमें निवेशकों को आकर्षित करने के लिए मुख्य रूप से दो कदम उठाये गये हैं। पड़ोसी देशों के निवेशक बिना नियंत्रण अधिकार के 10 प्रतिशत लाभ-स्वामित्व तक बिना सरकार की पूर्वानुमति के निवेश कर सकेंगे। इसके अलावा, चुनिंदा महत्वपूर्ण सेक्टरों में निवेश के आवेदन पर 60 दिन के भीतर प्रक्रिया पूरी कर फैसला लेना अनिवार्य बनाया गया है।

सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि धन शोधन कानून के तहत सीमावर्ती देशों के निवेशकों के लिए लाभ-स्वामित्व की परिभाषा और इसके निर्धारण की अर्हता में बदलाव किया गया है। साथ ही जो निवेशक बिना नियंत्रण के 10 प्रतिशत तक निवेश करना चाहेंगे उन्हें सरकार से पूर्वानुमति की जरूरत नहीं होगी। सिर्फ जिस कंपनी में निवेश किया जा रहा है उसे इसके बारे में उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) को जानकारी देनी होगी।

कोविड-19 के समय अप्रैल 2020 में एफडीआई नीति में बदलाव कर सीमावर्ती देशों से किसी भी तरह के निवेश के लिए सरकार की अनुमति अनिवार्य कर दी गयी थी। नये नियमों के अनुसार, पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों, पॉलीसिलिकॉन और इनगॉट वेफर जैसे विशिष्ट सेक्टरों/गतिविधियों में निवेश के प्रस्तावों पर 60 दिन के भीतर प्रक्रिया पूरी कर फैसला लेना होगा।

# पश्चिम बंगाल एसआईआर पर शीर्ष अदालत ने कहा, न्यायिक अधिकारियों पर सवाल बर्दाश्त नहीं होंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान 'तार्किक विसंगतियों' और 'अनमैप्ड' श्रेणी में आए करीब 50 लाख नामों से संबंधित दावों और आपत्तियों के निपटारे में लगे न्यायिक अधिकारियों पर उठाए जा रहे सवालों पर कड़ा रुख अपनाते हुए मंगलवार को कहा कि न्यायालय ऐसे आरोपों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने न्यायिक अधिकारियों के समक्ष लंबित दावों को लेकर दाखिल याचिकाओं पर नाराजगी जताते हुए निर्वाचन आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार को इस प्रक्रिया के संचालन के लिए परिवहन में पूर्ण सहयोग करने और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, ''न्यायिक अधिकारियों पर सवाल उठाने की हिम्मत मत कीजिए। वे पश्चिम बंगाल के हटाए गए मतदाताओं के मामलों की सुनवाई के लिए अतिरिक्त समय तक काम कर रहे हैं। उनसे और क्या त्याग चाहते हैं? मैं इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा।''

उन्होंने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में वह न्यायिक अधिकारियों की निष्पक्षता पर संदेह किए जाने को सहन नहीं करेंगे और किसी को भी उन पर सवाल उठाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ स्वतंत्र अपीलीय व्यवस्था नहीं होने की चिंता को ध्यान में रखते हुए अदालत ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान लिए गए फैसलों के खिलाफ अपील सुनने के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीशों या न्यायाधीशों का एक अपीलीय अधिकरण गठित किया जाए।

शीर्ष अदालत ने मुख्य न्यायाधीश से इन अधिकरणों में कार्यरत न्यायाधीशों तथा दावों और आपत्तियों के निपटारे में लगे पूर्व न्यायिक अधिकारियों को दिए जाने वाले मानदेय का निर्धारण करने का भी अनुरोध किया। यह भी कहा गया कि सभी मानदेय का भुगतान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाएगा।

उच्चतम न्यायालय को बताया गया कि लगभग 200 न्यायिक अधिकारी पड़ोसी राज्यों ओडिशा और झारखंड से पश्चिम बंगाल आए हैं और इस प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं।

इससे पहले 24 फरवरी को उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग को 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति देते हुए कहा था कि 'तार्किक विसंगतियों' और 'अनमैप्ड' श्रेणी से जुड़े दावों और आपत्तियों के निपटारे के बाद जारी पूरक मतदाता सूचियां भी 28 फरवरी 2026 को प्रकाशित अंतिम सूची का ही हिस्सा मानी जाएंगी।

# पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष और हिंसामुक्त होंगे विधानसभा चुनाव : ज्ञानेश कुमार

एजेंसी

कोलकाता। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि इस वर्ष होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और हिंसामुक्त कराए जाएंगे। उन्होंने मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि वे बिना किसी डर और दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं पश्चिम बंगाल के अपने सभी भाई-बहनों को शुभकामनाएं देता हूं। राज्य में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और हिंसामुक्त होंगे। मतदाता बिना किसी भय या दबाव के मतदान कर सकेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त मंगलवार सुबह हावड़ा स्थित बेलूर मठ पहुंचे, जो स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय है। यहां दर्शन करने के बाद चुनाव आयोग का पूर्ण पीठ राज्य सरकार के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करने वाला है। इस बैठक में राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक पीयूष पांडेय समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में चुनाव से संबंधित तैयारियों और कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त पत्रकार वार्ता को भी संबोधित करेंगे। चुनाव आयोग का पूर्ण पीठ देर शाम दिल्ली लौट जाएगा। इधर, मंगलवार को ही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े मामले पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होने की संभावना है। यह सुनवाई प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति निलय विपिनचंद्र अंजारिया की तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष दोपहर तीन बजे से हो सकती है।



फिलहाल मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े दस्तावेजों की न्यायिक जांच की प्रक्रिया जारी है, जिसमें 732 न्यायिक अधिकारी लगे हुए हैं। इनमें पड़ोसी राज्यों झारखंड और ओडिशा से 100-100 अधिकारी भी शामिल हैं।

चुनाव अधिकारी कार्यालय का अनुमान है कि मौजूदा गति से यह प्रक्रिया अप्रैल के पहले सप्ताह से पहले पूरी होना मुश्किल है। इस बीच राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में कोलकाता के एस्प्लेनेड पूर्व में अपना अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी ने मुख्यमंत्री से उनकी उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए धरना समाप्त करने का अनुरोध किया है।

## कृषि धन-धान्य योजना में 100 जिले शामिल : चौहान

**नयी दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि देश में कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं और प्रधानमंत्री कृषि धन-धान्य योजना के माध्यम से पूरे देश में कृषि को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री कृषि धन-धान्य योजना देश के 100 जिलों में लागू है लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार ने चार जिलों में इस योजना को लागू नहीं किया है इसलिए यह योजना अभी सिर्फ 96 जिलों तक ही सीमित रह गई है। उनका कहना था कि पश्चिम बंगाल सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है और उसे किसानों की मदद करते हुए तत्काल इस योजना को लागू करना चाहिए।

## मोदी सरकार ने छीन ली है लोकसभा अध्यक्ष की आजादी : प्रियंका

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि मोदी सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष नाम की संस्था की आजादी खत्म कर दी है लेकिन विपक्ष उसे बचाने में लगा है। उन्होंने कहा कि इसी मसले पर व्यापक चर्चा के मकसद से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार ने अध्यक्ष की स्वतंत्रता छीन ली है। ये लोग हर संस्था को खत्म करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा ''हम हर उस संस्था को बचाने के लिए लड़ रहे हैं, जिनके ऊपर भारत का लोकतंत्र टिका हुआ है। भाजपा के लोगों को यही बातें पचती नहीं हैं, इसलिए वे सदन को मुद्दों से भटकाने की कोशिश करते हैं। मेरी दादी इंदिरा जी कहती थीं- कोई नकली बनने की कोशिश करे या झूठी इमेज दिखाए, देश की जनता उसकी सच्चाई जान ही जाएगी।

## राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए लाया गया बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव: रिजिजू

नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास बताते हुए कहा कि सदन के अंदर के क्रियाकलापों के लिए हर सदस्य श्री बिरला को धन्यवाद देता रहेगा क्योंकि उन्होंने सभी को समान मौका दिया है। श्री रिजिजू ने विपक्ष की ओर से सदन में पेश अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के विरोध में अपनी बात रखते हुए कहा कि संसदीय कार्य मंत्री सिर्फ सत्तारूढ दल का नहीं होता है। कांग्रेस के साठ साल के इतिहास को देखना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री पर टिप्पणी करने से पहले अपना इतिहास देखना चाहिए। सदन के संचालन का पूरा अधिकार अध्यक्ष का है। अध्यक्ष के निर्णय को कहीं भी चुनौती नहीं दी जा सकती है। अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होता है।

# पेज एक का शेष

## कर्मचारियों की संपत्ति...

योजना के अंतर्गत पहले से प्राप्त सब्सिडी को समायोजित करने के बाद दी जाएगी। इस निवेश से प्रदेश में मेडिकल डिवाइस निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। यह पहल राज्य को निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होगी। इस परियोजना से संबंधित प्रस्ताव पर पहले विभिन्न स्तरों पर विचार किया गया था। उत्तर प्रदेश की एफडीआई, एफसीआई एवं फॉर्च्यून ग्लोबल 500/फॉर्च्यून इंडिया 500 निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 के तहत प्राधिकृत समिति की 5 जुलाई 2024 को हुई बैठक में परियोजना को मंजूरी दी गई थी और कंपनी को 22 जुलाई 2024 को पात्रता प्रमाणपत्र भी जारी किया गया। बाद में 15 मई 2025 को हुई इम्पावर्ड कमेटी की बैठक में सब्सिडी से जुड़े बिंदुओं पर विचार किया गया। मेडिकल डिवाइस पार्क योजना के अंतर्गत कंपनी को पहले से केंद्र सरकार की ओर से सब्सिडी प्राप्त हो चुकी है। इसी आधार पर एफडीआई नीति के तहत अनुमन्य कुल सब्सिडी ?41.52 करोड़ में से पहले प्राप्त सब्सिडी घटाकर शेष 14.77 करोड़ की राशि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा कंपनी को प्रतिपूर्ति के रूप में देने का प्रस्ताव तैयार किया गया, जिसे अब मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल गई है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक राज्य है और प्रदेश में दुग्ध उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बुंदेलखंड क्षेत्र में डेयरी प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने से दुग्ध उत्पादकों को उनके दूध का बेहतर और बाजार आधारित मूल्य मिल सकेगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में दूध के खराब होने की समस्या कम होगी, किसानों की आय बढ़ेगी और बुंदेलखंड में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। साथ ही यह पहल प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में भी सहायक मानी जा रही है।

नई व्यवस्था के तहत सिविल जज (सीनियर डिवीजन) से पदोन्नति का कोटा 65 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। यह पदोन्नति श्रेष्ठता और वरिष्ठता के आधार पर तथा उपयुक्तता परीक्षा पास करने वाले अधिकारियों को दी जाएगी। वहीं सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के जरिए पदोन्नति का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें वही सिविल जज शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने उस पद पर कम से कम तीन साल की सेवा और उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में कम से कम सात साल की सेवा पूरी की हो। इसके अलावा अधिवक्ताओं (बार) से सीधी भर्ती का कोटा पहले की तरह 25 प्रतिशत ही रहेगा।

पत्रकार वार्ता में मौजूद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी तक 12,200 गांवों तक बसें नहीं पहुंच रही थीं, लेकिन नई पॉलिसी के तहत उत्तर प्रदेश की सभी 59,163 ग्राम सभाओं तक बसें पहुंचेंगी। इन बसों को परमिट व टैक्स से मुक्त रखा गया है। इससे प्रदेश की बड़ी ग्रामीण आबादी लाभान्वित होगी। ये बसें चलाने की अनुमति निजी लोगों को मिलेगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित होगी, जिसमें सीडीओ, एसपी, एआरटीओ, एआरएम सदस्य होंगे। ये बसें रात में गांव में ही रुकेंगी। सुबह ब्लॉक व तहसील होते हुए ये बसें सुबह 10 बजे तक जनपद मुख्यालय तक पहुंचेंगी। इस सेवा का लाभ विद्यार्थियों के अलावा कचहरी, ऑफिस या अपना उत्पाद शहर में बेचने जाने वाले लोगों को भी मिलेगा। कई गांवों में ऐसी सड़कें हैं, जहां बड़ी बसें टर्न होने में परेशानी होती है। 12,200 में से 5000 ऐसे गांव हैं, जहां बड़ी बसें टर्न नहीं हो सकतीं। इसलिए ये छोटी बसें होंगी, जिनकी अधिकतम लंबाई सात मीटर और अधिकतम सीट क्षमता 28 होगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि सुबह 10 से शाम चार बजे तक इन बसों को डायवर्ट करेंगे। इसके बाद ये बसें दूरी के हिसाब से अधिकतम शाम 8 बजे तक गांव में पहुंच जाएंगी। इन बसों के ड्राइवर, कंडक्टर व क्लीनर आसपास गांव के लोग ही होंगे, जिससे रात में गांव में रुकने और सुबह आने में उन्हें परेशानी नहीं होगी। इन बसों की औसत आयु 15 वर्ष रहेगी, लेकिन पहले 10 साल के लिए ही इन्हें परिचालन की इजाजत दी जाएगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी स्थानीय स्तर पर किराया निर्धारण करेगी। इसका टिकट भी सस्ता रहेगा। इन्हें परमिट व टैक्स की आवश्यक्ता नहीं होगी। इससे बस चलाने वालों को लाभ होगा। सरकार का उद्देश्य आमजन को बेहतर सुविधा मुहैया कराना है। इस योजना के तहत प्रत्येक आवेदक (जिस ब्लॉक के लिए उसने आवेदन किया है) को समस्त ग्राम पंचायत/रूट पर अपने विवेकानुसार वाहन संचालन करने तथा फ़ेरों की संख्या का अधिकार होगा। बस संचालक ब्लॉक की प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रतिदिन कम से कम दो बार वाहन की सेवा प्रदान करेगा। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए आवेदन की स्क्रीनिंग 15 दिन में हो जाएगी। आवेदक के सफल चयन के बाद वाहन उपलब्ध कराने के लिए 15 दिन होंगे तथा निर्धारित प्रक्रिया को 45 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं सफल आवेदन का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा। उक्त कमेटी द्वारा सेवा प्रदाताओं का चयन करते हुए मार्ग निर्धारण को अंतिम रूप दिया जाएगा। उक्त योजना के क्रियान्वयन एवं निगरानी का दायित्व सम्बन्धित क्षेत्रीय प्रबन्धकों का होगा, जो नियमित रूप से (न्यूनतम मासिक) आयुक्त को कार्य प्रगति से अवगत कराएंगे।

## ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य...

होप' के रास्ते भेज रहे हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से ही ड्रोन और मिसाइल हमलों में कम से कम आठ नाविक मारे गये हैं और कई टैंकर क्षतिग्रस्त हुए हैं। छह मार्च को, संयुक्त अरब अमीरात के ध्वज वाली नौका मुसाफा-2 एक विस्फोट के बाद डूब गयी, जिससे चालक दल के तीन सदस्य लापता हो गए। सात मार्च को, माल्टा के ध्वज वाले टैंकर 'प्रिमा' पर कथित तौर पर एक ईरानी ड्रोन द्वारा हमला किया गया था। भारत वर्तमान में इस क्षेत्र में फंसे 36 भारतीय ध्वज वाले जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। फ्रांस ने भी युद्ध की तीव्रता कम होने के बाद जहाजों को सुरक्षित एस्कॉर्ट करने के लिए एक मिशन की तैयारी की घोषणा की है। नाकाबंदी के परिणामस्वरूप, कच्चे तेल की कीमतें 9 मार्च को 120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ गईं, जो बाद में घटकर लगभग 88-90 डॉलर पर आ गईं। कुवैत और कतर ने कुछ ऊर्जा अनुबंधों पर 'फोर्स मेज्योर' घोषित कर दिया है क्योंकि टैंकर सुरक्षित रूप से फारस की खाड़ी से बाहर निकलने में असमर्थ हैं। 'फोर्स मेज्योर' एक सामान्य क्लॉज है जो अनिवार्य रूप से दोनों पक्षों को दायित्व या बाध्यता से मुक्त करता है जब पार्टियों के नियंत्रण से बाहर कोई असाधारण घटना या परिस्थिति आ जाती है। यह जलडमरूमध्य पश्चिमी देशों से जुड़े वाणिज्यिक यातायात के लिए प्रभावी रूप से बंद है। हालांकि, इसके कुछ अपवाद भी हैं। कुछ चीनी ध्वज वाले जहाजों ने स्वचालित पहचान प्रणाली (एआईएस) के माध्यम से अपनी स्थिति प्रसारित कर सफलतापूर्वक पारगमन किया है। वैश्विक तेल खपत का लगभग 20 प्रतिशत (पाँचवाँ हिस्सा) इस जल क्षेत्र से होकर गुजरता है। अमेरिकी ऊर्जा प्रशासन के अनुसार, इस जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कच्चे तेल का लगभग 84-89 प्रतिशत और एलएनजी का 83 प्रतिशत हिस्सा एशिया के लिए होता है। भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया में उर्जा आपूर्ति के लिए यह जलमार्ग काफी महत्वपूर्ण है।

## अमेरिका से बातचीत...

में प्रगति के बावजूद हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ गए। उन्होंने कहा कि अमेरिकी वार्ता दल ने भी प्रगति को स्वीकार किया था, लेकिन इसके बावजूद हमला किया गया। श्री अराघची ने फारस की खाड़ी के देशों को संदेश देते हुए कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर ईरान के हमले आत्मरक्षा के अधिकार के तहत किये गये हैं। उन्होंने कहा कि यदि अन्य देश अपनी सुविधाओं की सुरक्षा के लिए कदम उठा सकते हैं तो ईरान को भी अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है।

उन्होंने कहा कि यह युद्ध ईरान ने नहीं चुना बल्कि उस पर थोपा गया है और देश केवल अपनी रक्षा कर रहा है। श्री अराघची ने यह भी कहा कि ईरान जरूरत पड़ने तक मिसाइल हमले जारी रखने के लिए तैयार है। उन्होंने क्षेत्रीय देशों के साथ संबंधों को लेकर उठ रही चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि ईरानी जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस बीच पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में तेजी और ऊर्जा आपूर्ति में बाधा की आशंका बढ़ गई है। श्री अराघची ने हालांकि इस बात से इनकार किया कि ईरान जानबूझकर तेल आपूर्ति रोक रहा है। उन्होंने कहा कि जलडमरूमध्य को बंद नहीं किया गया है और वहां नौवहन को रोका नहीं गया है, लेकिन इजराइल और अमेरिका की सैन्य कार्रवाइयों के कारण क्षेत्र में असुरक्षा बढ़ी है, जिससे जहाजरानी कंपनियां और तेल टैंकर उस मार्ग से गुजरने में हिचक रहे हैं।

## जल जीवन...

से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए संस्थागत पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा समर्थित किया जाएगा। आज के निर्णय के अनुसार जेजेएम के लिए अब एक समान राष्ट्रीय डिजिटल ढांचा ''सुजलम भारत'' स्थापित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक गांव को एक विशिष्ट सुजल गांव अथवा सेवा क्षेत्र आईडी आवंटित की जाएगी। यह आईडी स्रोत से नल तक संपूर्ण पेयजल आपूर्ति प्रणाली का डिजिटल मानचित्रण करेगी। इसमें पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए , ''जल अर्पण'' के माध्यम से योजनाओं के शुभारंभ और औपचारिक हस्तांतरण में ग्राम पंचायतों और पशु एवं जल आपूर्ति समितियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी विज्ञप्ति में कहा कहा गया है कि ग्राम पंचायत राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त संचालन एवं रखरखाव तंत्र स्थापित किए जाने की पुष्टि होने पर ही कार्यों के पूर्ण होने का प्रमाण पत्र जारी करेगी और स्वयं को ''हर घर जल'' घोषित करेगी। सामुदायिक स्वामित्व और भागीदारी को परिचालन दक्षता और जल स्रोत की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण मानते हुए, यह कार्यक्रम ''जल उत्सव'' को एक वार्षिक, समुदाय-नेतृत्व वाले रखरखाव एवं समीक्षा कार्यक्रम के रूप में बढ़ावा देगा। वर्ष 2019 में गावों में नल से पेय जल की सुविधा 3.23 करोड़ (17 प्रतिशत) परिवारों के पास थी। इस कार्यक्रम के तहत उसके बाद 12.56 करोड़ से अधिक अतिरिक्त ग्रामीण परिवारों को पानी के कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि वर्तमान में, देश में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा चिन्हित 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से, लगभग 15.80 करोड़ (81.61 प्रतिशत) परिवारों के पास नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध हैं। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, जेजेएम ने 9 करोड़ महिलाओं को पानी लाने के काम से मुक्त किया है, जिससे वे अन्य आर्थिक गतिविधियों में अधिक भागीदारी कर पा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अनुमान लगाया है कि जेजेएम से महिलाओं को पानी के प्रबंध में प्रतिदिन 5.5 करोड़ घंटे की बचत हो रही है, डायरिया से होने वाली 4 लाख मौतों को रोका जा सका है। इस मिशन के प्रभाव से दूषित पेयजल जनित बीमारियों में कमी से 1.4 करोड़ जीवन वर्ष (डीएएलवाई) की बचत हुई है। सरकारी विज्ञप्ति में नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफ़ेसर माइकल क्रेमर के हवाले से कहा गया है कि पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 30 प्रतिशत की संभावित कमी हुई है। इससे प्रतिवर्ष 1,36,000 बच्चों की जान बचाई जा सकी है। आईआईएम बैंगलोर और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के हवाले से कहा गया है कि जेजेएम के माध्यम से 59.9 लाख प्रत्यक्ष और 2.2 करोड़ अप्रत्यक्ष व्यक्ति-वर्ष के संभावित रोजगार सृजन का अनुमान है।

## विवादित अध्याय पर...

प्रणाली की चुनौतियों से जुड़ी बातें भी शामिल थीं, जिसके बाद इसकी भाषा और प्रस्तुति को लेकर चिंता जताई गई। इस मामले में पहले ही उच्चतम न्यायालय ने इस पाठ्यपुस्तक पर प्रतिबंध लगा दिया था। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत , न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने पुस्तक की सभी भौतिक तथा डिजिटल प्रतियों को जब्त करने का आदेश दिया था। साथ ही अदालत ने एनसीईआरटी के निदेशक और स्कूल शिक्षा सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर यह भी पूछा था कि विवादित अध्याय के साथ पुस्तक प्रकाशित करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।

## सरकार ने प्राकृतिक...

क्षेत्रों से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए स्थानांतरित गैस के लिए संयुक्त मूल्य अधिसूचित करेगा जिस मूल्य पर प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को आपूर्ति की जायेगी। भले ही किसी कंपनी ने पहले से किसी भी मूल्य पर खरीद का समझौता कर रखा हो, यह आदेश उस समझौते के प्रावधानों को निष्प्रभावी कर देगा। इससे प्राकृतिक गैस का उत्पादन करने वाली कंपनियां तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ऑयल इंडिया, वेदांता आदि प्रभावित होंगी। गेल और अन्य गैस विपणन कंपनियों, तरल प्राकृतिक गैस टर्मिनलों के प्रचालक, प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्रचालक और शहरी गैस वितरण से संबंधित अवसंरचानों पर भी आदेश का प्रभाव पड़ेगा।

# नीतीश कुमार ने किया 569 करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुपौल। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण के तहत सुपौल के निर्मली प्रखंड पहुंचे। इस दौरान उन्होंने करीब 434 करोड़ रुपये की लागत से 84 योजनाओं का शिलान्यास तथा करीब 135 करोड़ रुपये की लागत से 129 योजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने जिले में चल रही विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की।

निर्मली पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने निर्मली रिंग बांध का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए सरकारी योजनाओं के स्टॉलों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य बिहार के हर क्षेत्र में विकास की गति को तेज करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा काम किया गया है। बीपीएससी के माध्यम से अब तक 2 लाख 58 हजार शिक्षकों की बहाली की गई है, जिससे राज्य में शिक्षकों की कुल संख्या बढ़कर 5 लाख 24 हजार हो गई है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के सहयोग का भी जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार के विकास में पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार बिहार आकर विकास कार्यों में सहयोग कर रहे हैं और राज्य के विकास को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। युवाओं के रोजगार को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए सरकार विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन की दिशा में लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी वर्गों के लोगों के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लिए भी कई योजनाएं लागू की गई हैं। मदरसों को सरकारी मान्यता दी गई है और वहां के शिक्षकों को वेतन की व्यवस्था की गई है।

# देवरिया-नूनखार रेलखंड पर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य, कई ट्रेनें निरस्त व बदले मार्ग से चलेंगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीवान। सीवान पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल अंतर्गत गोरखपुर कैण्ट-भटनी रेलखंड पर देवरिया सदर और नूनखार स्टेशनों के बीच ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य के लिए ब्लॉक दिए जाने के कारण 11 और 12 मार्च को कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा कुछ ट्रेनों को निरस्त किया गया है, जबकि कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन तथा शार्ट टर्मिनेशन एवं शार्ट ओरिजिनेशन किया गया है। रेलवे के अनुसार 55056/55055 गोरखपुर-छपरा-गोरखपुर सवारी गाड़ी 11 एवं 12 मार्च को निरस्त रहेगी। इसके अलावा 15103 गोरखपुर-बनारस एक्सप्रेस 11 मार्च तथा 15104 बनारस-गोरखपुर एक्सप्रेस 12 मार्च को निरस्त रहेगी। वहीं कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। 11 और 12 मार्च को बरौनी से चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष तथा दरभंगा से चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष ट्रेन सीवान-भटनी-गोरखपुर के बजाय सीवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर मार्ग से चलेगी। इसी प्रकार 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस भी 11 मार्च को इसी परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी। नई दिल्ली से चलने वाली 02564 नई दिल्ली-बरौनी विशेष और 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष ट्रेनें भी गोरखपुर-भटनी-सीवान के स्थान पर गोरखपुर-कप्तानगंज-थावे-सीवान मार्ग से चलाई जाएंगी। इसके अलावा 15034 लखनऊ-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस और 15033 पाटलिपुत्र-लखनऊ एक्सप्रेस का भी मार्ग परिवर्तन किया गया है। परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनों का अस्थायी ठहराव कप्तानगंज, पड़रौना और थावे स्टेशनों पर दो-दो मिनट के लिए दिया जाएगा। इसके अलावा कुछ ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन भी किया गया है। 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-भटनी एक्सप्रेस गोरखपुर तक ही चलेगी, जबकि 20104 भटनी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर से चलाई जाएगी। वहीं 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस भटनी तक ही जाएगी और 19490 अहमदाबाद एक्सप्रेस भटनी से चलेगी। इसी तरह 15129 गोरखपुर कैण्ट-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस और 15130 वाराणसी सिटी-गोरखपुर कैण्ट एक्सप्रेस का संचालन भी भटनी तक सीमित रहेगा। साथ ही 55041 सीवान-गोरखपुर कैण्ट सवारी गाड़ी और 55042 गोरखपुर कैण्ट-सीवान सवारी गाड़ी भी भटनी तक ही संचालित की जाएंगी।

# संक्षिप्त समाचार

## लापता यूट्यूबर का शव झाड़ियों में मिला, हत्या का केस दर्ज

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके से लापता हुए 28 वर्षीय यूट्यूबर आकाश का शव सोमवार को आनंद विहार के जंगल में झाड़ियों से बरामद हुआ। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, आकाश सात मार्च से मंडावली स्थित अपने घर से लापता थे। परिजनों ने उसी दिन मंडावली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस ने मामले में गंभीरता से कार्रवाई नहीं की। परिजनों के मुताबिक, पुलिस ने आकाश के मोबाइल की अंतिम लोकेशन आनंद विहार क्षेत्र में बताई थी। इसके बाद परिवार के लोग खुद वहां पहुंचे और जंगल वाले इलाके में काफी देर तक तलाश करने के बाद झाड़ियों में आकाश का शव मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची आनंद विहार थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंडावली थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आकाश मंडावली ऊंचे पर इलाके में परिवार के साथ रहते थे और कपड़ों का शोरूम चलाते थे। सोशल मीडिया पर उनके चार लाख से ज्यादा फॉलोअर बताए जा रहे हैं। परिवार में माता-पिता, पत्नी और दो साल की बेटी है। मामले में परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जांच कर रहे एक पुलिसकर्मी ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) निकलवाने के नाम पर उनसे 10 हजार रुपये भी लिए। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## नशे के ओवरडोज से कबड्डी खिलाड़ी की मौत बेनकाब हुए आप सरकार के दावे : अंगद दत्ता

**जालंधर।** पंजाब प्रदेश कांग्रेस सचिव अंगद दत्ता ने कहा है कि 19 वर्षीय एक कबड्डी खिलाड़ी की नशे के संदिग्ध ओवरडोज से हुई दर्दनाक मौत ने एक बार फिर पंजाब सरकार के ''नशे के खिलाफ युद्ध'' के दावों की पोल खोल दी है। इस घटना ने भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पंजाब से नशा खत्म करने के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री दत्ता ने कहा कि एक युवा खिलाड़ी की मौत न केवल एक परिवार के लिए त्रासदी है, बल्कि यह एक घटना याद दिलाती है कि कैसे नशे का दानव पंजाब के युवाओं के भविष्य को नष्ट कर रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नाटक 'फॉरएवर महारानी जिंदां' का सफल मंचन

**अमृतसर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'अनामिका आर्ट्स एसोसिएशन अमृतसर' द्वारा मंगलवार को 'स्वरूप रानी सरकारी महिला कॉलेज अमृतसर' के सहयोग से महिला के संघर्ष की कहानी बयां करने वाले नाटक ''फॉरएवर महारानी जिंदां'' का मंचन किया गया। डॉ. आत्मा सिंह गिल द्वारा लिखित और इमैनुएल सिंह द्वारा निर्देशित इस नाटक के माध्यम से आज की नई पीढ़ी को पंजाब के उस सुनहरे दौर से परिचित कराने का सफल प्रयास किया गया, जिसे खालसा राज या शेरे-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह के नाम से जाना जाता है।

## सड़क हादसे में एक महिला और उसके बेटे सहित तीन लोगों की मौत

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले में जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर चोलांग टोल प्लाजा के पास हुए एक सड़क हादसे में एक महिला और उसके बेटे सहित तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मृतकों की पहचान दसूहा स्थित केएमएस कॉलेज की मुख्य प्रशासक शबनम सैनी (48), उनके बेटे तुशांत (18) (दोनों निवासी दसूहा) और राहुल (25) (निवासी गुरदासपुर) के रूप में हुई है।

## चार साल में प्रदेश में 819 पंचायत भवनों का हुआ निर्माण या पुनर्निर्माण: सतपाल

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूसरे कार्यकाल के बीते चार साल में प्रदेश में 819 पंचायत भवनों का निर्माण पुननिर्माण किया गया है। मंगलवार को विभागीय मंत्री सतपाल महाराज ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि प्रदेश में पंचायत भवनों की संख्या 5867 है। इसमें से 1134 पंचायत भवन लंबे समय से जीर्णशीर्ण चल रहे थे। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचायतीराज विभाग को अभियान चलाकर जीर्ण- शीर्ण भवनों का पुनर्निमाण करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद गत चार वर्ष में विभाग ने 819 पंचायत भवनों का निर्माण-पुनर्निर्माण कर लिया है। शेष भवनों पर भी कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में लोकनिर्माण विभाग नवंबर के प्रथम सप्ताह तक सात हजार से अधिक किमी सडकों को गड्डा मुक्त कर चुका है। सदन में विभाग की ओर से प्रस्तुत जानकारी के अनुसार प्रदेश की सड़कों को गड्डा मुक्त करने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सख्त निर्देशों के क्रम में विभाग ने वर्ष 2025-26 में मानसून काल से पूर्व 3134 किमी लंबी सड़कों को गड्डा मुक्त किया। जबकि मानसून के बाद 10 नवंबर 2025 तक 4149.17 किमी लंबी सड़कों को गड्डा मुक्त किया। इस दौरान अकेले हरिद्वार जनपद में 313 किमी से अधिक लंबी सड़कों को गड्डामुक्त किया गया। प्रदेश में विभिन्न तीर्थ स्थलों को रोपवे से जोड़ने की प्रक्रिया गतिमान है। पर्यटन मंत्री ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि विभाग ने कद्दूखाल से सुरकंडा देवी मंदिर के लिए पीपीपी मोड़ में रोपवे का संचालन शुरु कर दिया है। इसके अलावा जनपद चम्पावत में ढुलीगाड़ से पूर्णागिरी रोपवे भी पीपीपी मोड में निर्माणाधीन है। साथ ही जनपद उत्तरकाशी में जानकी चट्टी से यमुनोत्री मंदिर तक के लिए भी रोपवे पीपीपी मोड में विकसित किया जा रहा है।

## श्री महंत गीतानंद गिरि बने षडदर्शन साधु समाज के राष्ट्रीय महामंत्री

**हरिद्वार।** हरिपुर कला स्थित श्री ओम आश्रम में आज षडदर्शन साधु समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से श्री महंत गीतानंद गिरि महाराज को षडदर्शन साधु समाज का राष्ट्रीय महामंत्री घोषित किया गया। इसके साथ ही ब्रह्मऋषि महंत रविंद्र दास महाराज को राष्ट्रीय वरिष्ठ संगठन महामंत्री तथा संतोष आनंद पुरी को हरिद्वार षडदर्शन साधु समाज का कोतवाल नियुक्त किया गया। इस अवसर पर षडदर्शन साधु समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महंत गोपाल गिरि महाराज ने सभी नवमनोनीत संतों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत समाज की जिम्मेदारी है कि वह सनातन धर्म और संत परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करे।

# दिवाकर भट्ट का संघर्षशील व्यक्तित्व उत्तराखंड की जनराजनीति की पहचान: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भराड़ीसैंण। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा में देवप्रयाग के पूर्व विधायक दिवाकर भट्ट को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका संघर्षशील व्यक्तित्व और निर्भीक नेतृत्व उत्तराखंड की जनराजनीति की सशक्त पहचान रहा है। उन्होंने कहा कि साधारण परिवार में जन्म लेने के बावजूद भट्ट ने अपने विचारों, संघर्ष और नेतृत्व के बल पर प्रदेश की राजनीति में विशिष्ट स्थान बनाया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड की राजनीति में दिवाकर भट्ट को ल्फ़ील्ड मार्शलङ्क के नाम से जाना जाता था, जो उनके दृढ़ और जुझारू नेतृत्व का परिचायक था। उनका जीवन इस बात की प्रेरणा देता है कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का मार्ग भी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि टिहरी जनपद के बडियारगढ़ क्षेत्र के सुपार गांव में वर्ष 1946 में जन्मे भट्ट ने कम आयु में ही जन आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू कर दी थी। मात्र 19 वर्ष की आयु से वे जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलनों में अग्रिम पंक्ति में रहे। उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान उन्होंने आंदोलन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि वर्ष 1995 का श्रीयंत्र टापू आंदोलन और खैट पर्वत पर किया गया उनका अनशन राज्य आंदोलन के इतिहास में उल्लेखनीय है। ट्रेड यूनियन आंदोलन से अपनी पहचान बनाने वाले भट्ट ने बीएचईएल की नौकरी छोड़कर उत्तराखंड आंदोलन को मजबूत किया और पहाड़ की आवाज को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि घेरा डालो-डेरा डालो जैसे प्रभावी नारों के माध्यम से उन्होंने जनआंदोलन को नई धार दी, जिसने युवाओं और आमजन को आंदोलन से जोड़ने का कार्य किया। भट्ट का राजनीतिक सफर जमीनी स्तर से शुरू हुआ। वर्ष 1983 में वे कीर्तिनगर ब्लॉक प्रमुख चुने गए और लगभग एक दशक तक जनसेवा में सक्रिय रहे। इसके बाद वे जिला पंचायत सदस्य बने। राज्य गठन के बाद वर्ष 2007 में देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित होकर उन्होंने क्षेत्रीय एवं राज्य स्तरीय मुद्दों को सदन में प्रभावी ढंग से उठाया। बाद में उन्होंने राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में राजस्व, भू-प्रबंधन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा सैनिक कल्याण जैसे विभागों का दायित्व संभाला। वे उत्तराखंड क्रांति दल के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे और लंबे समय तक संगठन तथा राज्यहित के मुद्दों को आगे बढ़ाते रहे। मुख्यमंत्री ने 25 नवंबर 2025 को उनके निधन को प्रदेश के सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक-संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा में पुरोला के पूर्व विधायक राजेश जुवांठा व टिहरी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक बलवीर सिंह नेगी को भी श्रद्धांजलि अर्पितते हुए उनके निधन को उत्तराखंड के राजनीतिक और सामाजिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में जनसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजेश जुवांठा एक युवा और ऊर्जावान जनप्रतिनिधि थे, जिन्होंने वर्ष 2007 में पुरोला से विधायक निर्वाचित होकर क्षेत्रीय समस्याओं को सदन में प्रभावी ढंग से उठाया। वहीं बलवीर सिंह नेगी लंबे समय तक सक्रिय राजनीति में रहे और टिहरी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे विभिन्न दलों से विधायक रहे तथा गढ़वाल मंडल विकास निगम के अध्यक्ष के रूप में भी दायित्व निभाया। मुख्यमंत्री ने दोनों दिवंगत नेताओं के जनसेवा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में उनकी सादगी, प्रतिबद्धता और जनसमर्पण सदैव प्रेरणादायी रहेंगे। उन्होंने सदन की ओर से दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक-संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 10 दोपहिया वाहन बरामद

हरिद्वार। कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किये 10 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, 5 मार्च को शुभम कुमार पुत्र जहारू सिंह निवासी इमलीखेड़ा थाना पिरान कलियर की मोटरसाइकिल 4 मार्च को महाराजा फर्नीचर, ऊंचा पुल ज्वालापुर के पास से चोरी हो गयी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुन्दन सिंह राणा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अंशुल अग्रवाल की अगुवाई में पुलिस टीम गठित की गई। ज्वालापुर कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए एसससपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि 9 मार्च को चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने नहर पटरी रेगुलेटर पुल के पास से दो संदिग्ध युवकों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़ लिया।

# मामूली कहासुनी के दौरान दो युवकों को मारा चाकू, दो नाबालिग पकड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में बुलिंग का बदला लेने के लिए दो नाबालिगों ने 18 वर्षीय युवक और उसके दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने मामले में शामिल दो नाबालिग को पकड़ लिया है और उनके पास से वारदात में इस्तेमाल किए गए दो चाकू भी बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त अंकांक्षा यादव ने मंगलवार को बताया कि 5 मार्च की शाम करीब पांच बजे शिकायतकर्ता आकाश तोमर अपने दोस्तों के साथ जीटीबी नगर मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-4 के पास बस स्टॉप पर एक रेहड़ी पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान गलती से उसका हाथ वहां खड़े एक लड़के से टकरा गया, जिस पर कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान आकाश के दोस्त अर्शिल ने उस लड़के को थप्पड़ मार दिया और उसका बैग पकड़ लिया। इसके बाद उस लड़के और उसके साथियों ने आकाश और अर्शिल पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में आकाश को 2-3 चोटें और अर्शिल को 4-5 चोटें आईं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक इस संबंध में मुखर्जी नगर थाने में एफआईआर संख्या 82/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएचओ इंस्पेक्टर राजीव शाह के नेतृत्व में टीम बनाई गई। जांच के दौरान पुलिस ने स्थानीय सूत्रों और तकनीकी इनपुट के आधार पर एक किशोर को पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर भलस्वा इलाके में उसके मामा के घर के पास खाली मैदान में दबाकर रखा गया चाकू बरामद किया गया। इसके बाद दूसरे किशोर को भी दबोच लिया गया, जो लगातार ठिकाने बदलकर छिप रहा था। उसके घर से भी वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों किशोरों ने खुलासा किया कि वे अर्शिल और उसके दोस्तों द्वारा कथित तौर पर लंबे समय से की जा रही बुलिंग और परेशान करने की हरकतों से नाराज थे। इसी रंजिश के चलते उन्होंने अर्शिल को सबक सिखाने की साजिश रची और ऑनलाइन शॉपिंग ऐप से चाकू मंगवाकर हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को पकड़कर उनके कब्जे से दो चाकू बरामद कर लिए हैं। मामले की आगे की जांच जारी है।

# मुठभेड़ के बाद दो आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले के बवाना इलाके में हुए कारोबारी वैभव गांधी हत्याकांड में फरार चल रहे दो आरोपितों को पुलिस के एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। शाहबाद डेयरी इलाके में पुलिस टीम को देखते ही आरोपितों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। मुठभेड़ में दोनों आरोपित घायल हो गए और उन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाहरी उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि 9 फरवरी को सुबह करीब 11:45 बजे बवाना के डीएसआईआईडीसी सेक्टर-4 में फैक्ट्री नंबर ख-133 और ख-21 के सामने फायरिंग की घटना हुई थी। इसमें कारोबारी वैभव गांधी को गोली मार दी गई थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में बवाना थाने में हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक 9 एवं 10 मार्च की दरम्यानी रात पुलिस को सूचना मिली कि हत्या के मामले में वांछित दो आरोपी इलाके से गुजरने वाले हैं। इसके बाद एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड की टीम ने शाहबाद डेयरी इलाके में जाल बिछाया। जैसे ही पुलिस ने संदिग्धों को रोकने की कोशिश की, उन्होंने पुलिस टीम पर करीब छह राउंड फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी पांच राउंड फायर किए, जिसमें दोनों आरोपित घायल हो गए और मौके पर ही दबोच लिए गए।

# उत्तराखंड विधानसभा में गूंजे नंदा देवी राजजात यात्रा विकास कार्य और वन भूमि हस्तांतरण के मुद्दे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भराड़ीसैंण। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल से आरंभ हुई। सदन में सदस्यों ने वन भूमि सीमांकन, विकास कार्यों में आ रही बाधाओं और नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों, वन भूमि हस्तांतरण, सड़कों के निर्माण, पेयजल व्यवस्था और पर्यटन सुविधाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए। प्रश्नकाल के दौरान डोईवाला से भाजपा विधायक बृजभूषण गैरोला ने प्रसिद्ध नंदा देवी राजजात यात्रा का विषय उठाया। उन्होंने यात्रा की व्यवस्थाओं, तैयारियों और इससे जुड़े विकास कार्यों के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए यात्रा के सुचारु संचालन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। विधायकों ने यात्रा को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए बजट प्रावधान, आधारभूत संरचना विकास और प्रचार-प्रसार की स्थिति पर विस्तृत जानकारी मांगी। इस पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने सदन को आश्वस्त किया कि नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियां प्राथमिकता के आधार पर की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और कई निर्माण कार्य स्वीकृत कर धनराशि आवंटित की जा चुकी है। यात्रा मार्गों के सुधारीकरण, पेयजल व्यवस्था, शौचालय निर्माण, पार्किंग, हेलिपैड, ट्रेक मार्ग विकास वप्रकाश व्यवस्था के कार्य प्रगति पर हैं। सरकार की ओर से जानकारी दी गई कि यात्रा की तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों द्वारा कुल 48 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिन पर लगभग 109.65 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। मार्गों के सुधारीकरण, हेलिपैड निर्माण, पेयजल योजनाओं, पार्किंग व्यवस्था, सोलर लाइट्स, सफाई व्यवस्था और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए कार्य प्रगति पर हैं। सिंचाई विभाग की ओर से पिंडर नदी पर योजनाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं, जबकि ग्रामीण निर्माण विभाग की ओर से मल्टी-लेवल पार्किंग सहित अन्य कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। जिला प्रशासन चमोली के स्तर पर यात्रा के सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित संचालन हेतु मुख्य विकास अधिकारी को यात्रा अधिकारी नामित किया गया है। विभिन्न पड़ावों पर अधिकारियों की तैनाती भी की जाएगी। सदस्यों ने यात्रा के प्रचार-प्रसार और ब्रांडिंग पर भी प्रश्न उठाए। उन्होंने पूछा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा के प्रचार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और स्वीकृत धनराशि में से अब तक कितना व्यय किया गया है। इस पर सरकार ने कहा कि संबंधित विभागों से व्यय का विवरण संकलित कर सदन को उपलब्ध कराया जाएगा।

## मदनगीर में युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग, हालत गंभीर

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के अंबेडकर नगर थाना क्षेत्र के मदनगीर में मंगलवार रात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजन तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, घायल युवक की पहचान निखिल उर्फ निक्की (30) के रूप में हुई है। घटना मंगलवार रात करीब 8:45 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार बदमाश आए और निखिल पर कई राउंड फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। गोली लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और स्थानीय लोग घायल निखिल को तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही अंबेडकर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063